www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -9 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



बाबा साहेब का जीवन अद्वितीय संघर्ष का पर्याय : ओम बिरला

02
- डकैती की बड़ी वारदातों में शामिल वांटेड अपराधी पकड़ा
- संविधान पर सवाल उठाने वालों को मोदी से लेनी ...

03
- कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या
- अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत

07
नवरात्रि के सातवें दिन आज होगी माता कालरात्रि की आराधना

भाजपा का संकल्प पत्र जारी

# यूसीसी, एक राष्ट्र, एक चुनाव का वादा

## 5 साल गरीबों को मुफ्त राशन, 10 करोड़ किसानों को सहायता जारी रखने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा ने रविवार को लोकसभा चुनावों के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया। संकल्प पत्र में इस बार भी भाजपा ने समान नागरिक संहिता का वादा किया गया है। इसके साथ ही एक राष्ट्र, एक चुनाव को भी शामिल किया है। पार्टी ने संकल्प पत्र जारी करने के लिए ऐसा समय चुना था, जिससे वह एक साथ कई वर्गों को अपना संदेश दे सके। 76 पेज के संकल्प पत्र में भाजपा ने पांच साल तक प्रधानमंत्री राशन योजना के जारी रहने, 70 साल तक के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना का लाभ देने, उज्जवला योजना को आगे बढ़ाने, लखपति दीदी-ड्रोन दीदी योजना को आगे बढ़ाने और 10 करोड़ किसानों को आर्थिक सहायता जारी रखने की बात कही गई है। यानी संकल्प पत्र में लोकलुभावन मुद्दों को भी शामिल करने की कोशिश की गई है। गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र जारी होने के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तीसरी बार सत्ता में आते ही संकल्प पत्र के मुद्दों को पूरा करने के लिए काम शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि, विपक्ष ने इसे भाजपा सरकार की केंद्र से विदाई का घोषणा पत्र कहा है, जो जनता को कुछ नया देने का वादा करने में विफल रहा है।

- गरीबों के लिए 3 करोड़ घर बनाने का वादा
- तमिल भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ाएंगे
- इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र का विस्तार करेंगे



“ये संकल्प पत्र विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता व निवेश से नौकरी पर है : **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

“देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना लेकर इस संकल्प पत्र को तैयार किया गया है। पिछले दस सालों में देश लगातार आत्मनिर्भर हो रहा है: **जेपी नड्डा, अध्यक्ष, भाजपा**

### संकल्प पत्र के बड़े वादे

- 70 साल के ऊपर के सभी बुजुर्गों के लिए आयुष्मान योजना
- मुद्रा योजना का लाभ बढ़ाकर 20 लाख किए जाने का वादा
- ट्रांसजेंडर लोगों को भी मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ
- तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वादा
- सर्वाइकल कैंसर से मुक्ति के लिए अभियान चलेगा
- कृषि-किसानों को मजबूत करने का भी वादा
- श्री अन्न सुपर फूड को आगे बढ़ाने का संकल्प
- रेल, सड़क, हवाई क्षेत्र और पर्यटन का विकास किया जाएगा।

### हर संकल्प पर मोदी की गारंटी : राजनाथ

भाजपा की संकल्प पत्र समिति 2024 के अध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के पूर्व जो वादे किए थे, उन्हें पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के मुद्दों के लिए पार्टी के चलाए गए रथों, संस्थाओं और व्यक्तियों के द्वारा सुझाव आए। कुल मिले 15 लाख सुझावों को 24 ग्रुप में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि हर मुद्दा मोदी की गारंटी से युक्त है।

विपक्षी दलों ने भाजपा को संकल्प पत्र पर घेरा

# यह मैनिफेस्टो नहीं माफीनामा है : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अपना संकल्प पत्र पेश किया। इस पर विपक्षी दलों ने पुराने वादें पूरे ने करने भाजपा को घेरा है। कांग्रेस ने जहां इसे माफीनामा बताया है, वहीं आम आदमी पार्टी ने इसे जुमला पत्र कहा है।

भाजपा के मैनिफेस्टो को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने माफीनामा बताया है। उन्होंने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- यमराज ने एक मशीन बनाई थी, जिसमें झूठ बोलने पर घंटी बजने लगती थी। आज सुबह से वह घंटी लगातार बज रही है। हैरानी में यमराज ने चित्रगुप्त से पूछा- ये घंटी क्यों बज रही है? चित्रगुप्त ने कहा- महाराज, आज मोदी जी का संकल्प पत्र जारी हुआ है। उन्होंने कहा- भाजपा ने 2014 में वादा किया था कि ये लोग काला धन वापस लाएंगे, लेकिन ये लोग इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम ले आए, जिसमें भ्रष्टाचार हुआ। भाजपा ने कहा था कि नार्थ ईस्ट में कानून व्यवस्था मजबूत करेंगे, लेकिन आज मणिपुर में हिंसा जारी है। इस पर प्रधानमंत्री मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। प्रधानमंत्री का एक और जुमला 100 नए स्मार्ट शहर बनाने का था, लेकिन चीन सीमा पर स्मार्ट गांव बना रहा है।



भाजपा ने 2014 में वादा किया था कि काला धन वापस लाएंगे, लेकिन ये लोग इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम ले आए : **पवन खेड़ा, कांग्रेस प्रवक्ता**

“जुमला पत्र के जरिए भाजपा द्वारा पिछले 10 सालों में पूरे न किए गए वादों का कच्चा चिट्ठा पूरे देश के सामने आ गया है : **आतिशी, आप नेता**

“मैं पूछना चाहता हूं कि मोदी की गारंटी क्या है? मोदी की गारंटी सिर्फ देश और लोगों का अपमान है : **डी राजा, महासचिव, भाकपा**

### भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई, बेरोजगारी गायब : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोज़गारी गायब हैं। श्री गांधी ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है।उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। श्री गांधी ने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार श्री मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में 'रोजगार क्रांति' लाएगा।

## सार संक्षेप

### सेना ने टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का किया सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने स्वदेश निर्मित 'मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम' या टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण राजस्थान में किया गया। देश में ही मेक इन इंडिया अभियान के तहत बने इस मिसाइल सिस्टम को कहीं भी ले जाया जा सकता है।

### 40 घंटे बाद बच्चे को बोरवेल से निकाला, मौत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में शुक्रवार को एक बोरवेल में गिरे छह साल के बच्चे मयंक कोल की मौत हो गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीमों ने 40 घंटे से ज्यादा समय तक चले अभियान के बाद रविवार सुबह उसे निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। बच्चा प्रयाग और वाराणसी (उत्तर प्रदेश) की सीमा पर रीवा जिले की त्योंथर तहसील के एक गांव में गहरे बोरवेल में गिर गया था। निकाले जाने के बाद जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने

### इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से 19 अगस्त तक



**जम्मू।** वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल 29 जून को शुरू होगी और 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के दिन समाप्त होगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि पवित्र गुफा मंदिर के लिए इस साल की अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त होगी।

लोकसभा चुनावः कांग्रेस की दसवीं सूची जारी

# कन्हैया व चरणजीत सिंह चन्नी को मिला टिकट

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनदर कांग्रेस ने कैंडिडेट की एक और लिस्ट रविवार (14 अप्रैल) को जारी कर दी। कांग्रेस की ओर से इस लिस्ट में तीन राज्यों के 10 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है। कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से टिकट दिया है। कन्हैया कुमार भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रत्याशी मनोज तिवारी को चुनौती देंगे।

**चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल उम्मीदवार**

वहीं दिल्ली की चांदनी चौक सीट से जेपी अग्रवाल और उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज को टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने पंजाब के पटियाला से धर्मवीर गांधी, संगरूर से सुखपाल सिंह खैरा, अमृतसर से गुरजीत औजला, जालंधर से पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और इलाहाबाद से उज्जवल रेवती रमन सिंह को टिकट दिया है। कांग्रेस उम्मीदवार जेपी अग्रवाल चांदनी चौक लोकसभा सीट से बीजेपी के प्रवीण खंडेलवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। उदित राज बीजेपी नेता योगेंद्र चंदोलिया के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।



- कांग्रेस ने 10 और उम्मीदवारों का किया ऐलान
- कन्हैया कुमार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से उतारा
- जेपी अग्रवाल चांदनी चौक व चन्नी जालंधर से लड़ेंगे

खड़गे से मिले आप नेता संजय सिंह

### 'इंडिया' के लिए आम घोषणा पत्र पर चर्चा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ 20 मिनट से अधिक बैठक की। चर्चा मुख्य रूप से 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने पर केंद्रित थी, जिसे सत्ता में आने पर दोनों पार्टियां लागू करने पर सहमत हैं। दिल्ली में खड़गे के आवास पर बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने बताया, हमने इस बात पर विचार-विमर्श किया कि कैसे 'इंडिया' ब्लॉक के भीतर सभी दल एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने के लिए सहयोग कर सकते हैं।

# ईरान ने इजरायल पर 146 मिसाइलें दागी

## तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया था



**यरूशलम,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान ने इजरायल पर 185 ड्रोन, 36 क्रूज मिसाइलें और 110 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी हैं। जिनमें इराक और यमन भी शामिल हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दो इजरायली अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने शनिवार की रात एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी दूतावास से सटे कांसुलर एनेक्सी भवन पर इजरायल के हवाई हमले के जवाब में इजरायल पर एक बड़ा ड्रोन और मिसाइल हमला किया। इज़रायली हमले एक इमारत को नष्ट हो गई और दो जनरलों सहित आईआरजीसी के सात सदस्य मारे गए थे। इसके बाद तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया था। इजरायली मीडिया ने रविवार को बताया कि इजरायल ने ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत ड्रोन और मिसाइलों को रोक लिया है और निर्णायक प्रतिक्रिया की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बाद में कहा कि वाशिंगटन ने आने वाले लगभग सभी ड्रोन और मिसाइलों को गिराने में इजरायल की मदद की।

### तनाव का भारत-इजराइल उड़ानों पर असर

**नई दिल्ली।** ईरान और इजराइल के बीच चल रहे तनाव के बीच भारतीय विमानन कंपनी एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लिया है। एयरलाइंस ने भारत और इस्राइल के बीच आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया है। सीरिया के ईरानी दूतावास में हुए हमले के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए हैं, जिसके बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हो गया है।

नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन बोले

# सरकार का अमीरों पर ज्यादा ध्यान

## निरक्षरता, खराब स्वास्थ्य व लैंगिक असमानता से विकास धीमा

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने कहा है कि भारत का शासक वर्ग अमीरों के हितों का ख्याल रखता है। इसके साथ ही निरक्षरता, खराब स्वास्थ्य व्यवस्था और असाधारण लैंगिक असमानता के कारण देश का विकास धीमा है और गरीबों का प्रगति करना मुश्किल हो गया है। एक साक्षात्कार में श्री सेन ने कहा कि जातिगत जनगणना पर विचार किया जा सकता है, लेकिन भारत को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और लैंगिक समानता के जरिए वंचितों के अधिक सशक्तीकरण की आवश्यकता है।

**विपक्षी एकता की कमी**

उन्होंने आगे कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने पर बहुत गर्व है, लेकिन देश के लोकतांत्रिक स्वभाव को बढ़ाने के लिए और अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

देश में विपक्षी एकता नहीं है। इस कारण यह अपनी अधिकतर ताकत खो चुका है। कांग्रेस के संगठन में कई सारी समस्याएं हैं, जिन्हें सुधारने की जरूरत है। सेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन लोकप्रियता हासिल करने में विफल रहा क्योंकि विपक्षी गुट में शामिल कई महत्वपूर्ण सहयोगियों ने साथ छोड़ दिया।



देश के लोकतांत्रिक स्वभाव को और बढ़ाने की जरूरत

**एक धर्म पर फोकस गलत**

बीजेपी के अयोध्या राम मंदिर, सीएए के जरिए चुनाव में ज्यादा सीट हासिल करने के सवाल पर सेन ने कहा कि ऐसा विचार करना विश्वासघात है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष संविधान वाला एक धर्मनिरपेक्ष देश है। केवल हिंदू पर फोकस करना बहुसंख्यक हिंदुओं के लिए आसान हो सकता है, लेकिन यह भारत की धर्मनिरपेक्ष जड़ों और बहु सांस्कृतिक प्रकृति को धोखा देना होगा।

सपा ने फिर बदले उम्मीदवार

# अब बदायूं से शिवपाल के बेटे को उतारा

**लखनऊ,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। सपा ने बदायूं और सुल्तानपुर में अपने प्रत्याशी बदल दिए हैं। बदायूं में तीसरी बार टिकट बदलते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव को मैदान में उतारा है। वहीं, सुल्तानपुर से भीम निषाद का पत्ता काटकर वहां रामभुआल निषाद को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने पहले बदायूं से पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को उतारा था। इसके बाद शिवपाल यादव को टिकट दिया। शिवपाल यादव शुरू से ही वहां से लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं थे, इसलिए अब उनके बेटे आदित्य यादव के नाम की घोषणा आधिकारिक तौर पर कर दी गई है। रामभुआल निषाद ने वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव रुद्रपुर विधानसभा सीट से लड़ा था, लेकिन हार गए थे। अब उन्हें सुल्तानपुर में भाजपा सांसद मेनका गांधी के खिलाफ उतारा गया है। इसके पहले समाजवादी पार्टी ने रविवार को 7 प्रत्याशियों की अपनी 10वीं सूची जारी की।



- सुल्तानपुर से राम भुआल निषाद को टिकट

# सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग

### बिश्नोई गैंग ने ली फायरिंग की जिम्मेदारी

**मुंबई,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के माफिया संगठन ने रविवार को सुबह होने से ठीक पहले बॉलीवुड मेगास्टार सलमान खान के घर पर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। अमेरिका में रहने वाले लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने भी इस घटना को सलमान खान के लिए 'पहली और आखिरी चेतावनी' बताया है। उसने चेतावनी दी है कि अगली बार 'गोलियां दीवारों या किसी खाली घर पर नहीं चलाई जाएंगी।' फेसबुक पर एक पोस्ट में अनमोल बिश्नोई ने कथित तौर पर गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा और काला जठारी जैसे 'बिश्नोई समूह' के अन्य साथियों की ओर से एक संदेश पोस्ट किया है। पोस्ट में उसने कहा, हम अमन चाहते हैं। जुल्म के खिलाफ फैसला अगर जंग से हो तो जंग ही सही। सलमान खान, हमने यह तुम्हें ट्रेलर दिखाने के लिए किया है। ताकि तुम समझ जाओ।

चुनाव | *चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ी*

# चुनाव में हेलीकॉप्टर की मांग 40 फीसदी तक बढ़ी

**नई दिल्ली, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के लिए राजनेताओं और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के देश भर में यात्रा के साथ चार्टर्ड विमानों और हेलीकॉप्टरों की मांग 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे ऑपरेटरों को 15-20 प्रतिशत अधिक कमाई होने की संभावना है। चार्टर्ड सेवाओं की प्रति घंटे की दर भी बढ़ गई है।**

एक एयरक्राफ्ट के लिए 4.5 -5.25 लाख रुपए और एक दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर के लिए 1.5- 1.7 लाख रुपए का खर्च बैठता है। पिछली चुनावी वर्षों से तुलना की जाए तो इसकी मांग बढ़ी है। फिक्स्ड विंग विमान और हेलीकॉप्टर कम संख्या में उपलब्ध है।

कुछ ऑपरेटर ऐसे भी हैं, जो वेट लीज पर विमान और हेलीकॉप्टर लेना चाहते हैं। रोटरी विंग सोसाइटी ऑफ इंडिया (आरडब्ल्यूएसआई) के अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) कैप्टन उदय गेली के अनुसार सामान्य दिनों की तुलना में चुनाव के दौरान हेलीकॉप्टरों की मांग 25 फीसदी तक बढ़ जाती है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम है। उन्होंने आगे कहा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों में हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ज्यादा देखा जा रहा है।



- 1.5 से 1.7 लाख रुपए प्रतिघंटा है खर्च
- पिछली चुनावों की तुलना में मांग ज्यादा

**पिछले चुनावों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक मांग**

मुख्य रूप से राजनीतिक पार्टियां अपने उम्मीदवारों और नेताओं के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करती है, जिससे कि वे कम समय में अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच सकें। बिजनेस एयरक्राफ्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) के प्रबंध निदेशक कैप्टन आर के बाली ने बताया कि चर्टर्ड विमानों की मांग पिछले आम चुनावों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत अधिक है। बाली ने आगे कहा, 'आपूर्ति और मांग के बीच हमेशा से ही अंतर रहा है। कुछ ऑपरेटर हेलीकॉप्टरों और विमानों को लीज पर देने पर विचार कर रही हैं।'

# देश

उवाच

"मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना शुरू करके युवाओं का भविष्य खराब करने और सशस्त्र बलों में शामिल होने के उनके सपनों को तोड़ने का काम किया है। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ हर क्षेत्र में अन्याय किया है और यह मतदान के माध्यम से बदलाव लाने का समय है।

-राज बब्बर, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.0 | 24.0 |
| मुंबई | 26.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 35.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 28.0 |

# देश के संविधान को बदलना चाहती है भाजपा

## राजद नेता तेजस्वी यादव ने भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर केंद्र सरकार पर बोला हमला

**गया,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। गया के औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के जमुना मैदान और गया लोकसभा क्षेत्र के वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र में राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनावी सभा में केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के लोग लोकतंत्र की हत्या कर संविधान को बदल देना चाहते हैं। आपके अधिकार को छिनना चाहते हैं। आज भाजपा ने घोषणा पत्र जारी किया है लेकिन बिहार के लिए कुछ नहीं था।

भाजपा के घोषणा पत्र में बिहार के नौजवानों के लिए नौकरी का जिक्र भी नहीं था। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार से पलायन कैसे रुकेगा, इसका भी जिक्र नहीं था। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि आज भाजपा का घोषणापत्र भी जारी हुआ है लेकिन भाजपा के घोषणापत्र में नौकरी के बारे में नहीं है, रोजगार के बारे में नहीं है, गरीबी कैसे कम करेंगे उसके बारे में नहीं है। हमें लगा था कि पीएम मोदी बिहार को कुछ देंगे लेकिन कुछ भी नहीं दिया। इस देश में 80 फीसदी किसान हैं। उन किसान भाइयों को लिए भी पीएम मोदी ने कुछ नहीं किया। तेजस्वी यादव भाषण देते हुए ने एनडीए पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि 18 साल से एमपी एनडीए का है। उन्होंने क्या काम किया है आपके लिए। यह आपको विचार करना है। इन क्षेत्रों में लगातार आप देखेंगे विधायक भी एनडीए का, सांसद भी एनडीए का, प्रधानमंत्री भी एनडीए का, मुख्यमंत्री भी 18 साल से एनडीए का ही है। आपके इमामगंज की गरीबी और बेरोजगारी के लिए क्या-क्या किया। महंगाई क्यों नहीं कम किया।



### यूसीसी से हिंदू जनता को क्या लाभ : सपा

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मोहम्मद आजम ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने पिछले 10 साल के कामकाज में अपना वादा नहीं निभाया है। रोजगार देने और गरीबी दूर करने का वादा पूरा नहीं हो पाया है। इसीलिए भाजपा ने समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को उछालने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों के पीछे केंद्र सरकार अपनी कमी छिपाने की कोशिश कर रही है। इसके बहाने वह एक वर्ग को खुश करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता के लिए रोटी-रोजगार प्राथमिकता है, हिंदू जनता को भी समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को लाने से उसका कोई लाभ नहीं होगा।

**यह लोकतंत्र व संविधान को बचाने का है चुनाव : यादव**

तेजस्वी यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अभी देख रहे हैं कि खेत में फसल लगा हुआ है। कटनी शुरू है, लेकिन किसानों को सही फसल का दम नहीं मिलता है। आज आप लोग जानते हैं बाबा साहब अंबेडकर की जयंती है। यह देश बनाने, गांव संवारने और लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। एनडीए के गढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने चिलचिलाती धूप में नौजवानों को खड़ा देख सभी लोगों के जज्बे को सलाम किया। तेजस्वी यादव ने कहा कि अभय कुशवाहा को लालू ने लालटेन थमाया है, इसलिए आप लोग इनको जीत हासिल करवाईये। तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं इसी मैदान में पिछली बार 2020 में आया था। तब हमने कहा था कि एक मौका दीजिए। तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाइएगा तो 10 लाख लोगों को नौकरी देंगे। चाचा जी के लिए हमारी शुभकामनाएं है, वह जहां रहे स्वस्थ रहें, अच्छे से रहे। हमे 17 महीने के लिए उपमुख्यमंत्री बनाया। 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी नहीं दे पाए। लेकिन 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया। चाचा जी पलट गए नहीं तो अभी तक 10 लाख सरकारी नौकरी लोगों को दे देते।

### भाजपा की कथनी व करनी में बहुत अंतर है : हरीश रावत



भाजपा के घोषणापत्र पर उत्तराखंड के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि यह एक खोखला घोषणा पत्र है, हमारा कार्य नीति से संबंधित घोषणा पत्र है। भाजपा ने कभी भी घोषणा पत्र को गंभीरता से नहीं लिया। जनता उनके वादों से वाकिफ है। भाजपा की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। जनता इस बार भाजपा की गारंटी जब्त करने जा रही है, भाजपा हारने वाली है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रितु चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पिछले 10 साल में देश में युवाओं को रोजगार और गरीबों को न्याय देने में असफल रही है। इस संकल्प पत्र में भी ज्यादातर पिछली बातों को ही दोहराया गया है। राशन योजना को आगे पांच साल तक जारी रखने की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी।

# बाबा साहेब का जीवन अद्वितीय संघर्ष का पर्याय : ओम बिरला

## अंबेडकर के कार्य आज भी करते हैं हमारा पथ प्रदर्शित

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने एक ट्वीट संदेश में कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान राष्ट्र निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। बाबा साहेब का जीवन सामाजिक न्याय के लिए अद्वितीय संघर्ष का पर्याय है। वे समाज के शोषित, वंचित वर्ग की मुखर आवाज थे तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए वे सदैव समर्पित रहे। संविधान के रूप में उन्होंने एक ऐसा प्रेरक मार्गदर्शक प्रदान किया जो सभी लोकतांत्रिक देशों के लिए आदर्श है। उनके कार्य आज भी हमारा पथ प्रदर्शित करते हैं। हमारा दायित्व है कि उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समावेशी समाज की रचना और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में अपनी भूमिका निभाएं। डॉ. अंबेडकर ने भारत के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर एक गहरा प्रभाव डाला। सामाजिक न्याय के चैंपियन के रूप में प्रसिद्ध डॉ. अंबेडकर को भारतीय समाज में उनके महत्वपूर्ण और विविध योगदान के लिए जाना जाता है। उनकी सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि



भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका है, जहां उन्होंने संविधान सभा में बहस के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें भारत के संविधान के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में सम्मानित किया जाता है, जिसने समावेशिता और न्याय के सिद्धांतों को सुनिश्चित किया। लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोस व रास के महासचिवों क्रमश: उत्पल कुमार सिंह और पीसी मोदी ने भी संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में डॉ. अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

## सार संक्षेप

### दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर जम्मू में किया प्रदर्शन

**जम्मू।** जम्मू में नल से दूषित जल की आपूर्ति के खिलाफ लोगों ने रविवार को विरोध-प्रदर्शन किया और जल शक्ति विभाग (पूर्व में सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग) के खिलाफ नारेबाजी की। यहां के न्यू कंपनी बाग, ओल्ड यूनिवर्सिटी कैंपस लेन के निवासियों ने नारेबाजी करते हुए भारतीय प्रबंधन संस्थान कैम्पस कार्यालय लेन के सामने नाली की चल रही मरम्मत और निर्माण कार्य के मद्देनजर पिछले एक महीने से दूषित पानी की आपूर्ति का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

### महाराष्ट्र में फूड प्वॉइजनिंग से व्यक्ति की गई जान

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के माजरी कोलियरी क्षेत्र में फूड प्वॉइजनिंग से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा 75 से अधिक लोगों के बीमार होने की खबर है। पुलिस ने बताया कि चैत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या पर एक मंदिर में धार्मिक समारोह के दौरान लोगों को प्रसाद बांटा गया था। घर पहुंचने के बाद उनमें से कुछ लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद 79 लोगों को आधी रात को वरोरा सिविल अस्पताल ले जाया गया। इनमें से एक व्यक्ति की मौत गई, जबकि बाकी लोगों को इलाज चल रहा है।

### आरिफ मोहम्मद ने दी विशु उत्सव की बधाई

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रविवार को विशु त्योहार के अवसर पर दुनिया भर के मलयाली लोगों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि मैं विशु के आनंदमय अवसर पर केरल के लोगों और दुनिया भर के अन्य केरलवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं, जो प्रचुरता की अवधि की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह फसल उत्सव अधिक समृद्धि, संतुष्टि एवं एकजुटता की शुरुआत करें और प्रकृति मां की रक्षा करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करे।

### तेलंगाना में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हिमायत सागर में रविवार तड़के एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दुर्घटना रविवार तड़के तब हुई, जब एक कार पर सवार चार लोग शमशाबाद से गाचीबोवली की ओर जा रहे थे। उसी दौरान कार अनियंत्रित होकर आउटर रिंग रोड के डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई व तीन घायल हो गए। पुलिस को संदेह है कि तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना हुई। घायलों को निजी अस्पताल शमशाबाद में भर्ती कराया गया है जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल ले जाया गया।

# अंबेडकर जयंती पर डॉ. उदित राज ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर जी के 133वीं जयंती समारोह के उपलक्ष्य में डॉ. उदित राज (पूर्व सांसद) माननीय राष्ट्रीय चेयरमैन, केकेसी ने नरेला विधानसभा में खेड़ा कला, श्रद्धानंद कॉलोनी, मुण्डका विधान सभा में नागलोई कनिष्का गार्डन में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत कर उन्हे श्रद्धाजलि दी। पूर्व सांसद डॉ. उदित राज ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए कहा, आज पूरे देश में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई जा रही है। मध्य प्रदेश के महू में जन्मे अंबेडकर का प्रभावशाली व्यक्तित्व लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। बाबा साहेब अंबेडकर ने वंचित और मजदूरों के अधिकारों के लिए हमेशा अपनी आवाज बुलंद रखी। डॉ. उदित राज ने कहा, 'भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी, बाबासाहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि! डॉ अंबेडकर ने समतामूलक न्यायपूर्ण समाज बनाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। आज हम उनके जीवन और विचारों से शिक्षा ग्रहण करके उनके आदर्शों को अपने आचरण में ढालने का संकल्प लें। भारत को उन्होंने जो संविधान दिया, वो हमें हमेशा प्रेरणा देता है। उन्होंने अंबेडकर जयंती पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहिणी क्षेत्र विशाल मान, उत्तर-पश्चिम लोकसभा से पार्षद रिंकू राजौरा, पार्षद राकेश जाटव, सीएल मौर्य, संजय राज, मनीष कुमार, मुकेश, टीकम सिंह(पप्पू जी), अमजद खान आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## झारखंड में मतदान की तैयारियों पर बोले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

# मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए करें प्रेरित

**रांची,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। सुनीता देवी कहती हैं, इस बार के चुनाव में किसी प्रलोभन में न आकर अपने समझ से सही उम्मीदवार को चुनना है। पैसा, शराब या किसी अन्य प्रकार के लुभावन अथवा बहकावे में आकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं करना बल्कि सोच समझकर अपने मत का इस्तेमाल करना है।

सुनीता देवी गुमला, सिसई के राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई, चेगरी स्थित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप से जुड़ी हैं। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार इस मतदान केंद्र का जायजा लेने पहुंचे थे। वे जानना चाहते थे कि सुनीता लोगों को नैतिक मतदान के विषय में क्या जानकारी दे रहीं हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के समय काफी गर्मी रहने वाली है। इसे देखते हुए मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, शेड जैसी न्यूनतम सुविद्याएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर नियुक्त किए गए हैं। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने कहा कि नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप भी बनाया गया है। वे आज सिसई के राज्यकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 20 एवं 21, राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई चेगरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 22 एवं 23, बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 एवं बिशुनपुर के राजकीय मध्य विद्यालय कटिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 108 के निरीक्षण के क्रम में बूथ अवेयरनेस ग्रुप, वॉलेंटियर्स एवं बीएलओ से मिलकर उनके निर्वाचन संबंधित जबाबदेहियों से अवगत कराते हुए उनका संवेदीकरण कर रहे थे।



नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ लेवल जागरूकता समूह बनाया गया है : के.रवि कुमार

### मतदाता सूची से मतदाताओं के विषय में ली जानकारी

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संबंधित मतदान केंद्रों के मतदाता सूची से क्रमवार मतदाताओं के विषय में बीएलओ से जानकारी मांगी सभी बीएलओ द्वारा आपने क्षेत्र के मतदाताओं की समुचित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दी गई। उन्होंने मतदान दिवस, फॉर्म 6 कब तक भरे जा सकते है, क्षेत्र में आई नई बहुओं को मतदाता सूची में जोड़े जाने की प्रक्रिया, ईवीएम/वीवीपैट आदि मतदान से जुड़े विभिन्न विषयों पर बीएलओ की जानकारी से अवगत हुए। इस अवसर पर बीएलओ द्वारा दिए गए जवाबों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णत: संतुष्ट हुए। उन्होंने इस अवसर पर मतदान के दिन नियुक्त वॉलेंटियर से भी बात की एवं उनके कार्यों के विषय में उन्हें पूरी संवेदनशीलता के साथ सजग रहने का निदेश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला सहित गुमला जिला के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिला तो फिर करूंगा अनशन : मनोज जरांगे

## राज्य की शिंदे सरकार को दी खुली चुनौती

**मुंबई,**14 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। अब मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने इसे लेकर राज्य की शिंदे सरकार को खुली चुनौती दी है। जरांगे का कहना है कि अगर मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिला, तो वे पांच जून से अनशन शुरू करेंगे। बता दें कि चार जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आएंगे और इसके ठीक एक दिन बाद पांच जून से जरांगे ने अनशन का अल्टीमेटम दिया है। मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस द्वारा पूरे राज्य में मराठा आरक्षण आंदोलनकारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर चार महीने पुरानी घटनाओं को लेकर अब मामले क्यों दर्ज हो रहे हैं? जरांगे ने कहा कि अगर सरकार ने मराठा समुदाय को आरक्षण से वंचित रखा, तो वे पांच जून से भूख-हड़ताल शुरू करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भूख-हड़ताल के बाद राज्य में छह जून से नया आंदोलन शुरू किया जाएगा।



राज्य में मराठा आरक्षण आंदोलनकारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं : मनोज जरांग

### राजनीतिक दलों पर लगाया धोखा देने का आरोप

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता जरांगे ने कहा कि अगर सरकार ने मांगें नहीं मानी, तो वे दूसरी छमाही में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने मराठाओं को आरक्षण नहीं दिया और एकनाथ शिंदे सरकार ने भी समुदाय को धोखा दिया है। उन्होंने दावा कि बीते 40 साल से सभी पार्टियों ने वोट पाने के लिए मराठा समुदाय का इस्तेमाल किया है। इससे पहले मनोज जरांगे 2023 के अगस्त से नवंबर तक जालना जिले के अंतरवाली सराती में अनशन पर बैठे थे।

# जम्मू-कश्मीर के दो जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी

**श्रीनगर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने रविवार को अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊपरी इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की। अगले 24 घंटों में उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गांदरबल जिलों में 2400 मीटर से ऊपर 'मध्यम खतरे' के स्तर का हिमस्खलन होने की संभावना है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने और अगले आदेश तक हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी में बड़े पैमाने पर बारिश हुई और कुछ ऊपरी इलाकों में ताजा हिमपात भी हुआ, जिससे अधिकारियों को लोगों के लिए एहतियात के तौर पर ताजा हिमस्खलन की चेतावनी जारी करनी पड़ी। अधिकारियों ने इन जिलों में रहने वाले लोगों से किसी भी आपात स्थिति में मदद के लिए 112 नंबर डायल करने को भी कहा है।

# अम्बेडकर के बनाए संविधान की रक्षा हर हाल में करेंगे : पटवारी

**भोपाल,** 14, अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा हर हाल में करेंगे। पटवारी और अन्य कांग्रेसजनों ने संविधान निर्माता, भारत रत्न, डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर रविवार को बोर्ड आफिस चौराहा स्थित अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेसजनों ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। पटवारी ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए कहा कि कमजोरों की लड़ाई लड़ने में बाबा साहब ने अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि आज इस पवित्र दिन पर मैं बाबासाहेब अम्बेडकर को याद करता हूं तथा उनके द्वारा बनाए गए देश के संविधान की रक्षा हम अपनी शहादत भी देकर करेंगे इस बात का हम सब प्रण लेते हैं। आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर हम सभी संविधान बचाने का प्रण लें क्योंकि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। पटवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सोच संविधान और लोकतंत्र को समाप्त करने के लिए कुचक्र तैयार कर रही है, लेकिन देश की जनता इनके मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी, बाबा साहब के हर एक अनुयायी-हर देशवासी को संविधान बचाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है।



डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर किया याद

सफलता | सियाचिन हिमखंड पर कब्जे के 40 साल पर विशेष

# रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सियाचिन हिमखंड पर है भारत का कब्जा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,14 अप्रैल (देशबन्धु)। जानकारी के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन हिमखंड पर 40 सालों के कब्जे के दौरान 21 हजार फुट की ऊंचाई पर आज तक सिर्फ एक ही लड़ाई हुई है। यह लड़ाई दुनिया की अभी तक की पहली और आखिरी लड़ाई थी जिसमें एक बंकर में बनी पोस्ट पर कब्जा जमाने के लिए जम्मू के हानरेरी कैप्टन बाना सिंह को परमवीर चक्र दिया गया था और उस पोस्ट का नाम भी उन्हीं के नाम पर रखा गया है।**

आज पूरे 40 साल हो गए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धस्थल सियाचिन हिमखंड पर भारत व पाक को बेमायने जंग को लड़ते हुए। यह विश्व का सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित युद्धस्थल ही नहीं बल्कि सबसे खर्चीला युद्ध मैदान भी है जहां होने वाली जंग बेमायने है क्योंकि लड़ने वाले दोनों पक्ष जानते हैं कि इस युद्ध का विजेता कोई नहीं हो सकता। दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनाई गई इस एकमात्र सैनिक पोस्ट पर कब्जे का अभियान शुरू हुआ तो 1987 के मई महीने में चुनी गई 60 सैनिकों की टीम का बाना सिंह भी हिस्सा बने थे। जानकारी के लिए बाना सिंह को जब परमवीर चक्र मिला था तो पाकिस्तान डिफेंस रिव्यू में भी उनकी बहादुरी के चर्चे हुए थे जिसमें लिखा गया था कि 'वह बहादुरी जिसकी कोई मिसाल नहीं है'। 26 जून 1987 को अंतत: 21000 फुट की ऊंचाई पर बनाई गई पाकिस्तानी पोस्ट पर कब्जा कर बहादुरी की गाथा लिखने पर हानरेरी कैप्टन बाना सिंह को बतौर इनाम परमवीर चक्र तो मिला ही था साथ ही इस पोस्ट का नाम उनके नाम पर भी रख दिया गया। विश्व के इतिहास में यह पहला और आखिरी मौका था कि इनती ऊंचाई पर कोई युद्ध लड़ा गया था। पर इस जीत के लिए भारतीय सेना को बहुत कीमत चुकानी पड़ी थी। 22 जून को शुरू हुए आप्रेशन में उसके कई अफसर और जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। कारण स्पष्ट था। गोलाबारी के साथ-साथ मौसम की परिस्थिति उनके कदम रोक रही थी। कई बार इस आप्रेशन को बंद करने की बात भी हुई और इरादा भी जगा था। लेकिन कमान हेडक्वॉर्टर से एक ही संदेश था 'या तो जीत हासिल करना या जिन्दा वापस नहीं लौटना।' और वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों ने इस संदेश का मान रखा था। कैप्टन बाना सिंह को परमवीर चक्र मिला था और आज वे जम्मू के सीमावर्ती गांव रणवीर सिंह पुरा में रहते हैं। वे अपने मिशन को बयां करते हुए बतातो थे कि यह बात सियाचिन हिमखंड पर भरतीय फौज के कब्जे के तीन साल बाद की है जब 1987 में पाकिस्तानी सेना ने 21 हजार फुट की ऊंचाई पर कब्जा कर एक बंकर रूपी पोस्ट का निर्माण कर लिया था। मुहम्मद अली जिन्नाह के नाम पर बनाई गई यह पोस्ट भारतीय सेना के लिए समस्या पैदा कर रही थी और खतरा बन गई थी।



■ 21 हजार फुट की ऊंचाई पर आज तक सिर्फ एक ही लड़ाई हुई है

उल्टा पुल्टा

टीचर : बिजली कहां से आती है
टीटू : सर, मामाजी के यहां से।
टीचर : वो कैसे
टीटू : जब भी बिजली जाती है
पापा कहते है, सालों ने फिर बिजली काट दी।

'आप' ने संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती

# संविधान बचाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे : संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने देशभर में बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की जयंती को संविधान बचाओ-तानाशाही हटाओ दिवस के रूप में मनाया। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों की राजधानियों व जिला मुख्यालयों पर पार्टी नेताओं-समर्थकों ने संविधान बचाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ने की शपथ ली। दिल्ली स्थित 'आप' मुख्यालय पर हुए कार्यक्रम के दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के सांसद खुलेआम संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। इसलिए भाजपा 400 पार सीट मांग रही है। अगर भाजपा सत्ता में आई तो संविधान बदल कर दलितों, आदिवासियों व पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में एकमात्र केजरीवाल सरकार ने गरीबों को मुफ्त शिक्षा, इलाज, बिजली, पानी देकर बाबा साहब के सपनों को पूरा करने का काम किया है। इसलिए पीएम मोदी ने उन्हें जेल में डाल दिया। इस बार दिल्लीवालों को सातों सीटों पर भाजपा की जमानत जब्त करनी है। इस दौरान दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, आतिशी व सौरभ भारद्वाज, विधानसभा की डिप्टी स्पीकर राखी बिड़लान, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, जस्मीन शाह समेत अन्य वरिष्ठ नेता, विधायक, पार्षद समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।



इस बार दिल्लीवालों को सातों सीटों पर भाजपा की जमानत जब्त करनी है : संजय सिंह, राज्यसभा सांसद

## समान शिक्षा व्यवस्था को जमीन पर लाने का काम किया सिसोदिया

संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा में हमें समानता नहीं है। समाज के वंचित, पिछड़े और जाति व्यवस्था के कारण जिनको अधिकार नहीं मिला, मंदिरों में प्रवेश करने, तालाब में पानी पीने, स्कूलों में प्रवेश करने के नाम पर भेदभाव किया गया। बाबा साहब का कहना था कि सभी को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए। बाबा साहब का यह सपना पूरे देश में केवल आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरा करने का काम किया है। हमने सबको समान शिक्षा का अवसर प्रदान किया है। मनीष सिसोदिया ने दिन रात मेहनत करके समान शिक्षा व्यवस्था को जमीन पर लाने का काम किया। 2015 में सीएम अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया के साथ सरकारी स्कूलों को देखने जाते थे। सरकारी स्कूलों मे मकड़ी के जाले लगे होते थे, बच्चे टाट पर बैठ कर पढ़ते थे, बच्चियों के लिए टॉयलेट का इंतजाम नहीं था। लैब नहीं होते थे, लेकिन केजरीवाल ने सरकारी स्कूलों में वातानुकूलित क्लास रूम बनाया और बाबा साहब का सपना पूरा किया। बाबा साहब का सपना था कि भारत के संविधान में हर व्यक्ति की आस्था होनी चाहिए। हर व्यक्ति को संविधान में क्या अधिकार मिले हैं, उसकी जानकारी होनी चाहिए।

### भाजपा खुलेआम बाबा साहब के संविधान को बदलने की बात कह रहा : सिंह

इस अवसर पर सांसद संजय सिंह ने कहा कि आज हमने बाबा साहब द्वारा लिखे गए संविधान को बचाने की शपथ ली है। यह शपथ आम आदमी पार्टी के नेताओं के लिए एक वाक्य मात्र नहीं होना चाहिए, यह आप कार्यकर्ताओं के लिए संकल्प होना चाहिए कि अंतिम सांस तक बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे। अयोध्या के भाजपा सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी का काम 272 सीट में नहीं चल रहा है। अगर संविधान बदलना है तो दो तिहाई बहुमत चाहिए। इसलिए भाजपा को 400 सीट दीजिए, हमें संविधान बदलना है। यह कितनी खतरनाक बात है। भाजपा का सांसद खुलेआम कह रहा है कि बाबा साहब के लिखे संविधान को बदलना है। मैं भाजपा और आरएसएस से कहना चाहता हूं कि जब तक आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता है, भारत के संविधान को बचाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ेगा। यह हमने शपथ ली है।

# डकैती की बड़ी वारदातों में शामिल वांटेड अपराधी पकड़ा

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की एक टीम ने महरौली-बदरपुर रोड पर एक कुख्यात अपराधी को पकड़ लिया गया, जिसने पुलिस टीम पर गोली चलाने और भागने की कोशिश की। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि आरोपी की पहचान हरियाणा के झज्जर जिले के निवासी सूरज गुलिया उर्फ उल्लू (28) के रूप में हुई है, जो दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में कारजैकिंग और डकैती के नौ सनसनीखेज मामलों में वांछित था।

पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राकेश पावरिया ने कहा कि सूचना मिली थी कि गुलिया 11 अप्रैल को एमजी रोड से लाडो सराय, श्मशान घाट के पास सड़क पर आएगा। डीसीपी ने कहा कि हमारी टीम ने उस स्थान के पास जाल बिछाया। शाम करीब 4 बजे, उसे एमबी रोड की ओर से एक पल्सर मोटरसाइकिल पर आते देखा गया, जिसे एक मुखबिर ने तुरंत पहचान लिया। क्राइम ब्रांच टीम द्वारा रोके जाने पर, गुलिया ने अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर भागने का प्रयास किया, जहां पुलिस टीम का एक सदस्य तैनात था। डीसीपी ने कहा कि उसने पिस्तौल लहराते हुए अधिकारी पर हावी होने का प्रयास किया। हालांकि, टीम के सदस्य तेजी से पहुंचे और उसे सफलतापूर्वक अपने वश में कर लिया।

डीसीपी ने खुलासा किया कि 2015 में जेल से रिहा होने के बाद, गुलिया अपने गांव में सोमवीर के गिरोह में शामिल हो गया, जो दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में कारजैकिंग करता था। डीसीपी ने कहा कि यह गिरोह बंदूक की नोक पर ड्राइवरों का जबरन अपहरण कर लेता था, बाद में उनकी संपत्ति और वाहन लूटने के बाद उन्हें छोड़ देता था। 2015 में दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद, गुलिया ने लगभग चार साल विभिन्न जेलों में बिताए।



अपराधी पिस्तौल लहराते हुए अधिकारी पर हावी होने का प्रयास किया। परन्तु पुलिस ने उसे सफलतापूर्वक अपने वश में कर लिया : राकेश पावरिया, डीसीपी

डीसीपी ने कहा कि रिहाई पर, उसने अपनी आपराधिक गतिविधियां फिर से शुरू कर दीं, 2020 में झज्जर के डुलीना में एक दुकान में डकैती को अंजाम दिया। बाद में गिरफ्तारी के बावजूद, उसे दो से तीन महीने बाद जमानत मिल गई। इसके बाद, गुलिया छिप गया, पकड़ से बचता रहा और गुजरात के बंदरगाहों में नौकरियां करने लगा, जहां फोन का उपयोग प्रतिबंधित था, जिससे जांच के प्रयास विफल हो गए।

**सार संक्षेप**

## पिछले 32 सालों से मौन व्रत धारण करके नवरात्रों की पूजा कर रही है गुरु मां कंचन गिरि



**नई दिल्ली।** नवरात्रि का पावन पर्व पूरे देश में बड़े ही हर्ष के साथ मनाया जा रहा है मां दुर्गा की उपासना का यह पर्व पूरे देशवासियों के लिए बहुत ही ज्यादा मायने रखता है। इसी पर्व को पिछले 32 सालों से बेहद ही अलग तरीके से मनाती आ रही है साध्वी गुरु मां कंचन गिरि जी। आपको बता दें कि पिछले 32 सालों से गुरु मां कंचन गिरि जी नवरात्रि के पर्व में पूर्ण व्रत के साथ-साथ मौन व्रत भी धारण करती हैं। इस दौरान उनके आश्रम पर भव्य आयोजन किए जाते है। वृंदावन, मथुरा, काशी और बड़ी-बड़ी धार्मिक जगह से आए पंडित नवरात्रि के दौरान हवन, पूजन,यज्ञ का आयोजन करते हैं। मां दुर्गा को खुश करने के लिए दुर्गा दुर्गा सप्तशती पाठ का भी आयोजन करवाया जाता है। इस दौरान उनके आश्रम पर देश-विदेश से आए भक्तजन भी इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं।

## सुपरसिख वैशाखी में बड़ी संख्या में शामिल हुए प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड पंजाबी आर्गेनाइजेशन डब्ल्यूपीओ और सन फाउंडेशन के सहयोग से एआईपीएल एडवांस इंडिया प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा आयोजित सुपरसिख वैसाखी टर्बन अप एंड रन, शानदार अंदाज में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया और इस पूरे आयोजन को सफल बनाया। प्रतिभागियों ने इस दौरान अपना दमखम और स्किल्स दिखाते हुए अपने अपने वर्गों में जीत भी हासिल की। कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया, जिसमें फिटनेस, कल्चर और एकता के माध्यम से वैसाखी की भावना का जश्न मनाया गया। एआईपीएल के डायरेक्टर शमशीर सिंह ने कहा कि एआईपीएल बैसाखी रन के लिए डब्ल्यूपीओ के साथ इस सहयोग का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित है।

## दिल्ली के स्कूल में खड़ी छह बसों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका इलाके में रविवार को एक निजी स्कूल में भीषण आग लगने से छह स्कूल बसें और दो कमरे जलकर खाक हो गए। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि द्वारका सेक्टर 9 में पुलिस स्टेशन के पास आरडी राजपाल पब्लिक स्कूल में बसों में आग लगने की सूचना दोपहर 2.53 बजे मिली। उन्होंने कहा, कुल पांच दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और शाम 4=35 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

## मतदान के दिन दिल्ली में रहेगा अवकाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मतदान के दिन मतदाताओं के लिए सवैतनिक अवकाश रहेगा। सभी पात्र कर्मचारी, चाहे वे सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में काम कर रहे हों। वह सभी सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी कृष्णमूर्ति ने भारत के चुनाव आयोग के आदेश के तहत आदेश दिया है। जो आर पी अधिनियम 1951 की धारा 135 बी के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मिलेगा। दिल्ली में 25 मई को मतदान होना है। आदेश के तहत दिल्ली में काम करने वाले पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मतदाताओं को भी मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा।

# संविधान पर सवाल उठाने वालों को मोदी से लेनी चाहिए सीख : रामदास मलिक

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। आजकल कुछ लोग संविधान के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे हैं। वह कह रहे हैं कि अगर एक बार फिर से मोदी सरकार आती है तो संविधान को खत्म कर दिया जाएगा। ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीख लेनी चाहिए, जिनका कहा है कि हमारा संविधान सरकार के लिए गीता, रामायण, बाइबल और कुरान है। यह कहना है लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रबंधक समिति के संसाधन विभाग के सह प्रमुख रामदास मलिक का। रविवार को बाबा साहब अंबेडकर की याद में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव के



समय संविधान के नाम पर झूठ बोलने वालों को पीएम मोदी से जवाब देते हुए यह साफ कर दिया है कि जहां तक संविधान का सवाल है आज बाबा साहब अंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते हैं। हमारा संविधान सरकार के लिए गीता, रामायण, बाइबल और कुरान है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब को जीते जी चुनाव हराया। जिसने बाबा साहब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया, वो कांग्रेस जिसने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की। मलिक ने कहा कि आज वो लोग मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रहे हैं। लेकिन मोदी जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया, कांग्रेस वालों ने इसका विरोध किया था। संसद में इनके भाषण हैं। ये मोदी है जिसने बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थ का विकास किया। इसलिए इनकी गपबाजी से सावधान रहने की जरूरत है।

# मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास के महत्व पर संवाद सत्र आयोजित

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक एवम पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने आईआईटी के छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संवाद किया। सत्र में देशभर से एक हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। रविवार को आईआईटी के डोगरा हाल में अलुमनाई एसोसिएशन के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आयोजित कार्यशाला का प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य प्रशांत ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मन का पूरा माहोल तेजी से बदलता है, हम क्या नहीं बदल देते और सब कुछ बदल के भी हमें चैन कहां मिलता है। लोग घर बदलते हैं, नौकरी बदलते हैं और यह सब बदल के भी मन को शांति नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि मन को कुछ चाहिए, उसके बिना वो रुकेगा नहीं। उसके बिना वो इधर उधर, भागता ही रहेगा। अंततः तुम जिधर को भी भागते हो यही सोच के भागते हो ना की ये मिल गया तो इसके बाद और कुछ नहीं चाहिए। अगर तुम्हे पता हो की जिस तरफ तुम भाग रहे हो, उसके मिलने के बाद भी तुम्हें और चाहिए होगा, तो उसकी ओर भागोगे ? आचार्य प्रशांत ने कहा कि आगे निकलने की होड़ व भागदौड़ भरी जिंदगी में इंसान अकेला हो गया है हम क्या हैं क्यों जी रहे हैं, हमारा उद्देश्य क्या है हमे पता ही नही है इन्ही वजहों से युवाओं में मानसिक अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें खुद को जानना होगा उसके लिए अध्यात्म ही हमारी मदद कर सकता है। अध्यात्म हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाले तनाव को दूर कर सकता। उन्होंने कहा कि शोध से यह सिद्ध हो गया है कि आध्यात्मिकता मन और शरीर दोनों को लाभ पहुंचा सकती है।




मन का पूरा माहौल तेजी से बदलता है, सब कुछ बदल के भी हमें चैन कहां मिलता है : आचार्य प्रशांत

जल ही जीवन है

# नाबालिग लड़की ने की पड़ोसी महिला की चाकू मारकर हत्या, गिरफ्तार

■ लड़की को किशोर न्याय बोर्ड जेजेबी के सामने पेश किया जाएगा

नई दिल्ली, 14 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के फर्श बाजार इलाके में नल से पानी भरने को लेकर हुए झगड़े में एक नाबालिग लड़की ने चाकू मारकर पड़ोसी महिला की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने नाबालिग लड़की को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात को लगभग 11 बजे चाकूबाजी की घटना के बारे में सूचना मिली थी। फोन करने वाली कॉलर ने कहा कि उसके पिता ने एक महिला के पेट में चाकू मार दिया है। पुलिस उपायुक्त शाहदरा सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि सूचना के बाद पुलिस गली नंबर-2, भीकम सिंह कॉलोनी वाले स्थान पर पहुंची। जहां सोनी नाम की महिला की कमरे में घायल थी। उसके बाएं हाथ पर दो-तीन कट के निशान थे। पेट पर एक छोटा सा घाव भी था। सोनी को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पता चला कि सोनी और उसके पति सतबीर का अपने पड़ोसी, उसकी पत्नी और उनकी 15 साल की बेटी से झगड़ा हुआ था। आगे की जांच से पता चला कि शाम करीब साढ़े 7 बजे घर की पहली मंजिल पर नल से पानी भरने को लेकर सोनी का अपने पड़ोसी की पत्नी और बेटी से झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान सोनी ने लड़की का हाथ मरोड़ दिया, जिससे लड़की को डॉ हेडगेवार अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। लड़की को गैर-मेडिको लीगल केस एमएलसी रोगी के रूप में माना गया और उसके हाथ का एक्स-रे किया गया। इसके बाद डीसीपी ने कहा कि लड़की और उसकी मां अपने कमरे में लौट आईं और सोनी और उसके पति सतबीर के साथ फिर से बहस करने लगीं। इस दूसरी बहस के दौरान लड़की ने सोनी को चाकू मार दिया। इससे उसकी मौत हो गई। लड़की को किशोर न्याय बोर्ड जेजेबी के सामने पेश किया जाएगा।




# कैपिटल ज़ोन

उवाच

जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्रों व बूथों पर लगाई जाएगी, उनके लिए भी बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों व बूथों पर साइन बोर्ड, रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए, ताकि मतदान के दिन आने वाले मतदाताओं को कोई समस्या न हो।

**मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी**

## राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में मनाया बाबा साहब का जन्म दिवस

■ निकाली गई शोभा यात्रा ■ वाहन चालकों को जाम का करना पड़ा सामना

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वें जन्मदिवस 'दलित उत्थान सेवा समिति' डॉक्टर भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी के तत्वाधान में राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल गेट नंबर 3 सेक्टर 95 नोएडा पर बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और हजारों की संख्या में परिवारों ने शिरकत की। दलित उत्थान सेवा समिति के संरक्षक गणेश जाटव ने बताया कि बाबा साहब का जन्म दिवस ना केवल हमारा समाज बल्कि पूरा देश बड़े धूमधाम के साथ मनाता है। हमारी समिति भी दलित उत्थान सेवा समिति गेट नंबर 3 पर सुबह 9.00 से सांस्कृतिक कार्यक्रमों भंडारा वितरण और शरबत की व्यवस्था करती है। हमारा हर संभव प्रयास रहता है की दलित प्रेरणा स्थल गेट नंबर 3 पर आए



हुए सभी श्रद्धालुओं को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। आयोजन में सुबह अंबेडकर विहार सेक्टर 37 बाबा साहब की चित्र पर माला अर्पण की। इस मौके पर डॉक्टर महेश शर्मा ने शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा प्रमुख मार्गों से होते हुए गेट नंबर 3 दलित प्रेरणा स्थल पहुंची। वहां पर समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा साहब के जीवन से संबंधित रचनाओं का वर्णन किया गया। इस मौके पर समिति के संरक्षक गणेश जाटव, बालक राम प्रधान भीमराज जाटव अध्यक्ष प्रीतम सिंह, सत्यपाल सिंह, उदय सिंह, राजेंद्र ठेकेदार, विजय कुमार, पप्पू जगत सिंह, रोहित चौधरी, सौरभ चौधरी अजय गौतम, राजकुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### एक्सप्रेस वे लिंक रोड पर लगा जाम

सेक्टर-95 स्थित दलित प्रेरणा स्थल पर रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इसमें अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंचे। इस वजह से दलित प्रेरणा स्थल के पास फिल्म सिटी फ्लाईओवर और एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक जाम लग गया। हालांकि यातायात विभाग की ओर से से रूट डायवर्जन किया गया था लेकिन इसका असर यहां नहीं दिखा। ऐसे में लोगों को भीषण जाम झेलना पड़ा। ट्रैफिक जाम से लोग अपने गंतव्य तक देरी से पहुंचे। हालांकि यातायात विभाग की ओर से ट्रैफिक जाम को खुलवाने का प्रयास किया गया। जिसके बाद गाड़िया निकली। इससे पहले एडीसीपी के साथ पुलिस कर्मियों ने राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल का निरीक्षण किया। यहां सुरक्षा व्यवस्थ को देखा।



## डॉ. अंबेडकर के बताए रास्ते पर चल रही है भाजपा : भूपेंद्र चौधरी

**गाजियाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भाजपाइयों के संग माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो मार्ग दिखाया आज उसी मार्ग पर भाजपा चलने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके संकल्प को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमेशा गरीबों जरुरतमंदों के उत्थान के लिए काम किया। अब इस काम को भाजपा आगे बढ़ा रही है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलने को प्रतिबंध है। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मेरठ रोड आरकेजीआईटी कॉलेज चुनाव संचालन की बैठक लेने पहुंचे। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, बलदेव राज शर्मा, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, लोकसभा प्रभारी विजय शुक्ला, संयोजक अजय शर्मा,



■ श्रद्धापूर्वक मनाई गई अंबेडकर जयंती
■ जयंती पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश अग्रवाल,हापुड़ अध्यक्ष नरेश तोमर, ब्लॉक प्रमुख निशांत शिशोदिया, पार्षद राजीव शर्मा, राजेन्द्र तितौरिया, सुनील यादव, अमित कल्याणी, सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, राजेश त्यागी, राजीव अग्रवाल, सचिद्दानन्द शर्मा, डीएन सिंह, संजय रावत, सचिन डेढ़ा, पंकज भारद्वाज, शीतल चौधरी, सुमन सिंह आदि शामिल रहे। इसके अलावा भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर साहब की 133वीं जयंती की पूर्व संध्या पर मुरादनगर राष्ट्रीय लोकदल से उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार जी व सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने पहले बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति पर मालार्पण कर अपने विचार रखें मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि बाबा अंबेडकर साहब ने तीन बातें बताई थी। शिक्षित रहो संगठित रहो और संघर्ष करो बाबा साहब ने वोट का अधिकार देकर सभी को एक समान बनाया था।

चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि बाबा साहब कहते थे शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वही दहाड़ेगा आयोजक कमेटी ने बाबा साहब का मूर्ति वह पुष्प कुछ देकर मंत्री अनिल कुमार व अमरजीत सिंह बिड्डी का सम्मान किया संचालन डॉ. रामकिशोर ने किया। इस अवसर पर मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली, रामकिशन प्रधान जी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देव्पल हरित बबली भाई के अलावा हजारों लोगों ने बाबा साहब को याद किया।

## सार संक्षेप

### मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला की मौत

**नोएडा।** जीवन आश्रय अपार्टमेंट के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका के पति की शिकायत पर सेक्टर-58 पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में अलीगढ़ के कुंजलपुर गांव के जगदीश ने बताया कि वर्तमान में वह सेक्टर-51 के डी ब्लॉक में रह रहा है। 12 अप्रैल को जगदीश अपनी पत्नी शीशबाला के साथ ऑटो से सेक्टर-63 जा रहे थे। जब दोनों सहारा चौक पर जीवन आश्रय अपार्टमेंट के सामने ऑटो से उतर रहे थे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक के चालक ने शीशबाला को टक्कर मार दी। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण महिला बेहोश हो गई। गंभीर रूप से घायल महिला को उसके पति ने राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। कुछ ही घंटे बाद महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला को टक्कर मारने के बाद आरोपी बाइक सवार घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय मौके से वाहन समेत फरार हो गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को संबंधित बाइक का नंबर भी उपलब्ध कराया है। नंबर के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

### रिश्तेदार बनकर 1.95 लाख रुपए ऐंठे

**नोएडा।** रिश्तेदार बनकर साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति के साथ एक लाख 95 हजार रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-58 पुलिस से की है। शिकायत में सेक्टर-55 निवासी प्रमेश कुमार खुल्लर ने बताया कि 13 मार्च को उनके पास अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। कॉलर ने शिकायतकर्ता से रिश्तेदार बनकर बात की और खुद को परेशानी में बताते हुए आर्थिक मदद मांगी। उसने एक कथित पुलिसकर्मी से भी बात कराई। उसने 1.20 लाख रुपए की मांग की। पीड़ित ने घबराहट में आकर तीन बार में 1.95 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। ठगी का अहसास होते ही पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आइटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की भी जानकारी जुटा रही है।

### शार्ट सर्किट से ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनी में लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर दस स्थित प्लास्टिक के ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनी में रविवार सुबह साढ़े नौ बजे के करीब शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगते ही अंदर मौजूद कर्मचारी बाहर निकल आए और इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग और स्थानीय थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि रविवार नौ बजकर 34 मिनट पर सेक्टर दस के सी ब्लॉक स्थित प्लास्टिक के ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनी विशाल पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड के भूतल पर आग लगने की सूचना मिली।

## क्षत्रिय स्वाभिमान महासम्मेलन का आयोजन

### लोग बोले, डॉ. महेश शर्मा ने किया है धोखा, जो हराएगा उसको करेंगे मतदान

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-45 स्थित सामुदायिक केंद्र में रविवार को क्षत्रिय समाज द्वारा क्षत्रिय स्वाभिमान महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रहने वाले क्षत्रिय समाज के लोगों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। इस मौके पर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा रणनीति बनाई गई। इस दौरान फैसला लिया गया कि जो भी उम्मीदवार डॉ. महेश शर्मा को हर आएगा उसको सपोर्ट किया जाएगा।



नोएडा में हुए क्षत्रिय स्वाभिमान महासम्मेलन में सैकड़ों की तादाद में क्षत्रिय समाज के लोग पहुंचे। इस दौरान क्षत्रियों ने भाजपा सरकार पर उनके साथ दोगला व्यवहार करने का आरोप लगाया। सम्मेलन में पहुंचे हुए क्षत्रियों ने संबोधन करते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज ने एक तरफ से हर जगह पर भाजपा को समर्थन दिया लेकिन बदले में केवल अपमान मिला है और इस अपमान का बदला वह सभी लोग इस बार लेंगे।

क्षत्रिय स्वाभिमान महासम्मेलन के आयोजक सुधीर चौहान ने कहा कि चुनाव के बाद यहां के मौजूदा सांसद और विधायक यहां के लोगों को भूल जाते हैं,शहर के निवासी आए दिन अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते रहते हैं। लेकिन सांसद और विधायक सिर्फ आश्वासन देकर ही खानापूर्ति कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा ने हमारे साथ धोखा किया है। नोएडा के 81 गांव और एनटीपीसी के 24 गांव के किसानों के साथ में सांसद ने धोखा किया है। हम सभी लोग काफी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रहे लेकिन मौजूदा सांसद ने हमारी बातों को ना तो लखनऊ तक पहुंचाया और न ही दिल्ली तक पहुंचाया।

जो जनप्रतिनिधि हमारी बात को प्रदेश और केंद्र तक नहीं पहुंचा सकते हैं, ऐसे जनप्रतिनिधि का कोई फायदा नहीं है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि इस बार क्षत्रिय समाज के लोग भाजपा के प्रत्याशी और मौजूदा सांसद डॉक्टर महेश शर्मा को हराने वाले के पक्ष में वोट डालेंगे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने हाईराइज सोसाइटी में बूथों का किया निरीक्षण

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज हाईराइज सोसाइटी एल्डिको आमंत्रण सेक्टर-119 एवं सुपर केपटाउन सेक्टर-74 नोएडा में पहुंचकर बनाए गए मतदान बूथों का निरीक्षण किया। सबसे पहले एल्डिको सोसाइटी में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों और एओए से वार्ता की।

साथ ही मतदान की शपथ दिलाई गई। मतदान दिवस पर बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी सुपरटेक केप टाउन सेक्टर-74 में पहुंच कर बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ से बनाए गए बूथों से संबंधित मतदाता पर्ची के डोर-टू-डोर वितरण के उपरांत संबंधित हाउस पर स्टीकर चस्पा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बूथों सभी मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रखी जाएं। आने जाने वाले रास्ते एवं बूथों के अंदर प्रकाश आदि की व्यवस्था को पूर्व में



ही सुनिश्चित करा लें। उन्होंने कहा कि जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्रों व बूथों पर लगाई जाएगी, उनके लिए भी बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए।

उन्होंने मतदान केन्द्रों व बूथों पर साइन बोर्ड, रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए, ताकि मतदान के दिन आने वाले मतदाताओं को कोई समस्या न हो। इस अवसर पर डीसीपी नोएडा विद्या सागर मिश्र, उपजिलाधिकारी दादरी विवेकानंद मिश्र, हाईराइज सोसाइटी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

## फॉर्च्यूनर कार सवार छात्र से मारपीट मामले में सात पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-125 स्थित निजी विश्वविद्यालय के पास फॉर्च्यूनर की सीट पर बैठे छात्र को युवकों द्वारा पीटने के मामले में कुल सात आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया गया है। एसीपी प्रथम प्रवीण कुमार सिंह ने कुल छह धाराओं में दर्ज कराया है। जिन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है उसमें से चार नामजद जबकि तीन अज्ञात हैं। पुलिस ने इनमें से दो आरोपी युवकों लविश यादव और शिवम बिधुड़ी को शनिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया था। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। आरोपी यूनिवर्सिटी के छात्र बताए जा रहे हैं।

शिकायत में एसीपी प्रथम की ओर से बताया गया है कि 13 अप्रैल को सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें कुछ लोग टोयोटा फॉर्च्यूनर कार के चालक को कार से खींचकर बुरी तरह से पीट रहे हैं। वीडियो का अवलोकन करने पर पता चला कि 21 मार्च को एमिटी यूनिवर्सिटी का छात्र दिल्ली निवासी भव्य सहगल अपनी महिला दोस्त के साथ एटीएस बिल्डिंग के पास मौजूद था। दोपहर एक बजकर पांच मिनट पर हुंडई क्रेटा कार में छह से सात युवक आए और फॉर्च्यूनर सवार भव्य से गाली गलौज करने लगे। भव्य ने

■ फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दे रहीं दबिश
■ हत्या करने की नीयत से आरोपियों ने छात्र पर किया था हमला

हमलावरों की संख्या अधिक होता देख कार से भागकर जान बचाने का प्रयास किया। इसी दौरान क्रेटा से आए हमलावरों ने सुनियोजित हमला भव्य के ऊपर कर दिया।

मारपीट के दौरान हमलावरों ने भव्य को कार के अंदर की सीट से खींच लिया और बाहर सड़क पर गिराकर जान से मारने की नीयत से मारपीट की। गंभीर रूप से घायल भव्य को आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित से संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि उसके ऊपर हमला शिवम बिधुड़ी, यश चंदेला, लविश यादव, तुषार त्यागी और उनके तीन अन्य साथियों ने किया था। घटना के संबंध में यूनिवर्सिटी के सिक्योरिटी प्रभारी और उस समय गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों द्वारा कोई जानकारी पुलिस को नहीं दी गई। इनकी लापरवाही और मिलीभगत से घटना हुई। आरोपी छात्रों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने की धारा भी लगाई गई है।

## साढ़े छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नवरात्रि के पहले दिन निठारी गांव में साढ़े छह साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को सेक्टर-20 पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर नोएडा पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस की दो टीमें आरोपी की तलाश बिहार समेत अन्य संभावित ठिकानों पर रही थीं। न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

सेक्टर-20 थाना प्रभारी ने बताया कि बिहार के दरभंगा का रहने वाला 75 वर्षीय सिकंदर सदा कुछ दिन पहले साढ़े छह साल की बच्ची को भंडारा खिलाने के बहाने गोद में लेकर गया और उसके साथ रास्ते में दुष्कर्म करने का प्रयास किया। इस दौरान सिकंदर ने बच्ची को गंदी वीडियो दिखाकर उकसाया भी था। उसके खिलाफ बच्ची की मां ने दुष्कर्म और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। बच्ची के शरीर पर घाव और चोट के निशान हैं। मामला दर्ज होने की जानकारी होते ही आरोपी घर से भाग गया। रविवार को जब वह किसी काम से नोएडा आया तो मुखबिर से मिली सूचना पर उसे सेक्टर-18 से दबोच लिया गया। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसकी बेटी आरोपी को बड़े पापा कहकर बुलाती है। वह काफी दिनों से बच्ची पर गंदी नजर रखे हुए था। वारदात के बाद जैसे ही बच्ची ने मां को देखा उससे लिपट कर रोने लगी थी। मां ने किसी तरह उसे चुप कराया था। सिसकते हुए बच्ची ने मां को पूरी आपबीती बताई थी। इसके बाद पीड़ित बच्ची की मां ने संबंधित थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दी थी।

■ भंडारा खिलाने के बहाने बच्ची को गोद में ले गया था आरोपी
■ दुष्कर्म समेत कुल पांच धाराओं में आरोपी के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

## गौतमबुद्ध नगर में साइबर सुरक्षा व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद में बढ़ती साइबर शिकायतों के मद्देनजर, वाईएसएस फाउंडेशन सेंटर फॉर रिसर्च ऑन साइबर क्राइम एंड साइबर लॉ व पुलिस कमिश्नरेट ने रविवार को जेपी विश टाउन सेक्टर 128 में साइबर क्लिनिक कार्यशाला का अयोजित किया गया। इसके तहत एक मुफ्त साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं समाधान कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नोएडा के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों के खतरों से अवगत कराना, उनसे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देना एवं समस्याओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान रहा। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, क्रिप्टो करेंसी, लोन एंड चाइनीज एप और सोशल मीडिया क्राइम जैसे विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों ने साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त करने और विशेषज्ञों से सवाल पूछने के अवसर का स्वागत किया। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। ताकि लोगों को साइबर अपराधों से बचाया जा सके।

## शहीद हुए फायरकर्मियों को पुष्प अर्पित कर शुरू हुआ अग्नि सुरक्षा सप्ताह



**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर शहीद हुए फायरकर्मियों की याद में सेक्टर 2 स्थित फायर स्टेशन परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। पुलिस व फायर विभाग के अधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पिन फ्लैग भी लगाए। लोगों को अग्नि हादसों के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से पैदल मार्च भी



निकाला गया।

इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त (कानून, व्यवस्था) शिवहरि मीणा भी पहुंचे। उन्होंने साल 1944 में 14 अप्रैल को मुंबई बंदरगाह पर माल वाहक जहाज में हुई आगजनी में शहीद हुए 66 फायर कर्मियों की याद किया और फिर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे, डीसीपी यातायात अनिल यादव सहित अन्य अफसर व फायरकर्मी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शिवहरि मीणा ने बताया कि 14 अप्रैल को हर वर्ष अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत होती है और जागरूकता कार्यक्रम का पूरे सप्ताह आयोजन होता है। सोमवार को विभिन्न जगहों पर मॉकड्रील व कुछ स्कूलों में चित्रकला का आयोजन होगा। इसके अलावा पूरे सप्ताह अलग-अलग जगह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। 20 अप्रैल को अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन होगा। इस मौके पर कमिश्नरेट के विभिन्न फायर स्टेशनों से आये अग्निशमन वाहनों के साथ सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लोगों को अग्नि से सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पैदल मार्च भी निकाला गया। ये मार्च फायर स्टेशन फेज-प्रथम नोएडा से संदीप पेपर मिल चौराहा, इंडियन ऑयल चौराहा, सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन, रजनीगंधा से होते हुए सेक्टर 03-सेक्टर 04 के मध्य से हरौला होते हुए वापस फायर स्टेशन तक पैदल मार्च किया गया।

### त्रि-सेवा स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नोएडा।** नोएडा वासियों के लिए 14 अप्रैल खास है। क्योंकि इस दिन देश में एकमात्र त्रि-सेवा स्मारक, तत्कालीन तीन सेवा प्रमुखों द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था। 1999 में कारगिल युद्ध के बाद, इसे गौतम बुद्ध नगर से संबंधित सैनिकों की याद में बनाया गया था। जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया। स्मारक पर 41 वीर शहीदों के नाम उत्कीर्ण हैं। शहीद स्मारक संस्था द्वारा 23वां समर्पण दिवस मनाया गया। इस मौके पर कैंडल लाइट समारोह की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जीएल बख्शी, पीवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने की। शाम होते ही स्माकर पर मोमबंदी जलाकर शहीदों को याद किया गया। इसके बाद शहीदों के परिवार के परिजनों के अलावा एपीएस के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने मोमबत्तियां जलाकर 41 शहीदों को श्रद्धांजलि दी।



## उधार के पैसे मांगने पर आरोपी भाइयों ने पीड़ित से की मारपीट

**नोएडा,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। उधार के दो लाख रुपए मांगने पर दो भाइयों और उसके साथियों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। आरोपियों ने इस दौरान पीड़ित का मोबाइल और बीस हजार रुपए की नकदी भी लूट ली। न्यायालय के आदेश पर सेक्टर-24 पुलिस ने आरोपी भाइयों समेत कई अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। मोरना गांव निवासी सतेंद्र बैसोया ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके गांव के ही प्रमोद शर्मा उर्फ लाला के घर पर सोनू शर्मा किराये का कमरा लेकर रहता है। सोनू ने सतेंद्र से फरवरी 2023 में दो लाख रुपए शाहिद की मौजूदगी में लिए थे। सोनू ने विश्वास दिलाया था कि वह लोन का पैसा मिलते ही 15 दिन के भीतर रकम लौटा देगा। निर्धारित समय बीतने के बाद शिकायतकर्ता ने रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने एक चेक कोटेक महिंद्रा बैंक का दिया। चेक जनवरी 2024 में बाउंस हो गया। इसके बाद रुपए मांगे तो देने से इंकार कर दिया। शिकायतकर्ता ने अधिवक्ता के द्वारा कानूनी नोटिस सोनू को भेज दिया। आरोप है कि नोटिस की जानकारी मिलते ही 19 जनवरी 2024 को सोनू अपने भाई मोर मुकुट शर्मा व दूसरे भाई और तीन-चार अज्ञात लोगों के साथ घर पर आया। आरोपियों ने पीड़ित के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

■ विरोध करने पर आरोपियों ने मोबाइल व नकदी भी लूटी
■ न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

उवाच ❝

मतदाता जागरूकता रैली में चुनाव का पर्व, देश का गर्व स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता सहभागी बन सकें। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली में अधिकारियों, स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों एवं शिक्षिकाओं के द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया।

अनीता नागर, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो वेस्ट की समस्याओं को लेकर निवासियों के साथ नेफोवा की बैठक



**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट, ब्लॉक सी के पार्क में नेफोवा की बैठक निवासियों के साथ हुई, जिसमें निवासियों ने बताया कि गार्बेज कलेक्शन, सड़क, सीवर सहित कई समस्याएं हैं, सेक्टर की बाउंड्री और एंट्री/एक्जिट नहीं होने से चोरी और बदमाशी भी बढ़ गई है। मच्छरों का प्रकोप इतना ज्यादा है लेकिन प्राधिकरण की फॉगिंग टीम ध्यान नहीं देती। शेड्यूल बनाकर बस खानापूर्ति कर दी जाती है। शाम के बाद मच्छरों की वजह से पार्क में जाना मुश्किल है। सीवर लाइन, मेन लाइन से कनेक्ट नहीं है, जगह जगह सीवर का पानी भरा है, इससे सेक्टर में रहना दूभर हो गया है। 130 मीटर सड़क से जोड़ने वाली मुख्य सड़क अधूरी है। 60 मीटर सड़क की तरफ जोड़ने वाली मुख्य सड़क में कूड़े और मिट्टी का अंबार लगा है। सेक्टर में काफी लोग रहने लगे हैं, लेकिन अभी तक कम्युनिटी भवन या कामर्शियल कॉम्प्लेक्स नहीं बना है। उसके लिए निर्धारित स्थान पर अतिक्रमण है।

■ गार्बेज कलेक्शन, सड़क, सीवर सहित कई समस्याएं बढ़ी

नेफोवा अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने निवासियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जाने की बात की, साथ ही अधिकारियों को चेतावनी देते हुए बोला कि अगर इस सेक्टर की अनदेखी जारी रही तो बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में नेफोवा की तरफ से दीपांकर कुमार, सौरभ शुक्ला, रोहित मिश्रा, शिवकिशन सुथार, दिनकर पाण्डेय इत्यादि उपस्थित रहे। निवासियों की ओर से नीलम यादव, जय प्रकाश सिंह, सुशील पांडेय, मोहन सिंह, तृषा यादव, विकास कुमार, आलोक चौधरी, रोहित सैनी, कारण शर्मा, श्याम चौधरी, पवन सिंह चौहान, एच सी मलकानी, जसबीर नागर, धनंजय सिंह, दीप भास्कर, अक्षय धीमान, नीरज शर्मा, अशोक राज कौशिक आदि लोग मौजूद रहे।

## पुराने विवाद में युवक का दांतों से काटा कान, पीड़ित अस्पताल में भर्ती

**दनकौर,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में पुराने विवाद को लेकर एक आरोपी ने युवक का दांतों से कान काट दिया। लहूलुहान स्थिति में पीड़ित को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। ऊंची दनकौर निवासी शोएब ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह रविवार की शाम कस्बे में स्थित एक दुकान पर कपड़े खरीदने गए थे।

इसी दौरान कस्बा निवासी एक युवक से उसकी पुराने विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है इसी बात से गुस्साए आरोपी ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए उसके एक कान को दांतों से काट दिया। जिसके चलते पीड़ित लहूलुहान हो गया। बाद में घटना को अंजाम देखकर आरोपी भागने लगा। जिसको अन्य लोगों ने पकड़ लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है पीड़ित की शिकायत के आधार पर जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई आरोपी के खिलाफ की जाएगी।

## औद्योगिक इकाइयां लगने से युवाओं में बढ़ेंगे रोजगार : धीरेन्द्र सिंह



**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा के जगत फार्म, सिग्मा-IV की ग्रैंड फोर्ट सोसायटी, सेक्टर पाई-1 की एलजी व एल्डिको ग्रीन सोसाइटी में आयोजित प्रबुद्ध जन संवाद में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि जेवर क्षेत्र में लगने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां, इस क्षेत्र को पहचान दिलाने के साथ-साथ यहां के नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराएंगी और इस प्रदेश की जीडीपी में भी अपना योगदान देंगी।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। यही कारण है कि निवेशक कहीं और जाने के बजाय अब भयमुक्त होकर जेवर के साथ साथ उत्तर प्रदेश में अपनी औद्योगिक इकाईयां लगाने के लिए आगे आ रहे हैं। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अंत में कहा कि हम जेवर विधानसभा को दुनिया की अतिविकसित विधानसभा की तरफ ले जा रहे हैं।

❝ उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था से लेकर रोड कनेक्टिविटी और शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य में तेजी से बढ़ रहा है आगे : धीरेन्द्र सिंह

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने हर वर्ग की उन्नति और प्रगति के लिए कार्य किए हैं। तत्कालीन सरकारों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 08 से 10वें पायदान पर हुआ करती थी, लेकिन योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विगत 07 वर्षों में उत्तर प्रदेश, देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## गेंहू की फसल में आग लगने से किसानों का भारी नुकसान



**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। दादरी क्षेत्र में गेहूं की खड़ी फसल में आग लगने से कई एकड़ में लगी फसल तबाह हो गई। खेतों में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किसानों की मदद से आग पर जैसे-तैसे काबू पाया। दादरी थाना क्षेत्र के कोट गांव में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी का मच गई, जब खेतों में गेहूं की पक्की फसल में अचानक से आग लग गई। जैसे ही आग लगने की सूचना किसानों को लगी तो वह सभी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही टीम मौक पर पहुंची और किसानों की मदद से आग बुझाने के प्रयास में जुट गई। आग के विकराल रूप धारण करने के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फिलहाल पुलिस ने आग पर काबू पा लिया है। साथ ही नुकसान के आकलन में जुट गई है।

## मतदाता पहचान पत्र न होने पर भी करेंगे मतदान

**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परंतु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं के पास पहचान पत्र नहीं है, ऐसे मतदाता पहचान के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको, डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लि.मि. कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यू.डी.आई.डी.) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करके अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

❝ वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में से किसी एक का प्रयोग कर करें मतदान : जिला निर्वाचन अधिकारी

## वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग व कोविड पॉजिटिव मतदाता को आज से घर पर मतदान की मिलेगी सुविधा

**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गौतमबुद्ध नगर के अन्तर्गत अनुपस्थित मतदाताओं यथा वरिष्ठ नागरिक (आयु-85 वर्ष से अधिक), दिव्यांग मतदाता, कोविड पोजेटिव मतदाताओं को डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा 15 अप्रैल एवं 16 अप्रैल को घर पर ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तहत 61- विधानसभा नोएडा हेतु 8 टीम, 62-विधानसभा दादरी हेतु 3 टीम, 63-विधानसभा जेवर हेतु 9 टीमों का गठन किया गया है, प्रत्येक मतदान टीम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर एवं वीडियों ग्राफर को लगाया गया है।

उन्होंने बताया मतदान टीम 15 तथा 16 अप्रैल को घर घर जाकर सुबह 07 बजे से सायं 06 बजे तक मतदान कराने का कार्य करेगी। समस्त राजनैतिक दल एवं समस्त प्रत्याशी 13 -गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को भेजकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन कर सकते है। उन्होंने बताया कि नोएडा-61 विधानसभा में वरिष्ठ नागरिक (आयु-85 वर्ष से अधिक) मतदाता 4288 एवं दिव्यांग मतदाता 4453, दादरी-62 में वरिष्ठ नागरिक (आयु-85 वर्ष से अधिक) मतदाता 4034 एवं दिव्यांग मतदाता 3864, जेवर-63 में वरिष्ठ नागरिक (आयु-85 वर्ष से अधिक) मतदाता 3144 एवं दिव्यांग मतदाता 2335 को डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा घर पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।

## मतदाता जागरूकता रैली में स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, अधिकारियों व शिक्षकों ने लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदाताओं को जागरुक करने के लिए जी डी गोयनका इन्टरनेशनल स्कूल नोएडा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह व सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर, जिला स्वीप टीम, स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली में चुनाव का पर्व, देश का गर्व स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाता सहभागी बन सकें। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता रैली में अधिकारियों, स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों एवं शिक्षिकाओं के द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। आयोजित रैली में समस्त प्रतिभागियों को मतदान की शपथ दिलायी गई एवं 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## बच्चों ने बैसाखी व अंबेडकर जयंती पर दी प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा के कक्षा बारहवीं के छात्रों ने की प्रार्थना सभा में वैसाखी व अंबेडकर जयंती के सुअवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति दी। हिंदुओं और सिखों के बीच मनाया जाने वाला, बैसाखी एक वसंत फसल उत्सव है जो हर साल 13 या 14 अप्रैल को मनाया जाता है। सभी का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। साथ ही अंबेडकर जयंती के सुअवसर पर छात्रों ने एक छोटा सा नाट्य अभिनय भी प्रस्तुत किया। प्रार्थना सभा के अंत में छात्रों को एक खेल भी खेलता गया जिसमें प्रस्तुत कार्यक्रम व नाटक से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। विद्यालय की एच एम सुहानी दौर ने छात्रों को संबोधित किया।

## ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर तीन में मनाई गई बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती





**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर- 3 में रविवार भारतीय संविधान के निर्माता प्रमुख संरचनात्मक संशोधक और सामाजिक सुधारक डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की स्मृति मनाया। यह कार्यक्रम, भारतीय बौद्ध महासभा समिति संस्था द्वारा आयोजित किया गया है। डॉ. अंबेडकर की जीवन और उनके निरंतर प्रयासों का जश्न मनाने का उद्देश्य है, जिनके माध्यम से सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण को जारी रखा जाता है। डॉ. अंबेडकर कार्यक्रम में निम्नलिखित घटनाओं का आयोजन हुआ।

प्रतिष्ठित वक्ता डॉ. अंबेडकर के योगदान और उनके समकालीन समाज में महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसी क्रम में सामाजिक सुधार, मानव अधिकार, समानता और समावेशी विकास के विभिन्न पहलुओं पर उपस्थित विद्वानों ने अपने ओजस्वी संबोधन व विचारों से समाज को जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के सर्व भौमिक दृष्टिकोण और परिवर्तन पर कविताएं, गीत प्रस्तुत किए गए, इसी के साथ 5 किलोमीटर तक बाबा साहब की झांकी वा रैली निकाली गई। जिसमें लगभग 500 से अधिक युवाओं, महिलाओं, बच्चों बालिकायों और बुजुर्गों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अंत में कार्यक्रम आयोजक मंडल द्वारा विशिष्ठ अतिथियों को सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम की आयोजन सम्मति की प्रमुख रेशम सिंह, सुभाष सिंह, विजेंद सिंह, राजेंद्र सिंह, मटरू सिंह, केवी सिंह, वीके सिंह, मनोज कुमार, प्रदीप, जयपाल सिंह, हेमंत, रवि कुमार, विकाश राठौड़ सभी के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंजू सिंह वा केवी सिंह ने किया।

■ पांच किमी तक बाबा साहब की झांकी व रैली निकाली गई

## डॉ. अंबेडकर जयंती पर जीबीयू में संगोष्ठी के साथ कई कार्यक्रम हुए आयोजित



**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। जीबीयू में स्थित इण्टरनेशनल कन्वेशन सेण्टर में जीबीयू के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के डॉ. अम्बेडकर सेण्टर फॉर द स्टडी ऑफ ह्यूमैन राइट्स द्वारा 'समकालीन समय में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर का प्रभाव एवं प्रासंगिकता' नामक विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजा शेखर वुन्द्रू, आईएएस, एडीशनल चीफसेक्रेटरी, हरियाणा ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छात्र जीवन से लेकर राजनीतिज्ञ बने के इतिहास को उद्घाटित करते हुए भारतीय राजनीति एवं राजनीतिक आरक्षण के क्षेत्र में प्रकाश डाला। जीबीयू के कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि डॉ. अम्बेडकर को पूजने की नहीं, अपितु उन्हें पढ़ने एवं जानने की आवश्यकता है। उनके उल्लेखनीय योगदान एवं कृतित्व के बारे में भावी पीढ़ी को अवगत कराना हम सभी का मुख्य ध्येय होना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. रवीन्द्र कुमार (इग्नू, नई दिल्ली) ने सामाजिक समानता की स्थापना में डॉ. अम्बेडकर के संघर्षों तथा राष्ट्र-निर्माण में उनके द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों पर प्रकाश डाला। जीबीयू की छात्रा कामाक्षी पाण्डेय के समन्वयन में यशोधरा शिक्षा शिविर के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य एवं गायन किया गया। इस असवर पर डॉ. मनीष मेश्राम एवं डॉ. नीता सिंह के समन्वयन में डॉ. अम्बेडकर पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को भी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी, वित्त अधिकारी नीरज कुमार, डॉरेक्टर वर्क्स डॉ. विवेक मिश्रा, विभागाध्यक्ष डॉ. अक्षय कुमार सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर पासवान सहित विश्वविद्यालय प्रशासन, जीबीयू के मीडिया प्रभारी डॉ. अरविन्द कुमार सिंह मौजूद रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

## जिला कारागार में बंदियों के स्वास्थ्य की हुई जांच, दी गई दवाएं



**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला कारागार में रोटरी क्लब ग्रेनो व श्री कृष्णा लाइफ लाइन हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया, जिसमें जेल में बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। रोटरी क्लब अध्यक्ष कपिल शर्मा ने बताया कि रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा व श्री कृष्णा लाइफ लाइन हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा द्वारा नि:शुल्क महिला स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया गया। डॉ. रिचा त्यागी ने बताया कि जेल में बंद महिला बंदियों की ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर व जनरल आदि की जॉच की गई। महिलाओं में हीमोग्लोबिन की समस्या ज्यादा रहती है जिसके लिए उनको सही खान पान व सर्वाइकल के लिए सही व्यायाम की जानकारी दी गई। हॉस्पिटल की तरफ से महिला बंदियों को कैल्शियम, विटामिन डी, हीमोग्लोबिन, दर्द, बुखार की दवाई व सेनेटरी पैड भी नि:शुल्क दिए गए। शिविर में कपिल शर्मा, मुकुल गोयल, विशाल तायल, डॉ. रिचा त्यागी, डॉ. कुलजीत, डॉ. अंजली, रीना , मीनाक्षी, रवि आदि उपस्थित रहे। जिला कारागार से जेलर जे. पी. तिवारी, मनोरमा सिंह, मुकेश प्रकाश, डॉ. शिव शंकर गौतम आदि उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकाली गई झांकी



**दनकौर,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सुंदर झांकी निकाली गई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रफल के सैकड़ों की तादाद में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रास्तों से डॉ. भीमराव अंबेडकर समेत अन्य दलित महापुरुषों की सुंदर झांकी भी निकाली गई। डीजे पर लोगों ने जमकर डांस भी किया। झांकी के दौरान सैकडों संख्या में लोग उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र भर के सरकारी और प्राइवेट स्कूल और कॉलेज समेत अन्य संस्थाओं में भी में भी जयंती धूमधाम से मनाई गई। साथ ही इस दौरान लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की शिक्षाओं पर चलकर समाज हित में कार्य करने की शपथ भी ली।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## जीबीयू के ग्लिच टेक फेस्ट में टेक जगत से जुड़ी प्रतियोगिताएं हुई आयोजित



**ग्रेटर नोएडा,**14 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने प्रौद्योगिकी और नवाचार के अपने वार्षिक उत्सव, ग्लिच टेक फेस्ट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों में नवाचार, प्रतिस्पर्धा और प्रेरणा के संचार का दावा करती है।

इस उत्सव में मुख्यत: भिन्न प्रकार की टेक-जगत से जुड़ी हुई प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा रहीं हैं, जिनमें तकरीबन पांच सौ से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ग्लिच टेक फेस्ट 2024 की मुख्य प्रतियोगिता 24 घंटे तक लगातार चलने वाली हैकथॉन होगी, जिसमें 200 ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ. आई. सी. टी के डीन प्रो. संजय कुमार शर्मा, कुलपति प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा एवं समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. नीरज शर्मा, पलाउ गणतंत्र के कॉन्सुलेट जेनेरल, ने द्वीप प्रज्वलन से किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने सभी अतिथिगणो का अभिनंदन किया। टेक फेस्ट में कोडिंग चैलेंज, फेस पेंटिंग, मोनोलॉग जैसे कई प्रतियोगिताएं कराई गईं जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

■ छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया

उत्सव के आकर्षक आयोजनों के विस्तृत सूची में ट्रेजर हंट, कोडिंग चैलेंज, पैनल डिस्कशन, फेस पेंटिंग, फैशन शो, लघु फिल्म स्क्रीनिंग आदि, जैसे कार्यक्रम भी शामिल हैं, जो प्रतिभागियों को लगातार विकसित हो रही जीवन शैली में कौशल और ज्ञान से लैस करते हैं।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों के साथ बातचीत महत्वपूर्ण दृष्टिकोण और अंतर्दृष्टि प्रस्तुत भी आयोजित कराई गई है। इसके अलावा, उद्यमशीलता और स्टार्टअप कार्यक्रम जैसे आयोजन को प्रक्रिया में लाया जा रहा हैं जिससे छात्रों में छुपे इंटरप्रेन्योर को उभारा जाए।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा, जनपद- गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तुस्याना, तहसील- दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर स्थिन खसरा संख्या- 101 में 0.6000 हे0 के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 88वीं बैठक में श्री मान सिंह पुत्र हुकम सिंह (6000 वर्ग मीटर) निवासी ग्राम के पक्ष में लिया गया है, जिसमें श्री मान की मृत्यु हो जाने के उपरान्त वारिसान के आधार पर श्री जगत सिंह, अजीत सिंह, ब्रहम जीत सिंह पुत्रगण स्व0 मान सिंह निवासी ग्राम तुस्याना तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण के अभिलेखों में इनके नाम दर्ज जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रामनयन सिंह)
विशेष कार्याधिकारी

नई दिल्ली, सोमवार 15 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक :* स्व. मायाराम सुरजन

## दिवास्वप्न जैसा भाजपा का घोषणापत्र

आम चुनाव में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने वाला है और उससे ठीक पांच दिन पहले अंबेडकर जयंती पर सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणापत्र पेश किया। यूं तो 10 सालों से केंद्र की सत्ता पर बैठी भाजपा को अपने 10 साल के काम दिखाकर ही जनता से वोट मांग लेने चाहिए थे। अलग से घोषणाएं करने की कोई जरूरत ही नहीं थी। 2014 में नरेन्द्र मोदी ने अच्छे दिनों का वादा जनता से किया था। अगर अच्छे दिन 2014 से शुरु हो चुके थे, तो उन्हें 2024 में भी जारी रहने दिया जा सकता था। लेकिन हकीकत क्या है, ये भाजपा भी अच्छे से जानती है और अब जनता भी समझने लगी है। इसलिए भाजपा को अपना संकल्प पत्र नाम का घोषणापत्र जारी करना पड़ा। जिसमें महंगाई या बेरोजगारी पर कोई बात नहीं की गई, अलबत्ता मोदी की गारंटी जैसी शब्दावली के साथ नयी घोषणाओं को पेश किया गया है।

कांग्रेस का घोषणापत्र न्यायपत्र के नाम से जारी किया गया है और भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में ज्ञान का ज़िक्र किया है। जी वाय ए एन का विस्तार हुआ, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी। भाजपा की यह ज्ञान वाली कोशिश कांग्रेस के आगे बचकानी ही नजर आई। क्योंकि भाजपा अगर 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए नए वादे कर रही है, इसका मतलब यही हुआ कि 10 सालों में इन वर्गों के उत्थान में भाजपा सफल नहीं हो पाई है।

भाजपा ने 2014 में सत्ता में आने के लिए हर साल 2 करोड़ रोजगार, हर खाते में 15 लाख जैसे वादे किए थे, फिर 2022 तक किसानों की दोगुनी आय की बात कही थी, नमामि गंगे, बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी के सपने लोगों को दिखाए थे। और भाजपा की सत्ता के साल गुजरने के साथ ही ये तमाम बातें जुमलेबाजी में बदल गईं। हल्की-फुल्की चर्चा और मस्ती-मजाक में किसी पर जुमलेबाजी करना, ऊंची-ऊंची हांकने, मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने जैसी बातें स्वीकार्य हो सकती हैं, लेकिन जब इनका असर देश पर होने लगे तो यह हर नागरिक के लिए खतरे की घंटी है कि वह संभल जाए।

भाजपा के 10 सालों में गंगा नदी साफ नहीं हुई, बल्कि इस दौरान काशी विश्वनाथ से लेकर महाकाल तक कई मंदिरों में कॉरिडोर बनाकर उन्हें आम आदमी की पहुंच से दूर कर दिया गया। उत्तराखंड में हिमालय में पड़ रही दरारों को अनदेखा कर ऑल वेदर रोड जैसी परियोजनाएं शुरु हो गईं। एक साल तक किसानों को आंदोलन पर बैठना पड़ा, अब भी किसान आंदोलनरत हैं, इस बात को भुलाकर किसानों के उत्थान के नए वादे हो रहे हैं। मणिपुर से लेकर महिला पहलवानों तक नारी उत्पीड़न के कई गंभीर मामलों को अनदेखा कर नारी शक्ति की बात की जा रही है। बुलेट ट्रेन अब तक नहीं चली, अब नयी वंदे भारत की बात होने लगी है और ओडिशा में हुई बड़ी रेल दुर्घटना के दोषियों को कब सजा मिलेगी, वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती टिकट की व्यवस्था क्या फिर से शुरु होगी, इस पर कोई बात नहीं की जा रही। 45 सालों में बेरोजगारी के आंकड़े क्यों बढ़े, इसका कोई जवाब न देकर पकौड़ा रोजगार का विकल्प मोदी सरकार ने पेश किया था, अब सरकार रोजगार की बात ही नहीं कर रही और युवाओं को लुभाने के लिए पेपरलीक पर कड़े कानून की बात कर रही है। पेपर तो पिछले 10 सालों में कई बार लीक हुए, तो अब तक सरकार ने कोई कानून क्यों नहीं बनाया, ये सवाल भाजपा से पूछा जाना चाहिए।

सरकार का दावा है कि उसने करोड़ों लोगों को गरीबी से निकाला, लेकिन ये बात सच है तो फिर 80 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज योजना का सच क्या है। क्या लोग इसी तरह 5 किलो अनाज के मोहताज बनकर अपने स्वाभिमान को छोड़कर केवल सांस लेते रहने के लिए जिंदा रहेंगे। क्या श्री मोदी 2047 के विकसित भारत में ऐसे ही जिंदा लोगों का देश बनाना चाहते हैं।

भाजपा के घोषणापत्र में एक नया शिगूफा 2036 में ओलंपिक की मेजबानी का छोड़ा गया है। ओलंपिक की मेजबानी शायद ही किसी देश में चुनाव का मुद्दा बना हो, श्रीमान नरेन्द्र मोदी ने इस बात को भी मुमकिन कर दिखाया है। ओलंपिक किस देश में होंगे, यह तय करना अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों का काम है, और समिति किसी पार्टी नहीं, बल्कि देश के हालात देखकर उसका चयन करती है। अभी 2032 तक की मेजबानी तय हो चुकी है, मगर श्री मोदी ने 2036 की बात अपने घोषणापत्र में कर दी है। मानो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति भारत को नहीं भाजपा को ओलंपिक की मेजबानी के लिए चुनेगी। भाजपा के घोषणापत्र में ओलंपिक की मेजबानी का ज़िक्र ठीक वैसा ही है जैसे 15-15 लाख हर खाते में डालने की बात थी। तब लोगों को ये आसान गणित समझाया गया था कि स्विस बैंकों में रखा हुआ काला धन मोदीजी देश में ले आएंगे और उसे फिर सारे लोगों में बांट देंगे। अभी प्रवर्तन निदेशालय द्वारा प.बंगाल में पकड़ी गई अवैध धनराशि के भी इसी तरह वितरण की बात श्री मोदी ने कही है। लोगों को यह सुनकर ही अच्छा लगता है कि बैठे-ठाले उन्हें लाखों की रकम मिल जाएगी। मगर 10 सालों में लोगों को नोटबंदी, जीएसटी और बैंकों के दिवालिया होने या बड़े कर्जदारों के देश से भाग जाने पर लाखों का चूना लग चुका है।

भाजपा के घोषणापत्र में इन भगोड़ों को वापस लाने की कोई बात नहीं है, बैंकिंग व्यवस्था मजबूत करने, छोटे और लघु व्यवसायियों को राहत मिलने, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और नए सार्वजनिक निकायों को स्थापित करने की कोई बात नहीं है। केवल सुनहरे ख्वाबों को नए सिरे से दिखाने की कोशिश की गई है। लेकिन जनता अब शायद दिन में सपने देखने से मना कर दे।

# मुकाबला : कांग्रेस का घोषणा पत्र बनाम भाजपा का घोषणा पत्र

अभी जो पहली निगाह में दिखा वह है भाजपा के घोषणा पत्र में हर पेज पर मोदी जी का फोटो। कितने होंगे गिनना पड़ेगा। 50 से ऊपर तो होंगे। फोटो के मामले में तो कांग्रेस के घोषणा पत्र से बहुत आगे है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में तो राहुल के तीन चार फोटो होंगे। और वह भी साथ में। अकेला तो कोई दिखा नहीं। बाकी मोदी जी के फोटो में तो कोई उनके साथ फ्रेम में आ ही नहीं सकता। सारे फोटो एकल होते हैं।

और बाकी क्या तुलना करें! कांग्रेस की 30 लाख सरकारी नौकरियों का जवाब तो भाजपा के घोषणा पत्र में कहीं दिख नहीं रहा। न महंगाई की बात। न शिक्षा फ्री करने की बात। घोषणा पत्र शुरू ही मोदी जी के देश के नाम संदेश से होता है। जिसमें वे 23 साल बाद की बात 2047 की कर रहे हैं। दस साल में लाखों युवा ओवर एज हो गए। और 2047 तक वे भी हो जाएंगे जो अभी टीन एज (किशोरावस्था) में आ रहे हैं या आए ही हैं।

लेकिन जो भी हो यह मुकाबला अच्छा है। घोषणा पत्र बनाम घोषणा पत्र का। कांग्रेस के घोषणा पत्र ने देश में उम्मीद की एक नई लहर पैदा कर दी थी। उसके बाद राष्ट्रीय जनता दल ने एक करोड़ रोजगार की बात करके उस उम्मीद को और परवान चढ़ा दिया। इससे पहले बिहार में सरकार में रहते हुए तेजस्वी यह कारनाम कर चुके थे। लाखों शिक्षकों को नौकरी देने का। इसलिए उनका केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर नौकरियों को प्राथमिकता देने के वादे का युवाओं और उनके माता-पिताओं पर गहरा असर हुआ। अब लग यह रहा था कि कांग्रेस आरजेडी इन सबका जवाब देने के लिए मोदी जी नौकरियों का खजाना वैसे ही खोल देंगे जैसे उन्होंने अडानी-अंबानी के लिए सरकार के खजाने खोल दिए हैं।

मगर 76 पेज के संकल्प पत्र में, जाहिर है कांग्रेस के 46 पेज के न्याय पत्र से ज्यादा पेज का निकालना था, युवाओं को नौकरी देने की गारंटी ढूंढे नहीं मिल रही है।

एक चेप्टर है युवाओं को अवसर मोदी की गांरटी। मगर उसमें सरकारी नौकरी का कहीं जिक्र नहीं दिख रहा है। एक उप शीर्षक है- पारदर्शी सरकारी भर्तियां। मगर उसमें सरकारी नौकरी कितनी और कब देंगे के बदले पेपर लीक नियंत्रण के लिए कड़े कानून बनाने की की बात है। और पारदर्शी सरकारी परीक्षाओं की।

अभी तक यह दोनों काम क्यों नहीं किए इसका कोई कारण नहीं बताया है। युवाओं से हर वादा ऐसा है कि अभी और जीते होते यही इंतजार होता। 2014 में मोदी जी आए थे। उस समय जो युवा था वह दस साल से इंतजार कर रहा है। अब इस घोषणा पत्र में उससे कहा है 2047। मतलब 2014 के 33 साल बाद का नक्शा। तब तक 2014 का युवा वरिष्ठ नागरिक हो चुका होगा। शायद इसलिए वह वरिष्ठ नागरिकों वाला चेप्टर ज्यादा ध्यान से पढ़ रहा है।

मोदी जी ने भी युवाओं के ठीक बाद अगले पेज पर ही वरिष्ठ नागरिकों को वरियता मोदी की गारंटी शीर्षक से चेप्टर लगाया है। 2014 से पहले वह पढ़ा-लिखा। 14 के बाद नौकरी का इंतजार करता रहा और फिर 2047 में विकसित भारत बनेगा पढ़कर वह वरिष्ठ नागरिकों के चेप्टर में अपना भविष्य देखने लगा है।



शकील अख्तर

> देखना युवा को ही है कि उसे क्या करना है। कांग्रेस ने तो अपने घोषणा पत्र के शुरू में ही एक सवाल पूछा है। सवाल है कि क्या आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है? भाजपा के घोषणा पत्र आने के बाद युवाओं को इस सवाल का जवाब खोजना चाहिए। क्या वह 2047 तक इंतजार करेगा? 2014 में जिस की औसत आयु 27 वर्ष थी। वह 2047 में 60 वर्ष का हो जाएगा। परफेक्ट सीनियर सिटीजन।

मजेदार है। देखना युवा को ही है कि उसे क्या करना है। कांग्रेस ने तो अपने घोषणा पत्र के शुरू में ही एक सवाल पूछा है। सवाल है कि क्या आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है? भाजपा के घोषणा पत्र आने के बाद युवाओं को इस सवाल का जवाब खोजना चाहिए। क्या वह 2047 तक इंतजार करेगा? 2014 में जिस की औसत आयु 27 वर्ष थी। वह 2047 में 60 वर्ष का हो जाएगा। परफेक्ट सीनियर सिटीजन। ढूंढे कि उस उम्र के क्या-क्या लाभ मिलते हैं। वैसे बता दें कि सीनियर सिटीजन को मिलने वाले रेल यात्रा कंसेशन को मोदी सरकार बंद कर चुकी है। और न केवल बंद कर चुकी है बल्कि इसका फायदा भी देश को यह कहकर बता चुकी है कि वरिष्ठ नागरिकों के रेल किराए में छूट खत्म करके हमने 5800 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए भी।

मतलब वरिष्ठ नागरिक जिनके पास आय का कोई जरिया नहीं होता उनसे भी पैसे छीने। और इसे गर्वपूर्वक अपनी कमाई बता रहे हैं। यह ऐसा ही है जैसे घर में वृद्ध माता-पिता की दवाइयां बंद करके या उनके खाने-पीने में से दूध, दही, घी, फल, सब्जी निकालकर कहा जाए हमने इतने पैसे कमाए! 2047 के विकसित भारत का सपना देख रहे युवाओं को यह देख लेना चाहिए उस समय जो वे वरिष्ठ नागरिक हो चुके होंगे तो उनके लिए क्या होगा। युवावस्था में नौकरी नहीं और वृद्धावस्था में उनके खाने-पीने, दवाइयों से कटौती करके कमाई! इसलिए कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पूछा है कि क्या जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है? दें युवा जवाब। और बाकी सब भी दें।

चुनाव है। मौका है। मुंह से बोलने से डर लगता है तो वोट से दें। जवाब दें कि क्या 2014 से पहले जो पढ़ाई-लिखाई की वह 14 के बाद काम आई? या आगे जैसा बीजेपी बता रही है उसकी 2047 तक की योजना उसमें कोई भविष्य की संभावना दिख रही है?

बहुत बढ़िया है। दो प्रमुख पार्टियों के चुनाव घोषणा पत्र का मुकाबला। जनता देखे। युवा देखें। किस ने कितनी नौकरी, रोजगार का वादा किया है। सरकारी शिक्षा का वादा है। नि:शुल्क। भूमिहीनों को जमीनों का वादा है। किसानों को मजदूरों को महिलाओं को किसके लिए क्या ठोस घोषणा है और किसने क्या शब्द जाल फैलाते हुए सब्ज बाग दिखाए हैं।

मोदी जी ने तो बोल दिया कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र है। हड़कम्प मचा दिया। क्या देश में क्या विदेश में हर आदमी कांग्रेस का न्याय पत्र पढ़ने लगा। 46 पेज का है। एक-एक पेज पढ़ डाला। एक-एक शब्द। कहीं मुस्लिम लीग नहीं मिला। युवा, किसान, महिला, मजदूर, आम जनता, गरीब, दलित, पिछड़ा, आदिवासी मध्यमवर्ग ही मिलता चला गया। उसी के हितों की बातें मिलती चली गईं। मोदी जी ने यह क्या कर दिया। कांग्रेस के न्याय पत्र को एकदम हिट कर दिया। गरीब कमजोर युवाओं में लोकप्रिय। जो पढ़ना नहीं जानते वे भी वीडियो देख-देख कर सुन रहे हैं। मुस्लिम लीग कहीं मिलता नहीं। उनके मतलब की सारी बातें मिलती हैं। उनके बच्चों की मुफ्त शिक्षा की बात। उनके लिए मुफ्त सरकारी इलाज की बात। जमीन की बात। कर्ज माफी की बात। रोजगार की बात।

मोदी जी ने यह क्या कह दिया। अब उनका घोषणा पत्र आ गया। वह भी पढ़ते हैं। सुनते हैं। मगर नौकरी की बात तो कहीं मिल नहीं रही। महंगाई कम करने की बात भी नहीं। हां बुलेट ट्रेन के विस्तार की बात है। हैं न चौंकने वाली बात। बुलेट ट्रेन है कहां? जो इसका विस्तार होगा। मजेदार है। चुनाव इसी पर होना चाहिए। टीवी वालों डिबेटें शुरू कर दो। कांग्रेस का न्यायपत्र और भाजपा का संकल्प पत्र!

अगर यह हो गया दोनों के घोषणा पत्रों पर अखबारों और टीवी में बहस हो गई तो बड़ी मजेदार चीजें निकलकर सामने आएंगी। पहली तो यह कि फोटो के मामले में राहुल बुरी तरह हारेंगे। अभी किसी ने गिन कर बताया मोदी जी के 55 फोटो हैं। राहुल के 5 भी नहीं। दूसरे मोदी की गारंटी हैं। कांग्रेस राहुल का न्याय कह ही नहीं पाई। तो मोदी में राहुल कहीं मुकाबला नहीं कर पाएंगे। बस मीडिया को ध्यान यह रखना है कि नौकरी, बेरोजगारी, मंहगाई की बात न होने पाए। इन पर भाजपा के घोषणा पत्र में कुछ नहीं मिलेगा। यहां एंकरों को एकदम स्पष्टवादी बनना होगा। साफ कह देना होगा नौकरी, युवा, जनता, महंगाई कोई इशु नहीं। इशु है मुस्लिम लीग। और वह कांग्रेस के न्याय पत्र में कहां है। यह हम ढूंढ रहे हैं। और यकीन मानिए ढूंढ कर मानेंगे। मोदी जी ने कहा है तो है। उनकी दूसरी गारंटियों की तरह यह भी गारंटी है। जैसे बाकी गारंटी पूरी होंगी। यह भी होगी। आज नहीं तो कल। कल नहीं तो 2047 में। नहीं तो मोदी जी ने एक हजार साल की बात भी कही है। तब। हम बताएंगे ढूंढ कर कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग का जिक्र। हां, मगर हमसे यह उम्मीद मत कीजिए कि हम बीजेपी के घोषणा पत्र में से नौकरी, बेरोजगारी और महंगाई की बात ढूंढ कर बता दें। वह संभव नहीं है। रेत में सुई ढूंढने को कहेंगे तो वह भी ढूंढ सकते हैं। मगर भाजपा के घोषणा पत्र में नौकरी नहीं!

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# सर्वोच्च न्यायालय चुनाव तक विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई पर लगाए रोक

■ **नित्य चक्रवर्ती**

इसमें थोड़ी देर हो सकती है क्योंकि 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत में केवल छह दिन बचे हैं, लेकिन अब भी समय आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट इस पर रोक लगाकर विपक्ष के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करे। वर्तमान में ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों द्वारा विपक्षी दलों और उनके नेताओं के खिलाफ राजनीति से प्रेरित छापे मारे जा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया एक जून तक चलेगी। सात चरणों में मतदान पूरा होने में अभी छह हफ्ते बाकी हैं। अब तक, सत्तारूढ़ भाजपा ने न केवल विपक्षी दलों, विशेषकर मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस के वित्तीय संसाधनों को कमजोर करने के लिए अपनी तीन केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग किया है, बल्कि इसने प्रमुख विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के चुनाव प्रचार अभियान को भी उन्हें ईडी, सीबीआई आदि केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा सम्मन जारी करबाधित किया जा रहा है। विशेषकर ईडी विपक्ष से भाजपा के पक्ष में दलबदल कराने के लिए सत्तारूढ़ दल के मुख्य हथियार के रूप में काम कर रही है।

यह एक विषैली स्थिति है और किसी भी लोकसभा चुनाव से पहले ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय को 18वीं लोकसभा चुनावों की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी होगी और आदेश देना होगा कि विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजंसियों की ऐसी सभी गतिविधियां चुनाव के आखिरी दिन 1 जून तक निलंबित करना होगा ताकि चुनाव मैदान में समान अवसर सुनिश्चित किया जा सके। एजंसियां अपने कार्यों की निगरानी करना जारी रख सकती हैं लेकिन विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही कुछ विशिष्ट कार्रवाई की है। कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि चुनाव खत्म होने तक टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को ईडी समन नहीं कर सकती है। इसी तरह, कोर्ट के कहने पर आईटी विभाग ने बकाया और जुर्माने की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव के अंत तक कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया। ये विशिष्ट हस्तक्षेप हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट को अब सामान्य हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि ईडी या आईटी विभाग निचली अदालतों की मदद से अपने कार्यों को अंजाम न दे सकें।

11 अप्रैल को, 87 सेवानिवृत्त उच्चाधिकारियों के एक समूह, जिन्होंने राज्य और केंद्र दोनों सरकारों में सेवा की, ने आम चुनाव से पहले समान अवसर की चुनौतियों के बारे में चिंता व्यक्त करने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा। हस्ताक्षरकर्ताओं में पूर्व आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारी शामिल हैं। यद्यपि यह पत्र ईसीआई के लिए है, यह शीर्ष न्यायालय द्वारा विचार किये जाने के लिए अधिक प्रासंगिक है क्योंकि यह संविधान को प्रभावित करने वाले व्यापक क्षेत्रों से संबंधित है।

किसी भी राजनीतिक दल के साथ अपनी गैर-संबद्धता और 'भारत के संविधान में निहित आदर्शों' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए, हस्ताक्षरकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाना शुरू किया। दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनकी गिरफ्तारी तब की जब आदर्श आचार संहिता लागू थी।

पूर्व उच्चाधिकारियों ने 'आम चुनाव के दौरान विपक्षी दलों और विपक्षी राजनेताओं के उत्पीड़न और उन्हें परेशान करने वाले पैटर्न' पर भी चिंता जताई और कहा कि 'यह एजंसियों की प्रेरणा पर सवाल उठाता है'।

उन्होंने आम चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के खिलाफ आयकर विभाग की पुनर्मूल्यांकन कार्रवाई और विपक्षी नेताओं को नोटिस के बारे में भी आपत्ति व्यक्त की।

यह हैरान करने वाली बात है कि आयकर विभाग को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ-साथ अन्य विपक्षी दलों के पुराने आकलन को फिर से क्यों खोलना चाहिए, वह भी आम चुनाव की पूर्व संध्या पर। पत्र में कहा गया है कि इस समय लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार और तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा से संबंधित परिसरों की तलाशी लेना और अन्य विपक्षी उम्मीदवारों को नोटिस जारी करना भी समझ से परे है।

> किसी भी राजनीतिक दल के साथ अपनी गैर-संबद्धता और 'भारत के संविधान में निहित आदर्शों' के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए, हस्ताक्षरकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी ( आप ) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाना शुरू किया। दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) उनकी गिरफ्तारी तब की जब आदर्श आचार संहिता लागू थी।

सूत्रों की मानें तो तीन सदस्यीय ईसीआई ने भारतीय नेताओं द्वारा भाजपा सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के लगाये गये आरोपों की सत्यता पर चर्चा की। चुनाव आयोग का नवीनतम विचार यह है कि आयोग के पास किसी भी चल रही जांच में हस्तक्षेप करने की कोई शक्ति नहीं है। केंद्रीय एजंसियों को एडवाइजरी जारी करने की बात हुई थी, लेकिन वह विचार भी छोड़ दिया गया। इसलिए, विपक्षी दल ईसीआई से किसी प्रभावी हस्तक्षेप की उम्मीद नहीं कर सकते हैं, बल्कि केवल सर्वोच्च न्यायालय ही संविधान के नाम पर केंद्रीय एजंसियों को कोई सलाह जारी कर सकता है।

इससे पहले भी, सर्वोच्च न्यायलय ने मणिपुर में जातीय दंगों के दौरान और प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा के लिए कोविड काल के दौरान की स्थिति पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की थी। अप्रैल 2024 में, सर्वोच्च न्यायलय ने तीन केंद्रीय एजेंसियों को कार्रवाई से दूर रहने के लिए कड़ी सलाह जारी करने में हस्तक्षेप करके अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी पूरी करने का दावा कर सकता है। इस साल 15 फरवरी को 2017 इलेक्टोरल बॉन्ड अधिनियम को असंवैधानिक घोषित करके सीजेआई डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने भारतीय लोकतंत्र में समान अवसर प्रदान करने की बड़ी सेवा की। इसी भावना से, विद्वान सीजेआई तीन केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों में नवीनतम का आकलन कर सकते हैं और अपने निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# सफलता के सूत्र

सफलता हर व्यक्ति को अच्छी लगती है। हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है, लेकिन चाहते हुए भी अधिकांश में एक सफल जीवन नहीं जी पाते जिसमें बाहरी उपलब्धियों के साथ जीवन में सार्थकता का बोध भी हो। इसी विषय पर अमेरिकी लेखक स्टीफन कॉवे की पुस्तक सेवेन हेबिट्स ऑफ हाईली इफेक्टिव पीपल, प्रखर मार्गदर्शन करती है। व्यक्तिगत, सामाजिक तथा पेशेवर जीवन में सफलता को सुनिश्चित करने वाली इस पुस्तक में सात आदतों की चर्चा की गई है, जो हर प्रभावशाली व्यक्ति में पाई जाती है। पुस्तक में पूर्वी एवं पश्चिमी चिंतन के ज्ञान सार को समेटते हुए लेखक ने अपने सफल व्यावसायिक जीवन के अनुभवों को साथ जोड़कर प्रस्तुत किया है।

पहले चरण की आदत है, वो प्रोएक्टिव अर्थात अपने कर्मों की जिम्मेदारी लें और अपने समय व ऊर्जा को उन क्षेत्र में केंद्रित करें, जो आपके भावक्षेत्र में आती हों। भविष्य में जो चुनौतियां आ सकती हैं जिन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है,जिस तरह का उज्जवल भविष्य आप देखना चाहते हैं, इनके अनुरूप वर्तमान रणनीति पर विचार प्रोएक्टिव की आदत में शामिल है, जिससे कि हम वर्तमान कर्मों को ऐसा स्वरूप देते हैं कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्व से ही तैयार होते हैं, जिससे भविष्य में इच्छानुकूल अपेक्षित परिणाम आ सकें।एक प्रोएक्टिव व्यक्ति बनने लिए आवश्यक हो जाता है कि हम अपने व्यक्तित्व व जीवन के हर आयाम से अधिकाधिक परिचित हों तथा उन चीजों के प्रति जागरूक हों, जिन्हें हम अपनी क्रियाओं द्वारा प्रभावित कर सकते हैं। बदल सकते हैं, न कि उन चीजों पर, जो हमारे प्रभावक्षेत्र से बाहर हैं व जिन्हें हम बदल नहीं सकते।

दूसरा चरण है, बिगिन विद दि एंड इन माइंड अर्थात अपनी रुचि, क्षमता, संभावना तथा स्थिति को देखते हुए अपने लक्ष्य का निर्धारण करना। यह अपने जीवनलक्ष्य से जुड़ी आदत है। हमारा जीवनलक्ष्य कितना स्पष्ट है,एक मिशन स्टेटमेंट के रूप में क्या यह परिभाषित है, जिसमें आपका जीवन-दृष्टिकोण परिलक्षित होता हो। यह मायने रखता है और एक प्रभावशाली जीवन का निर्णायक तत्व रहता है। लक्ष्य स्पष्ट न होने पर जीवन के प्रति रवैया भी ढुलमुल रहता है, व्यक्ति के प्रयास आधे-अधूरे व शिथिल रहते हैं तथा जीवन में कहने योग्य सफलता अर्जित नहीं हो पाती, क्योंकि जीवन की शक्तियां इधर-उधर बिखरी रहती है।

इसी आधार पर आप अपने जीवन की नैया के खेवनहार की भूमिका में आ जाते हैं, अपने जीवन की पटकथा के लेखक की भूमिका में स्वयं को खड़ा पाते हैं। आप अपने भाग्य विधाता स्वयं बनते हो। प्रोएक्टिव माइंडसेट या मन:स्थिति के यह जीवन बोध मिलक सुनिश्चित करते हैं कि आप जो भी निर्णय लेंगे, वे आपके अपने जीवन के साथ मेल खा रहे हैं जैसा कि आप बनना चाहते हैं और आप अपने जीवन के लिए स्वयं पूरी तरह से जिम्मेदार रहते हैं।

तीसरे चरण की आदत है, पुट फर्स्ट थिंग फर्स्ट,, अर्थात यह समय प्रबंधन से जुड़ा पहलू है। यहां निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अपनी प्राथमिकताओं को परिभाषित करना होता है। इस चरण में अपने विजन को वास्तविकता में रूपांतरित किया जाता है और इसके अनुरूप उचित निर्णय लिए जाते हैं। इसके लिए अपने जीवन में महत्वपूर्ण, गैरमहत्वपूर्ण तथा आवश्यक व गैर आवश्यक कारकों की पहचान आवश्यक हो जाती है, साथ ही तात्कालिक चीजों को कैसे निपटाया जाना है, स्टीफन कॉवे के अनुसार, इसका अभ्यास व्यक्ति के इमोशनल बैंक एकाउंट को समृद्ध करता है, जिसके आधार पर व्यक्ति अधिक भावप्रवण बनता है और उसके व्यक्तित्व की विश्वसनीयता एवं प्रामाणिकता में इजाफा होता है, जो सामूहिक एवं सामाजिक स्तर पर सफल जीवन का एक निर्णायक आधार रहता है।

**युग निमाण योजना**

## आपके पत्र

### भाजपा के मेनिफेस्टो में गरीब और मध्यम वर्ग आम जनता को सीधा फायदा

भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी के नाम का मेनीफेस्टो जारी किया। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है। हर वर्ग और हर व्यक्ति को लाभकारी योजनाओ का फायदा देने के लिए श्री मोदी संकल्पित हैं। हर व्यक्ति को सुखी करने का वादा किया है। मेनिफेस्टो में 70 साल के बुजुर्गों के लिए पांच लाख का मुफ्त इलाज की घोषणा की है। दस साल की कामयाबी और हर व्यक्ति हर गांव और हर तहसील के लोगों को दस साल के अंदर केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिया गया है। वीडियो जारी कर केंद्र की लाभदायक योजनाओं को हर घर पहुंचाया है। उसको साझा किया है। मुफ्त राशन योजना 2029 तक जारी रखने और हर घर को नल से जल की योजना शुरू करने का वादा किया गया है। भाजपा एवं एनडीए जनता को हर तरह का लाभ देने के लिए प्रयत्नशील है। सरकार यूसीसी लाने का वादा किया है। तीन करोड़ गरीब लोगों को पक्के मकान देने का वादा मेनिफेस्टो के संकल्प पत्र में किया गया है। नतीजे आने के बाद काम शुरू हो जाएगा और सौ दिन के भीतर नई सरकार कार्य को अंजाम देने की तैयारी कर चुकी होगी। जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी जी का मिशन है। भारत को बुलंदियों पर ले जाने का संकल्प एनडीए ने लिया है। उस पर तेजगति से काम हो रहा है। 20 लाख रुपए लोन की सीमा का प्राविधान है। सीएए लागू करने एवं यूसीसी की कवायद शुरू की जाएगी। वन नेशन वन इलेक्शन लागू होगा। फसलों में एमएसपी में वृद्धि की मंशा है। बुलेट ट्रेन पूर्व पश्चिम और उत्तर की तरफ योजना का विस्तार किया जाने वाला है। राममन्दिर धारा 370 तीन तलाक सीएए महिला आरक्षण जैसे बिलो को लागू किया गया है। नारी शक्ति अधिनियम भाजपा की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। भारत उभरते सेक्टर का भागीदार बन रहा है। वंदे भारत ट्रेन का विस्तार और देश के हर कोने में बुलेट ट्रेन चलाने का प्लान है। कल्चर और टुरिज्म बढ़ाने की योजना है। मेनिफेस्टो में कांग्रेस की चार बड़ी योजनाओं से आम जनता का कोई उचित फायदा दिखाई नहीं दे रहा है।

### देश मे केंद्र सरकार की योजनाओं का असर हावी

केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिल चुका है और अभी योजनाएं लागू हैं उसका फायदा गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों तक पहुंचाने में भाजपा युद्ध स्तर पर काम कर रही है। लोकसभा चुनाव में इन्हीं योजनाओं को आगे रखकर भाजपा मतदाताओं के बीच पहुंच रही है। देश में मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने के लिए भाजपा ने कमर कस रखी है। जल जीवन मिशन, नल से जल योजना, गैस सिलेंडर और आवास योजनाओं का लाभ सीधा लोगों के खातों में जा रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव के मुद्दे मूलभूत सुविधाओं पर आधारित है। देश की तरक्की और विकास की बुलंदियों को छूने वाली इन योजनाओं से आम आदमी लाभान्वित हुआ है। जम्मू- कश्मीर से 370 की धारा हटने और सरकार विकास को आगे रखकर चुनाव में अपना पक्ष रख रही है। कश्मीर की जनता अमनपरस्त है। हर घर तक सुविधा मुहैया कराने का प्रयास हो रहा है इस पर काम भी हो रहा है। भाजपा ने विकास का मुद्दा बनाया है तो दस साल में भाजपा ने किए गए कार्यों को भी भुनाया जा रहा है। जबकि कांग्रेस फिर से जनाधार खो चुकी है। जम्मू कश्मीर में पांच फेज में मतदान होगा। चुनाव आयोग ने चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। श्री मोदी ने पिछले दिनों दिये अपने भाषण में कहा था कि जम्मू कश्मीर एक क्षेत्र नहीं है। यह एक मस्तक है यह कह कर सम्मान दिया। पांच सीटों वाले जम्मू-कश्मीर में भाजपा मैदान मारने की तैयारी में है। आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड योजना जम्मू-कश्मीर की पहली सबसे अहम योजना है जिसको लेकर जनता आतुर है और 93 प्रतिशत लोगों ने कार्ड बनाया हुआ है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## सिडनी चाकू हमले के संदिग्ध की पुलिस ने की पहचान

**सिडनी,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने सिडनी के एक शॉपिंग सेंटर में छह लोगों की चाकू मारकर हत्या करने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली है। बीबीसी के मुताबिक जोएल कॉची (40) ने शनिवार को भीड़भाड़ वाले वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन परिसर में उस समय दहशत फैला दी। इस हमले में पांच महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई जबकि एक बच्चे सहित कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि हमला संभवत: कॉची के 'मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित' था।



# ईरान ने इजराइल पर किया ड्रोन व मिसाइल से हमला

**यरूशलम,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से शनिवार रात और रविवार तड़के इजराइल पर हमला किया जिसके बाद पूरे इजरायल में हवाई हमले की चेतावनी जारी कर दी गई। हमले मुख्य रूप से यरूशलेम, दक्षिण में नेगेव रेगिस्तान और डेड सी, उत्तर में इजराइली-कब्जे वाले गोलन हाइट्स और साथ ही कब्जे वाले वेस्ट बैंक में किए गए। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की कि इजरायल पर ईरान से बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया गया है। उन्होंने कहा, हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ मिसाइलों को रोक दिया है। इज़राइल के कान टीवी समाचार ने बताया कि लॉन्च किए गए लगभग 400-500 में से लगभग 100 ड्रोन को अमेरिका, जॉर्डन और ब्रिटिश सेनाओं सहित सहयोगी देशों द्वारा इजराइल पहुंचने से पहले ही रोक दिया गया।

### इजराइल हमले का जवाब देने की बना रहा योजना



**ईरान ने पहली बार अपनी धरती से इजरायल पर मिसाइलें दागी हैं, इसका जवाब दिया जाएगा : इजराइल**

इज़राइल की बचाव सेवा ने एक बयान में कहा कि नेगेव के बेडुइन गांव में 10 साल का एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उत्तरी इजरायल के एक अरब शहर उम्म अल फहम के पास मिसाइल के कुछ हिस्से गिरे, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। कान टीवी समाचार ने एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी का हवाला देते हुए रविवार को बताया कि इजराइल ईरानी हवाई हमले का जवाब देने की योजना बना रहा है।

## इजराइल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेंगे : बाइडेन



**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से स्पष्ट कहा है कि वाशिंगटन ईरान के खिलाफ इजरायल के किसी भी जवाबी हमले का विरोध करेगा। अमेरिकी समाचार पोर्टल एक्सिओस ने व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया कि बाइडेन ने ईरान के हमले को विफल करने के लिए इजरायल, अमेरिका तथा अन्य देशों के सम्मिलित प्रयासों की सराहना करते हुए नेतन्याहू से कहा कि आपकी जीत हुई है, जीत को स्वीकार कीजिए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अधिकारी के हवाले से बताया कि जब बाइडेन ने नेतन्याहू से कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ किसी भी आक्रमक ऑपरेशन में शामिल नहीं होगा और न ही ऐसे किसी ऑपरेशन का समर्थन करेगा, तो नेतन्याहू ने कहा कि वह उनकी बात समझ गए हैं। पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने एक बयान में कहा कि शनिवार की रात अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अपने इजरायली समकक्ष योव गैलेंट के साथ दूसरी बार बात की। इस दौरान पेंटागन प्रमुख ने इजरायल की रक्षा के लिए वाशिंगटन के लौह कवच समर्थन को दोहराया।

## चीन ने किया ईरान के हमले पर शांत व संयमित रहने का आह्वान



**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इजराइली क्षेत्र पर ईरान के सैन्य हमलों पर सवालों के जवाब दिए। रिपोर्टों के अनुसार, 14 अप्रैल को ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल कर इजराइली क्षेत्र पर सैन्य हमला किया। एक रिपोर्टर ने इस पर चीन की टिप्पणी के बारे में पूछा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन स्थिति के बिगड़ने पर काफी चिंतित है और तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए संबंधित पक्षों से शांत रहने तथा संयम बरतने का आह्वान करता है। यह दौर गाजा पट्टी में संघर्ष के फैलने की नवीनतम अभिव्यक्ति है। सर्वोच्च प्राथमिकता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2728 को प्रभावी ढंग से लागू करना और गाजा पट्टी में संघर्ष को जल्द से जल्द रोकना है। चीन अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर प्रभावशाली देशों से क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनाए रखने में रचनात्मक भूमिका निभाने का आह्वान करता है।

## सुडोकू 6525

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | | | | | | |
| | 7 | | 2 | | 6 | 4 | | |
| 4 | | | | 1 | | 7 | | |
| | 8 | | 6 | | | 1 | | |
| | 1 | 4 | 7 | | 9 | 6 | 3 | |
| | | 6 | | | 1 | | 2 | |
| | | 8 | | 3 | | | | 6 |
| | | 1 | 8 | | 7 | | 4 | |
| | | | | | | 8 | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6525



**बायें से दायें:-**

१. जिस पर विजय पाना कठिन हो, परमेश्वर
४. बंटवारा
६. माथा, ललाट
७. अनार
८. कोई चीज पाने के लिए हाथ बढ़ाना, झटपट चल पड़ना, किसी पर झपटना
१०. धमकाना, डराना, डांटना, क्रोध
११. शिकन आना, फर्क पड़ना (मुहावरा)
१३. गोलमाल, गड़बड़
१४. लोहे-बांस आदि की तीलियों आदि का बना एक तरह का टोकरी जैसी आकृति जिसमें पशु-पक्षी रखे जाते हैं
१५. बातूनी
१७. विफल (उर्दू)
१९. दूर में स्थित
२१. पापरहित
२२. हवा में इधर-उधर होना
२४. कामना, अभिलाषा

**ऊपर से नीचे:-**

१. पीड़ादायक
२. राजप्रासाद
३. यमलोक की पीड़ा
४. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
५. जन्म देना
९. कठोर, जो कोमल न हो (उर्दू)
११. अधिकतर
१२. डर, खौफ़, दहशत
१३. कुल, वंश
१४. ललाई लिए हुए पीले रंग का, पीला
१५. पारिश्रमिक लेकर कार्य करने वाला
१६. बेजोड़, बेमिसाल
१८. मिस्र की राजधानी
१९. कठिन, मुश्किल
२०. दृढ़ और सूखी जमीन, स्थान
२३. अनेक, कई

### वर्ग पहेली-6524



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 15 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 7**

### राशिफल

मेष - आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। हालांकि आपके विचारों में स्थिरता का अभाव रहने से कुछ मामलों में उलझन का अनुभव होगा। नौकरी या व्यवसाय में प्रतियोगिता का वातावरण रहेगा।

वृषभ - मन की कमजोर स्थिति महत्वपूर्ण अवसरों से आपको दूर कर सकती है। आज नए काम का आरंभ करना उचित नहीं है। बातचीत में आपका लापरवाही पूर्ण व्यवहार संघर्ष खड़ा करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन - आज का दिन ताजगी और स्फूर्ति से परिपूर्ण रहेगा। उत्तम भोजन सुंदर वस्त्रालंकार और मित्रों- स्वजनों से आपका दिन खूब आनंद में गुजरेगा। दांपत्य जीवन में सुख-संतोष की भावना का अनुभव होगा।

कर्क - शरीर और मन में बेचैनी तथा अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा के कारण आपकी निर्णय शक्ति प्रभावित होगी। विशेष रूप से परिजनों के साथ मनमुटाव का प्रसंग बनने से मन में उदासी बढ़ेगी।

सिंह - आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा, परंतु मन किसी बात को लेकर उलझन में रहेगा। मित्रों से मुलाकात और लाभ होगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। घर में मांगलिक काम होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी।

कन्या - नए काम की शुरुआत करने के लिए बनाई योजनाएं साकार होंगी। पिता से आत्मीयता बढ़ेगी। उनसे लाभ भी होगा। व्यापारी और नौकरीपेशा लोगों को अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने का योग है। धन, मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

तुला - बुद्धिजीवियों या साहित्य प्रेमियों के साथ मुलाकात से आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। अच्छा समय व्यतीत करेंगे। नए काम का आरंभ कर सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा या तीर्थस्थान जा सकते हैं। विदेशगमन के लिए अवसर निर्मित होंगे।

वृश्चिक - वाणी और व्यवहार पर आज संयम रखना आवश्यक है। दैनिक कामों के अतिरिक्त नए काम हाथ में लेना उचित नहीं है। बीमार पड़ने के योग है। खान-पान में ध्यान रखें। अचानक धन लाभ होगा।

धनु - पार्टी, पिकनिक, प्रवास, सुंदर भोजन और वस्त्र परिधान आज के दिन की विशेषता होगी। मनोरंजन की दुनिया में विहार करेंगे। अपोजिट सेक्स के दोस्तों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। दांपत्यजीवन में उत्तम सुख की प्राप्ति होगी।

मकर - आज आपके व्यापार- धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरल रहेगी। परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सहकर्मियों तथा अधीनस्थ लोगों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ - आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के संबंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशानी होगी। विचारों में तेजी से परिवर्तन के कारण मानसिक स्थिरता में खलल होगी। आज नए कामों का आरंभ न करना हितकर है।

मीन - शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद होगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आ सकती है। नींद नहीं आने से परेशान रहेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

### मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, जांच जारी



**ओटावा,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। कनाडा के वैंकूवर के सनसेट इलाके में 24 साल के एक भारतीय छात्र की उसकी कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 24 वर्षीय चिराग एंटिल को इलाके में एक वाहन के अंदर मृत पाया गया। तानिया विसिंटिन के हवाले से बताया कि गोलियों की आवाज सुनने के बाद, पड़ोस के लोगों ने आपातकालीन सेवा को बुलाया। वैंकूवर पुलिस ने कहा कि लोगों द्वारा गोलियों की आवाज सुनने के बाद अधिकारियों को ईस्ट 55वें एवेन्यू और मेन स्ट्रीट पर बुलाया गया। 24 वर्षीय चिराग एंटिल को इलाके में एक वाहन के अंदर मृत पाया गया। पुलिस ने कहा कि मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है। कांग्रेस एनएसयूआई प्रमुख वरुण चौधरी ने विदेश मंत्रालय को टैग करते हुए छात्र के परिवार को सहायता देने का अनुरोध किया। उन्होंने पोस्ट किया कि कनाडा के वैंकूवर में एक भारतीय छात्र चिराग एंटिल की हत्या के संबंध में तत्काल ध्यान दें।

हम विदेश मंत्रालय से जांच की प्रगति की बारीकी से निगरानी करने का आग्रह करते हैं ताकि न्याय तेजी से मिले। उन्होंने मंत्रालय से इस कठिन समय के दौरान मृतक के परिवार को सभी आवश्यक सहायता मुहैया कराने का भी अनुरोध किया।

## अफगानिस्तान में बाढ़ से 33 लोगों की मौत

**काबुल,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में पिछले तीन दिनों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण के प्रवक्ता मुल्ला जनान सैक ने रविवार को यह जानकारी दी। काबुल सहित अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से लगभग आधे में शुक्रवार से भारी बारिश या हिमपात हो रहा है, जिससे देश के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे जान-माल की भी क्षति हुई है। सैक ने कहा कि परवान, उरुजगान और पंजशीर समेत कई प्रांतों में भारी बारिश, हिमपात और बाढ़ के कारण 33 लोगों की जान चली गई और 27 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने कहा कि बाढ़ के कारण 600 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। साथ ही, अचानक आई बाढ़ ने देश में 1,950 एकड़ कृषि भूमि और सडकें भी नष्ट कर दी हैं। इसके अलावा 200 से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है।

## पाकिस्तान में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 10 की मौत, 10 घायल



**इस्लामाबाद,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। इस घटना को लेकर बचाव सेवा दल का कहना है कि कराची में दो बसों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, बचाव सेवा ने कहा कि सुपर हाईवे के किनारे जोखियो मोर इलाके के पास सुबह बारिश के कारण दो बसों के बीच टक्कर हुई। मरने वाले लोगों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा एक और दुर्घटना सामने आई। घटना में शनिवार शाम बलूचिस्तान प्रांत के लासबेला जिले में एक कार पलटकर खाई में गिर गई, जिससे कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना धोराजी इलाके के पास तेज गति के कारण हुई। इन दोनों घटनाओं में फौरी तौर पर बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया।

# चीन-उत्तर कोरिया ने की परस्पर संबंधों के नए अध्याय की सराहना

### उत्तर कोरिया का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक हितैषी व सहयोगी है चीन

**सोल,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया और चीन ने आपसी संबंधों के एक नए अध्याय की सराहना की है।

गौरतलब है कि चीन के तीसरे सर्वोच्च पद के



अधिकारी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो की शक्तिशाली माने जाने वाली स्थायी समिति के सदस्य झाओ लेजी ने इस सप्ताह परमाणु-सशस्त्र सम्पन्न उत्तर कोरिया का दौरा किया था। यह दौरा दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने मौके पर हुआ था।

चीन उत्तर कोरिया का सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक हितैषी और राजनयिक सहयोगी है, जो उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की सरकार पर उसके बढ़ते हथियार परीक्षणों के जवाब में कड़े प्रतिबंध लगाने के अमेरिकी प्रयासों में रूस के साथ मिलकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बाधा डाल रहा है। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार झाओ ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में 'चीन-डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया फ्रेंडशिप के वर्ष' के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के बाद शनिवार को किम जोंग से मुलाकात की। शिन्हुआ के अनुसार, उत्तर, कोरिया के आधिकारिक नाम का इस्तेमाल करते हुए झाओ ने किम जोंग से कहा कि चीन डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के साथ विकास संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए इच्छुक है। झाओ ने किम जोंग से कहा कि चीन नए परिणाम प्राप्त करने के लिए द्विपक्षीय लाभप्रद सहयोग को व्यावहारिक एवं पारस्परिक रूप से बढ़ावा देने, मजबूत पारस्परिक समर्थन जारी रखने और दोनों पक्षों के सामान्य हितों की रक्षा करने के लिए इच्छुक है। वहीं, किम जोंग ने कहा कि पारंपरिक मित्रता को गहरा करें और डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया-चीन संबंधों में एक नया अध्याय लिखें।

शिन्हुआ द्वारा प्रकाशित एक तस्वीर में झाओ और किम जोंग मुस्कुराते और हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। झाओ चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री ली कियांग के बाद झाओ चीन के तीसरे सर्वोच्च रैंकिंग वाले अधिकारी हैं।

## आज का इतिहास

1817- अमेरिका में पहला स्कूल बधिर बच्चों के लिए खोला गया।
1820- वुर्टेमबर्ग के राजा विलियम-द्व ने अपने चचेरे भाई पॉलिन थेरेसे से स्टटगार्ट में शादी की।
1840-किंग्स कॉलेज अस्पताल लंदन में खुला।
1847- लॉरेंस स्कूल सानवार की स्थापना की गयी।
1877- टोक्यो विश्वविद्यालय आधिकारिक तौर पर जापान में स्थापित किया गया।
1892- जनरल इलेक्ट्रिक कंपनी न्यूयॉर्क में स्थापित की गयी।
1895 - लोकमान्य तिलक द्वारा रायगढ़ किले में पहला शिव जयंती समारोह शुरू हुआ।
1912- यात्री लाइनर आरएमएस टाइटैनिक एक हिमशैल से टकराने के बाद लगभग दो घंटे और चालीस मिनट में डूब गया, जिसमें 1,500 से अधिक लोग मारे गए।
1922- अमेरिकी सीनेटर जॉन बी केंड्रिक ने एक गुप्त भूमि सौदे की जांच के लिए एक प्रस्ताव पेश किया, जिसके कारण चायदोट डोम घोटाले की खोज हुई।
1922- महान पूडल डॉग रेस्तरां सैन फ्रांसिस्को में बंद किया गया।
1923- डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए इंन्सुलिन बाजार में उपलब्ध हुआ।
1927- मूसलाधार बारिश के कारण मिसिसिपी नदी 145 स्थानों पर अपनी लेवी प्रणाली से बाहर हो गई, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में सबसे बुरी बाढ़ आ गई।
1927- स्विट्जरलैंड और तत्कालीन सोवियत संघ राजनयिक संबंध बनाने पर सहमत हुए।
1947- जैकी रॉबिन्सन, जो पहले अफ्रीकी अमेरिकी थे, जिन्होंने ब्रेडबॉल रंग रेखा को तोड़ने के लिए, मेजर लीग बेसबॉल में अपना पहला खेल खेला था।
1952- विमान के अधिकांश इतिहास के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेना द्वारा संचालित बी -52 स्ट्रैटोफ़ोर्ट, एक लंबी दूरी की, सबसोनिक, जेट-संचालित, रणनीतिक बमवर्षक ने अपनी पहली उड़ान भरी।

**तैयारी** — संयुक्त राष्ट्र ने की इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा

# यूएनएससी का आपातकालीन सत्र बुलाया

**संयुक्त राष्ट्र, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई है। इसमें ईरान द्वारा इजराइल पर किए जा रहे ड्रोन और मिसाइल हमले पर चर्चा की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने पर चिंता जताई है। शनिवार को ईरानी हमलों के कुछ ही मिनटों के भीतर, इज़राइल ने माल्टा की परिषद अध्यक्ष वैनेसा फ्रेज़ियर से बैठक बुलाने का आग्रह किया।**

गुटेरेस ने कहा कि मैं इस्लामी गणतंत्र ईरान द्वारा इज़राइल पर किए गए हमले की निंदा करता हूं।

**गुटेरेस ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने पर चिंता जताई**

उन्होंने कहा कि मैं सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने का आग्रह करता हूं। ईरान ने कहा कि यह हमला 1 अप्रैल को सीरिया में उसके राजनयिक मिशन पर इजराइल के हमले का जवाब है। उस हमले में उसके दो जनरलों की मौत हो गई थी। इज़राइल ने कहा कि ईरान ने शनिवार को लगभग 200 मिसाइलें और ड्रोन दागे, इनमें से अधिकांश को मार गिराया गया और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। तेहरान से संबंध रखने वाले हिजबुल्लाह की भी इजराइल के साथ झड़प हुई है।



गुटेरेस और फ्रेज़ियर को लिखे एक पत्र में, ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा कि उनका देश संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत आत्मरक्षा के अपने अधिकार का उपयोग कर रहा है।

### संरा चार्टर के आधार पर इजराइल के खिलाफ कार्रवाई : ईरान



**तेहरान।** संरा में ईरान के स्थायी मिशन ने कहा कि इजराइल के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई आत्मरक्षा के वैध अधिकार के संबंध में संरा चार्टर के अनुच्छेद 51 पर आधारित है और सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास के खिलाफ घातक इजराइली हमले के जवाब में थी। आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने रविवार को यह रिपोर्ट दी। ईरानी मिशन ने दमिश्क में ईरानी दूतावास के कांसुलर अनुभाग पर एक अप्रैल को इजरायली मिसाइल हमले के प्रतिशोध में इजरायल के खिलाफ रविवार के शुरुआती घंटों में देश के बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमलों पर विस्तार से चर्चा करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें दो वरिष्ठ कमांडरों समेत सात लोग मारे गए थे। मिशन ने कहा कि इजराइल पर हमला समाप्त माना जा सकता है।

## दुनिया को जानें

### 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों के ग्राफिक्स, रंग प्रणाली व चिह्न जारी

**बीजिंग,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। वर्ष 2025 में हार्बिन में 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों के लिए 300 दिन की उलटी गिनती थीम कार्यक्रम का आयोजन 13 अप्रैल की रात को हार्बिन ग्रैंड थिएटर में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में एशियाई शीतकालीन खेलों के मुख्य ग्राफिक्स, रंग प्रणाली और खेल चिह्न जारी किए गए। नवें एशियाई शीतकालीन खेलों का मुख्य ग्राफिक्स रेइफ़ुंग है, जो शुभ हिमपात अच्छी फसल का संकेत देता है, इस पुरानी चीनी कहावत से आया है। बर्फ न केवल हार्बिन का बिजनेस कार्ड है, बल्कि इस शहर के विकास की आधारशिला भी है।

मुख्य ग्राफिक्स शहरी तत्वों जैसे हार्बिन ग्रैंड थिएटर, स्नोफ्लेक्स और बर्फ के फूलों से सुसज्जित हैं। यह बर्फ के शहर, संगीत के शहर और ओलंपिक चैंपियंस के शहर की रोमांटिक विशेषताओं और जीवंत विकास गति को दर्शाता है। इसका उपयोग मुख्य रूप से एशियाई शीतकालीन खेलों के विभिन्न क्षेत्रों जैसे आयोजन स्थलों के अंदर और बाहर, शहरी छवि परिदृश्य, सांस्कृतिक गतिविधियों आदि के डिजाइन कार्य में किया जाता है।

# प्रादेशिकी

## कांग्रेस हिमाचल में चुनावों को मजबूती से लड़ेगी : प्रतिभा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र को 'जुमलेबाजी' करार देते हुए कहा कि भाजपा को पहले अपनी पूर्व की गई घोषणाओं का लेखा जोखा देना चाहिए और देश को बताना चाहिए कि उन्होंने अपने कितने वादे पूरे किये। श्रीमती सिंह ने कहा कि कांग्रेस देश मे हो रहें अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा है कि अब भाजपा की 'जुमलेबाजी' नही चलने वाली और देश भाजपा से मुक्ति की राह पर चल पड़ा है। लोकसभा चुनावों में भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस प्रदेश की चारों लोकसभा चुनावों व छह विधानसभा पर होने वाले उप चुनावों को मजबूती से लड़ेगी।

# सांसद पुत्र विधायक विनोद सुल्तानपुरी को उम्मीदवार बना कर कांग्रेस ने बड़ा दाव खेला

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में शिमला सीट से उम्मीदवार की घोषणा के साथ ही कांग्रेस ने भाजपा को जीत का चौका लगाने से रोकने के मकसद से फील्डिंग सजानी शुरू कर दी है। शिमला संसदीय क्षेत्र से छह मर्तबा के सांसद रहे स्व. केडी सुल्तानपुरी के विधायक पुत्र विनोद सुल्तानपुरी को उम्मीदवार बना कर कांग्रेस ने बड़ा दाव खेला है। उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद अब सुल्तानपुरी के समक्ष अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए लोक सभा चुनाव में जीत दर्ज करने की भी चुनौती होगी। शिमला संसदीय क्षेत्र कांग्रेस का परंपरागत गढ़ रहा है। 1962 से 2019 तक हुए 16 लोक सभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार 11 मर्तबा जीते। शिमला संसदीय क्षेत्र से सबसे अधिक छह मर्तबा चुनाव जीतने का रिकार्ड विनोद सुल्तानपुरी के पिता स्व. केडी सुल्तानपुरी के नाम है। केडी सुल्तानपुरी 1980



,1984,1989,1991,1996 तथा 1998 में यहां से सांसद रहे। इससे पहले 1962 व 1967 में महासू के नाम से जानी जाने वाली शिमला सीट से दो मर्तबा वीरभद्र सिंह, 1967 तथा 1971 में प्रताप सिंह तथा 2004 में कांग्रेस उम्मीदवार डॉ धनी राम शांडिल यहां से सांसद निर्वाचित हुए। गैर कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर जनता पार्टी के बालक राम कश्यप शिमला लोक सभा सीट से पहली मर्तबा सांसद चुने गए थे। इसके बाद 1999 में हिविकां उम्मीदवार के तौर पर डॉ धनी राम शांडिल जीते। 2009 तथा 2014 में भाजपा के वीरेंद्र कश्यप तथा 2019 में भाजपा के सुरेश कश्यप सांसद निर्वाचित हुए।

### संसदीय क्षेत्र के लिए प्रभारी नियुक्त हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर

शिमला सीट के मतदान के आंक़डों पर गौर करें तो 2004 में यहां भाजपा को 38.40 तथा कांग्रेस को 39.94फीसद वोट मिले। मगर 2009 में भाजपा को 50 तथा कांग्रेस को 45 प्रतिशत ही वोट मिले। 2014 में भाजपा के मतदान प्रतिशत में फिर बढ़ोतरी हुई। भाजपा को 52 तथा कांग्रेस को 40 प्रतिशत वोट मिले। 2019 में भाजपा को 66 तथा कांग्रेस को 30.50 प्रतिशत ही वोट मिल सके। आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि शिमला सीट में बेशक कांग्रेस की जड़े अभी मौजूद हैं , मगर भाजपा को मिलने वाले मतों का ग्राफ भी लगातार बढ़ रहा। कांग्रेस ने शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ नेताओं की पूरी टीम है। साथ ही भाजपा को जीत का चौका लगाने से रोकने के लिए संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस विधायकों, मंत्रियों व संसदीय सचिवों को भी विनोद सुल्तानपुरी को अपने अपने क्षेत्रों में बढ़त दिलाने का जिम्मा सौंपा है। बहरहाल संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के विनोद सुलतानपुरी का मुकाबला भाजपा के सुरेश कश्यप से होना है। कश्यप 2019 में सांसद चुने जाने से पहले पच्छाद से विधायक रह चुके हैं। विनोद सुल्तानपुरी दो विधान सभा चुनाव में पराजित होकर 2022 में पहली मर्तबा विधायक चुने गए। अब पार्टी ने उन्हें चुनावी महासमर का योद्धा घोषित कर दिया है।

# कांग्रेस के लिए परिवार प्रथम और मोदी के लिए राष्ट्र प्रथम : योगी

## योगी आदित्यनाथ ने अनिल बलूनी की जमकर तारीफ की

**श्रीनगर,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड में बीजेपी के स्टार प्रचारक लोकसभा चुनाव के कैंडिडेट के लिए माहौल बनाने में जुटे हैं। इसी कड़ी में रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीनगर गढ़वाल में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने अनिल बलूनी की जमकर तारीफ की। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों के लिए परिवार प्रथम है और मोदी जी के लिए राष्ट्र प्रथम है।

श्रीनगर गढ़वाल में योगी आदित्यनाथ ने जनसभा की शुरूआत में कहा उत्तराखंड आना उन्हें आध्यात्मिक अनूभूति का एहसास करता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अबकी बार 400 पार के नारे को बुलंद करती देवभूमि, उत्तराखण्ड के गढ़वाल लोक सभा क्षेत्र की जनता-जनार्दन को संबोधित कर रहा हूं। उन्होंने कहा उत्तराखंड में भी मोदी की गारंटी के पूरा होने की गारंटी की चहुंओर चर्चा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा केंद्र की मोदी सरकार सबका साथ और सबका विकास के भाव के साथ बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं को लागू कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर भी जमकर हमला किया। कांग्रेस पर निशान साधते हुए




केंद्र की मोदी सरकार सबका साथ और सबका विकास के भाव के साथ बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं को लागू कर रही है : योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल को देखकर मन खिन्न होता था। उनका एजेंडा स्वार्थ व देश के विघटन का था। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का सौभाग्य है कि दोनों सीडीएस उत्तराखंड के पौड़ी जनपद के दिए हैं। हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज तीन चार ही जनपदों में नक्सलवाद है। तीसरे कार्यकाल में ये भी समाप्त हो जाएगा। उन्होंने जनता से कहा कि भाजपा को उत्तराखंड से पांच कमल चाहिए।

## सार संक्षेप

### कांग्रेस नेताओं ने डॉ. अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

**शिमला।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस नेताओं ने उन्हे याद करते हुए उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान पार्टी वक्ताओं ने बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए संविधान की रक्षा का प्रण लिया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आनंद कौशल, शिमला नगर निगम की उप महापौर उमा कौशल, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष अमित नंदा, जिलाध्यक्ष वीर सिंह वीरू, पार्षद चमन प्रकाश, विनोद भाटिया, रोहित कश्यप व कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सभी सहयोगी मौजूद थे।

### गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली कटौती शुरू

**देहरादून।** प्रदेश के मैदानी जिलों में गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग भी तेजी से आगे बढ़ रही है। शनिवार को बिजली की मांग बढ़कर 4.3 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई। अब यूपीसीएल रोजाना बाजार से करीब एक करोड़ यूनिट तक पहुंच चुकी है। प्रदेश में अप्रैल की शुरुआत बिजली की 3.8 करोड़ यूनिट मांग से हुई, जो अब बढ़कर 4.3 करोड़ यूनिट प्रतिदिन तक पहुंच चुकी है। लगातार बढ़ती जा रही इस मांग के बीच यूपीसीएल की सांस फूलने लगी है। राज्य व केंद्र की उपलब्धता 3.2 से 3.5 करोड़ यूनिट तक ही है। ऐसे में रोजाना करीब एक करोड़ यूनिट बाजार से खरीदनी पड़ रही है। हालांकि, अभी बिजली के दाम बाजार में चार रुपये प्रति यूनिट तक हैं। उधर, पीक ऑवर में बिजली आपूर्ति करने में भारी परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों खासकर हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर में यूपीसीएल रोजाना करीब डेढ़ से दो घंटे बिजली कटौती को मजबूर है।

### हिमाचल में दो मंजिला स्लेटनुमा मकान जलकर राख

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जिला मण्डी के सराज विधानसभा क्षेत्र के गुराण में शनिवार देर रात आगजनी की घटना से दो मंजिला स्लेटनुमा मकान जलकर राख हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार के मुखिया पूर्ण चंद पुत्र परम् देव गाँव गुराण (थाची) बालीचौकी (सराज विधानसभा क्षेत्र) ने बताया कि उनका पूरा परिवार साथ लगते अपने नये घर मे सोया हुआ था। रात करीब एक बजे आग की घटना का पता चला व आगजनी को लेकर पास लगते ग्रामीणों ने शोर मचाकर परिवार बालों को उठाया। इसके बाद घर की निचली मंजिल में बंधे पांच घोड़े, दो गाय, पांच बकरियों को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से गौशाला से बाहर निकाला लेकिन घर का पूरा कीमती सामान उम्र भर की कमाई, गहने, नगदी को नही बचा पाए।

## सुडोकू 6525 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 8 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 3 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 4 | 9 |
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 1 |

# यशपाल आर्य ने भाजपा पर साधा निशाना

**हल्द्वानी,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के कुछ दिन बचे हैं. ऐसे में दोनों पार्टियों ने अपने प्रचार-प्रसार को और तेज कर दिया है। इसी के तहत गौलापार में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के पक्ष में एक सभा का आयोजन किया। जिसमें उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गज नेता और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य,



लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी, पूर्व विधायक संजीव आर्य समेत पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय जनता मौजूद रही। इसी बीच कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने 19 अप्रैल को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि जनता ने इस बार परिवर्तन का मन बना लिया है। हमारे देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है, जिसको बचाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिन रात काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिन प्रियंका गांधी की रामनगर में हुई रैली से भी जनता में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार मजबूती से जनता के बीच जा रहे हैं और पूर्ण बहुमत के साथ देश में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इसके अलावा सभा में बड़ी संख्या में आए लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इन लोगों को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# खटीमा में ट्रक से टकराकर पलटी बस, 22 बच्चे घायल

**खटीमा ( उत्तराखंड ),** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। उधमसिंह नगर जिले के खटीमा में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। ट्रक की टक्कर से एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे उसमें सवार करीब 22 बच्चे घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस और

■ घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सभी की हालत सामान्य

रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि खटीमा चटिया फार्म में मुख्यमंत्री के सभास्थल के लिए जा रही एक बस बिगराबाग चौराहे के पास ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे बस में सवार 22 बच्चे घायल हो गए। घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री धामी भी घायल बच्चों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे। वहीं दूसरी तरफ घटना के बाद अस्पताल पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल प्रशासन पर बच्चों के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया।



### हिमाचल में कार गिरने से दो लोगों की मौत, एक घायल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में चंबा में कार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चंबा-चरड़ा मार्ग पर बघेईगढ़ के समीप चचोगा नामक स्थान पर शनिवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों की पहचान संदीप पुत्र राजबली निवासी गांव चरड़ा और स्वारू पुत्र गुलाम हुसैन गांव ज्यूरी डाकघर चरड़ा तहसील चुराह के रूप में हुई है। चालक सुरमू पुत्र हसनदीन गांव ज्यूरी हादसे में घायल हुआ है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार एक बोलेरो कैंपर में पड़ोसी पंजाब से मवेशी लाए गए थे। जिन्हें चरड़ा में छोड़कर वापस आते समय गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी। खाई में गिरते ही वाहन के परखच्चे उड़ गए।

### लाहौल स्पीति पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने वालों पर की कार्रवाई

**शिमला।** हिमालय के बीच बसे लाहौल और स्पीति के शांत परिदृश्य में, एक हालिया घटना ने सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर दी है। सिस्सू के पास लापरवाह कार बहाव को कैद करने वाले एक वायरल वीडियो ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया, जिसके बाद जिला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। लाहौल स्पीति के पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी बयान में बताया गया कि खतरनाक स्टंट करने वाले वाहन की पहचान कर ली गई है। तत्काल कार्रवाई की गई, मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 184 के तहत मालिक के खिलाफ चालान जारी किया गया, साथ ही 2500 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

# नैनीताल में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब, यातायात व्यवस्था चरमराई

**नैनीताल,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सरोवर नगरी में वीकेंड पर सैलानी उमड़े तो यहां होटल व गेस्ट हाउस के साथ वाहनों से पार्किंग स्थल भी पैक हो गए। रविवार को पर्यटक वाहनों की भीड़ से यातायात व्यवस्था चरमराने से यहां माल



रोड समेत अन्य सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। जाम का आलम यह रहा कि पांच मिनट का माल रोड का सफर आधे घंटे से भी अधिक समय में बमुश्किल पूरा हुआ। इस दौरान मल्लीताल से लेकर बारापत्थर तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही जबकि दुपहिया वाहनों के सैकड़ों की संख्या में बेरोकटोक आवागमन से यातायात व्यवस्था में व्यवधान पैदा हुआ। वीवीआइपी ड्यूटी में हल्द्वानी गए पुलिस कर्मियों की वजह से यहां यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए चंद पुलिस कर्मी घंटों तक जूझते नजर आए। शनिवार से यहां भारी संख्या में सैलानी उमड़ने लगे थे। भीड़ बढ़ने से नगर के अधिकांश होटल सुबह ही पैक हो गए। दोपहर तक नगर के दूरदराज के होटल, होमस्टे व गेस्ट

■ संकरी सड़कों में लगे जाम को खुलवाने में पुलिस कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी

हाउस भी भर गए। इस बीच पार्किंग व होटलों की तलाश में पर्यटक वाहन रेंगते रहे और नगर के आंतरिक मार्गों में जाम लगता रहा। यहां लोअर मालरोड, स्नोव्यू मार्ग, बारापत्थर मार्ग, नारायण नगर से बारापत्थर व भवाली मार्ग पर घड़ी घड़ी जाम लगने से स्थानीय लोग भी परेशान रहे। संकरी सड़कों में लगे जाम को खुलवाने में पुलिस कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान दुपहिया वाहनों के बड़ी संख्या में पहुंचने से नगर के सभी मार्ग वाहनों से पट गए।

# मोदी सरकार में वंचितों की सेवा सर्वोपरि : बिंदल

**शिमला,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन मंडल द्वारा आयोजित भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। देश के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। बिंदल ने आंबेडकर जी का स्मरण करते हुए कहा की केंद्र ने मोदी सरकार में वंचितों की सेवा सर्वोपरि है और इसी दृष्टि से छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले 58% छात्र एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग से है। इससे समस्त समाज को शिक्षित बनाने के संकल्प पर अद्भुत काम जुआ है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 71% एससी, एसटी और ओबीसी किसान लाभान्वित हुए है। मुद्रा योजना के अंतर्गत 40 करोड़ लाभार्थी में से 51% एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग से है। मोदी जी का एक ही प्रयास सबका साथ-सबका विकास, इसी संकल्प को लेकर भाजपा आगे बड़ रहीं है। उन्होंने कहा की जिस प्रकार से आंबेडकर जी ने नए भारत की नीव उस समय रखी थी और आज के समय में पीएम मोदी विकसित भारत के संकल्प को आगे बड़ा रहे है।बिंदल ने कहा की मोदी की गारंटी है, सबका साथ सबका विकास। जनजातीय समाज के स्वास्थ्य देखभाल के लिए केंद्रित दृष्टिकोण से हम जनजातीय बच्चों के बीच कुपोषण को खत्म करने और जनजातीय क्षेत्रों में मिशन मोड में व्यापक स्वास्थ्य देखभाल और सेवाएं प्रदान करने की दिशा में काम करेंगे।

# राष्ट्रीय बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन

**शुक्रताल,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। महर्षि दयानंद धाम स्वामी इंद्रवेश योग आश्रम शुक्रताल में बैसाखी महापर्व के अवसर पर राष्ट्रीय बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राष्ट्र एवं सामाजिक उत्थान हेतु धाम में आजाद हिंद फौज की सेनापति वीरांगना नीरा आर्या के नाम से वैदिक कन्या गुरुकुल और खेल प्रशिक्षण संस्थान की घोषणा की गई।

इस अवसर पर आचार्य रामानन्दवेश, स्वामी विश्वानन्द सरस्वती, जसबीर सिंह मलिक, एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा, डॉ. धर्मवीर दहिया पूर्व डायरेक्टर लुवास, डॉ. विजय सनसनवाल डिप्टी डायरेक्टर, डॉ. दिनेश सनसनवाल प्रख्यात सर्जन, अनिल सांगवान, कुलदीप आर्य, स्वामी भजनानन्द, ऋषभ, उज्जवल, विदुषी आर्य, म्यांमार से आये मनीष महल, मदन गिर, धर्मवीर सिंह, डॉ.




सत्यवीर सिंह चौधरी, चौ. शेरसिंह, चौ. राजवीर सिंह, बाबा परमिंदर आर्य, जयपाल सिंह, देवेन्द्र आर्य, ब्रह्मचारी श्रीपाल, ओम प्रकाश आदि ने अपने विचार रखे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में राजवीर राज्यान, गुलाब वर्मा, गोवर्धन सिहाग, राजवीर आर्य ने भाग लिया। इस मौके पर हेमा, हिमानी, प्रिया, संजना, सोनिया, हर्ष आर्य सूर्यांश, अनुज आदि बच्चों की टीम ने रस्से पर चक्रासन, पद्मासन, नटराजासन, हलासन आदि आसनों का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# सिक्योरिटी गार्ड से बना साइबर ठग गिरोह का सरगना गिरफ्तार

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। सिक्यूरिटी गार्ड की नौकरी में उचित कमाई न होने पर एक व्यक्ति साइबर ठग बन बैठा। उसने अपने गिरोह के साथ मिलकर देश भर में कई लोगों के साथ प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के नाम पर लाखों की ठगी की घटना को अंजाम दिया। जिसको एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि उसके दो साथियों को एसटीएफ पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस में एसटीएफ द्वारा प्रधानमन्त्री मुद्रा लोन योजना के नाम पर थाना प्रेमनगर जनपद देहरादून क्षेत्र में रहकर ऑनलाईन ठगी करने वाले साईबरों ठगों के गिरोह के 2 सदस्यों को पकड़कर इस गिरोह का भण्डाफोड़ किया गया था। जिनके द्वारा तेलांगना, आन्ध्रा और




महाराष्ट्र राज्य के निवासियों के अलावा देशभर में कई लोगों के साथ कई लाखो रूपये की धोखाधड़ी की गयी थी। इस गिरोह का मुख्य संचालक दीपक राज शर्मा पुत्र राम लौट शर्मा निवासी सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश तभी से फरार चल रहा था। जिसे एसटीएफ द्वारा बीते रोज वृन्दावन मथुरा से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके पास से 13 मोबाईल, 7 एटीएम कार्डस, 7 सिम कार्डस और आधार कार्डस तथा कई लाखों रूपये के हिसाब किताब की 10 डायरियां बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपी दीपक राज शर्मा ने बताया कि वह 12वीं पास है तथा 2015 में वह देहरादून काम करने आया था और वह सबसे पहले वसंत विहार में हॉक कमाण्डो सिक्योरिटी सर्विस में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। जिसके बाद वह एक कॉल सेंटर में काम करने लगा। बताया कि वह कॉल सेंटर लोगों से भिन्नकृभिन्न कंपनियों के टावर लगाने के नाम पर ठगी करता था वहीं से मैंने भी यह काम सीख कर साईबर ठगी का कार्य शुरू किया।

### धोखाधड़ी के आरोप में मिनी बैंक संचालक गिरफ्तार

**हरिद्वार।** लक्सर के महाराजपुर कला गांव में स्थित एक बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को ग्राहकों के बैंक अकाउंट से लाखों रुपए गबन करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संचालक पर आरोप है कि उसने 14 व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी कर उनके खाते से करीब 10 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित ग्राहकों ने ब्रांच मैनेजर और पुलिस को लिखित शिकायत देकर संचालक के खिलाफ कार्रवाई कर उनके पैसे वापस दिलाने की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मिली लक्सर के महाराजपुर कला गांव निवासी सुखबीर सिंह एक बैंक रायसी से संबंधित ग्राहक सेवा केंद्र चलाता था। जिसमें सुखबीर ने कई क्षेत्र वासियों के अकाउंट खोले हुए थे। जिसमें नंदपुर निवासी एक महिला शकुंतला देवी ने कुछ दिन पहले 1 लाख 460 रुपए जमा किए थे। जिसमें बैंक संचालक सुखबीर सिंह ने महिला को रुपए जमा करने की कोई रसीद नहीं दी थी। उसने कई बार सुखबीर से रसीद मांगी, लेकिन वह टालता गया। जब महिला ने बैंक के ब्रांच में जाकर अपने खाते की जानकारी ली तो उसके खाते में रुपए जमा नहीं थे। एक अन्य ग्राहक सतीश ने बताया कि उसने भी 40 हजार रुपए कैश जमा किए थे, जो उसके खाते में नहीं है। ऐसे ही 14 ग्राहकों ने पुलिस को संचालक सुखबीर के खिलाफ धोखाधड़ी और पैसे गबन करने का आरोप लगाते हुए बैंक मैनेजर रायसी और कोतवाली लक्सर पुलिस को शिकायत दी थी।

# प्रादेशिकी

## फर्जी एफआईआर दर्ज करानें का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। विरोधी को फंसाने के लिए पैर में खुद गोली मरवाकर फर्जी एफआईआर दर्ज करानें में पुलिस नें दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। तीसरे फरार आरोपी को भी पुलिस नें रविवार को तमंचा सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम निनौआ निवासी आकाश कटियार पुत्र कप्तान सिंह नें 11 अप्रैल को खुद के पैर में थाना कादरी गेट के घारमपुर में गोली लगनें का मुकदमा ग्राम धन्सुआ निवासी वैभव कटियार व ऐश्वर्य कटियार के खिलाफ गोली मारनें का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस नें मामले में जाँच की तो पता चला की न्यायालय में चल रहे मुकदमें में दबाब बनाने के लिए आकाश कटियार नें अपने साथी अमर जाटव पुत्र वीरेंद्र जाटव निवासी निनौआ के द्वारा अपनें पैर में गोली मरवाई थी।

# अयोध्या में राम नवमी को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े प्रबंध

**अयोध्या,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पांच सौ वर्षों बाद अयोध्या में भगवान राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। इसके बाद यह पहला अवसर है जब अयोध्या में श्रीराम नवमी का पर्व मनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इसको धूमधाम से वृहद स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। माना जा रहा है कि लाखों लोग इस अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे।

ऐसे में बड़े पैमाने पर यहां सुरक्षा को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस महत्वपूर्ण पर्व को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ पुलिस प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन से लेकर दर्शन और श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान एवं आंकलन करने के लिए भी योजना बनाई है। उल्लेखनीय है कि अयोध्या धाम में रामनवमी के उपलक्ष्य में 9 अप्रैल से रामनवमी मेला का शुभारंभ हो चुका है जो रामनवमी के दिन यानी 17



■ भीड़ प्रबंधन से लेकर दर्शन तक बनी योजना
■ सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी भीड़ पर नजर

अप्रैल तक जारी रहने वाला है। यहां 25 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। पुलिस प्रशासन की ओर से मेले के लिए पुलिस व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस से नयाघाट पुलिस चौथी तक मेला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। श्रद्धालुओं के आने वाले मार्गों मुख्यत: साकेत पेट्रोल पंप से लता चौक होते हुए सरयू घाट से हनुमानगढ़ी एवं हनुमान गढ़ी से कनक भवन व रामलला मंदिर को

### भारी संख्या में तैनात रहेंगे पुलिस अधिकारी

रामनवमी मेला के अवसर पर संपूर्ण मेला क्षेत्र को कुल 7 जोन तथा 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को 2 जोन तथा 11 क्लस्टर में विभाजित कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। मेला के दौरान संपूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 11 अपर पुलिस अधीक्षक, 26 पुलिस उपाधीक्षक, 150 निरीक्षक, 400 उप निरीक्षक, 25 महिला उप निरीक्षक, 1305 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 270 महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 15 कंपनी पीएसी, 2 कंपनी बाढ़ राहत, 1 टीम एसडीआरएफ व 1 टीम एटीएस की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक जोन में पुलिस व्यवस्था के प्रभारी एक अपर पुलिस अधीक्षक तथा प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी अधिकारी एक पुलिस उपाधीक्षक/निरीक्षक बनाए गए हैं। इसके अलावा मंदिर परिसर व बाह्य संपूर्ण मेला क्षेत्र को 24 घंटे सात दिन ड्यूटी लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। रामपथ पर कुल 15 ड्रॉप डाउन बैरियर लगाकर व 13 होल्डिंग एरिया बनाकर सुरक्षित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। संपूर्ण मेला क्षेत्र में 50 स्थानों पर पीए सिस्टम स्थापित किए गए हैं व विभिन्न स्थानों पर स्थापित 111 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यलो जोन कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है।

विभिन्न जोन एवं सेक्टर में विभाजित कर पुलिस बल का व्यवस्थापन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सरयू नदी व राम की पैड़ी पर सुरक्षा के लिए जल पुलिस, विभिन्न मंदिरों व मेला क्षेत्र में पुलिस एवं पीएसी बल की व्यवस्था की जाएगी। अयोध्या धाम में चारों तरफ विभिन्न स्थानों पर 24 एएनपीआर कैमरों के माध्यम से वाहनों एवं श्रद्धालुओं की संख्या का आंकलन एवं प्रोजेक्शन किया जाएगा।

## मवाना में धूमधाम से निकाली शोभा यात्रा

**मवाना,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। मवाना नगर में रविवार को धूमधाम से भीमराव अम्बेडकर के 133 वें जन्मोत्सव पर शोभा यात्रा निकाली गई। अम्बेडकर शोभा यात्रा पूरे नगर का भ्रमण करते हुए थाने पर अम्बेडकर पार्क पर आकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का शुभारंभ तहसील मैदान में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री दिनेश खटीक और चेयरमैन अखिल कौशिक ने फीता काटकर किया।



तहसील मैदान से शुरू होकर शोभा यात्रा पक्का तालाब से होते हुए हस्तिनापुर मुख्य मार्ग पर पहुंची। भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर समाज सुधार समिति मवाना के अध्यक्ष विनोद कुमार, जयचंद फौजी, संजीव गौतम, देवेन्द्र, प्रेम निमेष, रविन्द्र, रवि कुमार शोभा यात्रा के प्रारंभ से लेकर अंत तक साथ रहे।

हस्तिनापुर रोड से अम्बेडकर शोभा यात्रा फलावदा तिराहा, सुभाष चौक, से गोल मार्केट, प्रिया सिनेमा, गाढ़ो का चौपला, पांडव चौक, सुभाष बाजार से होते हुए सर्राफा बाजार, चौड़ा कुआं के बाद थाना मवाना पर अम्बेडकर पार्क पर आकर देर रात समाप्त हुई। समाज सुधार समिति मवाना के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि अम्बेडकर शोभा यात्रा में कई झांकियों के साथ आठ डीजे, तीन बैंड, ढोल वाले और युवाओं के हाथों में जय भारत के ध्वज थे।

# तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराई जिंदा जलकर सात की मौत

### मेरठ से सीकर में सालासर बालाजी के करने गए थे दर्शन

**मेरठ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद मेरठ के 7 लोगों की राजस्थान के सीकर में कार में जिंदा जलकर मौत हो गई। सभी लोग सालासर बालाजी के दर्शन करने गए थे। मरने वालों में एक ही परिवार के 5 लोग शामिल हैं। अन्य दो लोग उनके रिश्तेदार हैं। मरने वाले मेरठ से भाजपा के पूर्व विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल के रिश्तेदार हैं। सालासर स्टेट हाईवे पर रविवार दोपहर को करीब ढाई बजे ये हादसा हुआ। जब तेज रफ्तार कार एक ट्रक से टकरा गई। इसके बाद कार और ट्रक में आग लग गई। कार में गैस किट लगी थी और ट्रक में मेडिकल कॉटन (रूई) भरी थी। आग लगने से कार के दरवाजे नहीं खुल पाए और उसमें सवार तीन महिलाओं, दो बच्चों और दो पुरुषों की झुलस कर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी लोग सालासर बालाजी मंदिर से हिसार जा रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। सभी मरने वाले मेरठ के रहने वाले थे। मृतकों के मोबाइल फोन पूरी तरह जल चुके थे। किसी तरह पुलिसवालों ने जले हुए मोबाइल से सिम निकाले। इसके बाद सिम दूसरे फोन में डालकर नंबर डायल



किया। यह नंबर मेरठ में हार्दिक के रिश्तेदार का था। उसने बताया कि वो आरके पुरम, दिल्ली रोड, मेरठ से बोल रही है। उसकी मां और भाई सेंट्रो कार से सालासर बालाजी गए थे। पुलिस वालों ने महिला से कार सवार लोगों के नाम पूछे। इसके बाद रिश्तेदार ने अन्य लोगों को यह खबर दी। अब मेरठ से रिश्तेदार बॉडी लेने सीकर के लिए निकले हैं। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया मैं अपनी पिकअप गाड़ी की सर्विस करवाने के लिए पुलिया के पास सर्विस सेंटर पर जा रहा था। पुलिया के ऊपर से गुजर रहा था। तब मेरे पास से निकल रहे ट्रक को पीछे से आई कार ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान कार ट्रक से जा टकराई। मैंने अपनी गाड़ी साइड में खड़ी की। तुरंत कार की ओर दौड़ा पीछे बैठे दो लोग मदद की गुहार भी लगा रहे थे।

## सार संक्षेप

### रालोद के नेशनल कैंपेन प्रभारी ने दिया इस्तीफा

**मेरठ।** रालोद के एनडीए में जाने के बाद अपनों की नाराजगी रुकने का नाम नहीं ले रही है। शाहिद सिद्दीकी के बाद आज रालोद के नेशनल कैंपेन इंचार्ज प्रशांत कनौजिया ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। प्रशांत कनौजिया ने अपना इस्तीफा पत्र लिखकर पार्टी को भेज दिया है। प्रशांत रालोद के एससी एसटी विंग के नेशनल प्रेसिडेंट रहे हैं। साथ ही इन दिनों वे पार्टी के नेशनल कैंपेन इंचार्ज थे। लोकसभा चुनाव के बीच देखें तो रालोद को यह बड़ा झटका लगा है। प्रशांत पार्टी के युवा चेहरों में शामिल थे। उनकी युवाओं में खासी पकड़ भी थी।

### हेलो नमस्ते अंबेडकर जयंती मनाई गई

**मवाना।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज मवाना में रविवार को हर्षोल्लास के साथ हेलो नमस्ते अंबेडकर जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र के सम्मुख विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा भारती ने दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या आशा भारती ने सभी शिक्षिकाओं लिपिक वर्ग और कर्मचारी वर्ग ने बाबा साहब के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्या ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके कृतित्व के बारे में छात्राओं को बताया। छात्राओं से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में कुछ प्रश्न पूछे और फिर उनको पुरस्कार प्रदान किया गया।

### चौधरी चरण सिंह विवि में विचार गोष्ठी आयोजित

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विवि परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर छात्रावास में को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मृदुल कुमार गुप्ता, मुख्य अतिथि प्रोफेसर बीरपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर संजय कुमार एवं कार्यवाहक मुख्य छात्रावास अधीक्षक वाई पी सिंह, छात्रावास अधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार, सहायक छात्रावास अधीक्षक अजय कुमार द्वारा बाबासाहेब के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर विचारगोष्ठी का विधिवत् शुभारम्भ किया गया।

### विद्यार्थियों ने अम्बेडकर को किए श्रद्धा सुमन अर्पित

**मवाना।** बाल भारती भारती पब्लिक स्कूल मवाना के प्रतिनिधि विद्यार्थियों ने अंबेडकर जयंती के इस महान दिवस पर रविवार को अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें समस्त कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता रवि सहगल ने बताया गया कि डॉक्टर बीआर अंबेडकर एक प्रसिद्ध राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, नयाय विद, बहु भाषाविद, धर्म दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे।

### सूचना

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2009-10 अनुक्रमांक 598774 की मार्कशीट व सनद वास्तव में कही खो गयी हैं।
**-विकास कुमार पुत्र महीपाल सिंह, ग्राम बहजादका तहसील मवाना जिला मेरठ।**

## चादर से गला घोंटकर जेल में कैदी की हत्या

**मेरठ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की हत्या कर दी गई। जेल सूत्रों के अनुसार, साथी कैदी ने चादर से गला घोंटकर मार डाला। फिर पूरी रात शव के साथ सोता रहा। मामले में जेल अधीक्षक शशिकांत मिश्रा ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं लापरवाही बरतने पर जेल वार्डन समेत 4 को सस्पेंड भी किया गया है। परिजनों ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मेडिकल थाने में तहरीर भी दी है। कैदी के भाई विनीत ने बताया कि 9 अप्रैल को जमानत रद्द होने के बाद रोहित को जेल भेज दिया गया। 12 अप्रैल को मेरी पत्नी और बेटा जेल में रोहित से मिलने गए थे। इस दौरान रोहित ने बताया कि उसके साथ मारपीट की गई है। उसका सामान भी चुरा लिया गया है। उसके पैसे भी छिन लिए। मैंने जब जेल अधीक्षक से शिकायत की तो उन्होंने दूसरे बैरक में खुंखार लड़के के साथ मुझे डाल दिया। मुझे धमकी दी कि आज रात तुझे मार देंगे। अगले दिन मेरा भाई मरा हुआ मिला। विनीत ने आरोप लगाया कि रोहित की हत्या हुई है। चाहे लड़कों ने मारा हो या जेलर ने मरवाया हो। पूरे मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। मामले में जेल वार्डन सनोज, संजय सिंह, जेल हेड वार्डन हरिशंकर त्रिपाठी और रविंद्र सिंह को सस्पेंड किया गया है।

**जेल वार्डन समेत चार पर गिरी गाज**

# बैसाखी व अम्बेडकर जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित

**मेरठ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में बैसाखी पर्व एवं अम्बेडर जयंती के उपलक्ष्य में विशष प्रार्थना सभा के आयोजन के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने एक छोटी स्कीट के माध्यम से बताया कि कैसे सिक्खों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए खालसा पंथ की स्थापना की तथा बाद में वैसाखी के उपलक्ष्य में बच्चों ने मेले के दृश्य को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया तथा बताया कि हमें किस तरह से अपनी खुशियों को दूसरे के साथ बांटते हैं। इसके साथ-साथ गिद्दा व छोटे बच्चों द्वारा गतका भी दिखाया गया। कार्यक्र म की इतनी सुंदर प्रस्तुति देखकर सभी का मन गदगद हो उठा। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने अम्बेडकर जयंती के अवसर पर संविधान निर्माता डॉ.भीम रॉव अम्बेडकर के विचारों को प्रस्तुत किया तथा बताया की बाबा साहब



■ सुंदर प्रस्तुति देखकर सभी का मन गदगद हो उठा

की विचारधारा संगठन भारत की कल्पना थी। उसके बाद कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों ने दस्तार बंदी काम्पीटिशन में बड़ी कही उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। जिसमें कक्षा सात की नवजोत कौर प्रथम, बशार द्वितीय, वंशप्रिया तीसरे स्थान पर रही। बड़े बच्चों में अर्शवीर सिंह व प्रभदीप सिंह को प्रथम स्थान तथा साहिल पंवार को दसतार बंदी में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. कमन्द्र ने सभी को पगड़ी का महत्व समझाया तथा आगे कहा कि भले ही अलग अलग प्रदेशों में त्योहारों को अलग-अलग नामों से जाना जाता हो, मगर पर्व हमें अपने भीतर झांकने का संदेश देता है कि हमें समाज को संगठित बनाना है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया बैसाखी का पर्व

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बैसाखी पर्व तथा अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई उत्साहवर्धक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कक्षा तीन की छात्रा सोनम शर्मा ने बैसाखी कविता की प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों में नई उमंग तथा उत्साह का संचार किया। नन्हे बच्चों ने आई बैसाखी बलिया ढोल बजाते हैं गाने पर सामूहिक नृत्य कर पंजाब की उत्साहवर्धक झांकी प्रस्तुत की सुपरवाइजर संगीता भसीन ने अपने वक्तव्य में बैसाखी पर्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि बैसाखी का पर्व नव वर्ष के रूप में हर्ष और उल्लास के साथ सिख समुदाय मनाता है, वहीं दूसरी ओर नई फसल के आगमन की खुशी से सराबोर होता है। आज ही के दिन गुरु अंगद जी का जन्म दिवस होता है तथा गुरु गोविंद सिंह जी ने सन 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। कक्षा दसवीं की श्अनन्याश् ने बैसाखी पर्व पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया तथा गुंजन ने डॉ. अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में उनके प्रति अपने भाव अभिव्यक्त किए। डॉ. अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में उन्हें स्मरण किया गया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।



## लैंगिक असमानता विषय पर नुक्कड़ नाटक का किया आयोजन

**मेरठ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज के छात्रों द्वारा लैंगिक असमानता जैसे ज्वलंत विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक का शीर्षक दो कोड़ी और नई उड़ान था। जिसमे छात्रों ने समाज में फैली लैंगिक असमानता समबन्धी कुरीतियों पर प्रकाश डाला।

इन नाटकों के माध्यम से छात्रों ने समाज में लड़कियों और महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अत्याचार पर प्रकाश डाला और उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराया। दो कोड़ी नाटक का निर्देशन एलएलबी द्वितय वर्ष की छात्रा मिस तनीशा साहू और नई उड़ान नाटक बीबीए एलएल बी की प्रथम वर्ष की छात्रा मिस नीलाक्षी त्यागी और बीएससी (एजी) के छात्र श्लोक पांडेय द्वारा किया गया। इन नुक्कड़ नाटकों में दो कोड़ी टीम की तरफ से रूबी, नीरव, गार्गी, दीक्षा, सृष्टि, आकांक्षा, बादल, सूरज, और हार्दिकने भाग लिया तथा श्नई उड़ान टीम की तरफ से निशु कुमारी, सोनल, वीथिका गोयल, माहि जैन आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक अस्टिस्टैंट प्रोफेसर पवन कुमार, डॉ, पल्लवी जैन, और डॉ. अनीता राठौर रहें।



■ नाटक के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों से कराया अवगत

## बीमारी के चलते लोकतंत्र सेनानी का हुआ निधन

**मवाना,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के मोहल्ला मुन्नालाल निवासी लोकतंत्र रक्षक सेनानी 81 वर्षीय प्रताप चन्द दुबलिश बीमारी के बाद शनिवार को दोपहर बाद तीन बजे मेरठ निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से मवाना नगर में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ नगर के जुड्डी श्मशन गृह पर अंतिम संस्कार किया गया। एसडीएम अंकित कुमार, सीओ सौरभ सिंह, थाना प्रभारी सुभाष सिंह की मौजूदगी में गारद ने लोकतंत्र सेनानी रक्षक को गार्ड आफ ऑनर दिया। उनके बेटे विशाल दुबलिश ने मुखाग्नि दी। लोकतंत्र रक्षक सेनानी प्रताप चन्द दुबलिश एएस इंटर कालेज मवाना में शिक्षक रहे हैं। इस कालेज से वे वर्ष 2006 में सेवानिवृत्त हुए थे। पत्नी शोभा दुबलिश ने बताया कि वर्ष 1976 में आपातकाल के समय पुलिस ने उन्हें कालेज से ही गिरफ्तार किया था। वे करीब तीन माह तक जेल में रहे। बेटे विशाल ने बताया कि उनके पिता प्रताप चन्द दुबलिश की 15 दिनों से तबियत खराब चल रही थी।



■ लोकतंत्र सेनानी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

## पिटाई के कारण क्षुब्ध दुकानदार ने लगाई फांसी

**फर्रुखाबाद,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। पिटाई से क्षुब्ध ठेली दुकानदार राजीव बाथम ने फांसी लगाकर जान दे दी। राजीव थाना मऊदरवाजा के ग्राम गढ़िया बिलावल निवासी रामशरन का 28 वर्षीय पुत्र था। राजीव नाला बघार पर गोलगप्पे की तेली लगाकर गुजारा करता था। वह रात करीब 7.30 बजे ठेली लेकर घर जा रहा था गांव के ही सुनील शाक्य के पुत्र अमित मल्लू शाक्य आदि ने राजीव से पटाखे खाए। रुपए न देने पर विवाद हो गया इसी दौरान अमित मल्लू व उसके साथियों ने राजीव की जमकर पिटाई की। जानकारी मिलने पर छोटा भाई अमन राजीव को बचाने गया तो उसकी भी पिटाई की गई और साइकिल भी छीनी गई। हमले में राजीव को काफी चोटें लगी उसके कपड़े फट गए। रात के समय राजीव कमरे को बंद कर छत के कुंडे में साड़ी बांधकर फांसी पर लटक गया।



राजीव सुबह 3 बजे पटाखे बनाने के लिए नहीं उठा तभी राजीव को उठाने के लिए दरवाजा खटखटाया गया। दरवाजा न खुलने व राजीव की आवाज न आने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। तभी कमरे का दरवाजा तोड़ा गया राजीव को फांसी पर लटका देखकर परिजन भौचक्के रह गए।

**आयोजन** — *कलेक्ट्रेट कार्यालय में मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती*

# संविधान बनाने में बाबा साहब का बड़ा योगदान रहा : मीणा

**मेरठ, 14 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यकक्ष में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। जिलाधिकारी महोदय ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए गए मार्ग पर चलें।**



**बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का लिया प्रण**

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है, उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए व सभी को समान अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। डॉ. भीमराव आंबेडकर जी का पूरा जीवन संघर्ष, सत्यनिष्ठा, लगन व वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के जन्म दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि बाबा साहब के बताए गए रास्तों पर चल कर देश एवं समाज की तरक्की में अपना योगदान हमेशा देते रहना है। उन्होंने कहा कि हम सभी की यह नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कृषि विवि व विक्टोरिया पार्क का किया निरीक्षण

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय तथा विक्टोरिया पार्क स्थित पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का निरीक्षण किया गया। ईवीएम मशीन जमा कराए जाने हेतु कार्मिकों की ड्यूटी, उनके प्रशिक्षण, सुरक्षा व्यवस्था आदि की समीक्षा की। उन्होंने सुचारू एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने हेतु तैयारी का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विक्टोरिया पार्क में पोलिंग पार्टी के रवाना होने संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियो को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशो का कड़ाई से शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीडीओ नूपुर गोयल,जॉइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर से मांगी रंगदारी

**मेरठ,** 14 अप्रैल (देशबन्धु)। निर्मोही अखाड़े के महामंडलेश्वर महेंद्र दास से रंगदारी मांगी गई। वें अपने निजी काम से घर आए थे। तभी उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से कॉल आई और रंगदारी की रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी हैं। महामंडलेश्वर ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। सदर थाना क्षेत्र के बैंकर्स स्ट्रीट निवासी महामंडलेश्वर शनि पीठाधीश्वर श्री श्री 108 श्री महेंद्र दास जी महाराज, मेरठ अखिल भारतीय पंच निर्मोही अखाड़ा ने बताया कि निजी काम से घर आए थे। तभी एक मोबाइल नंबर से उनके मोबाइल फोन पर कॉल आई। फोन करने वाले ने पांच लाख रुपए देने को कहा। मांग पूरी नहीं करने पर गोली मारने की धमकी दी।

इसी तरह की लगातार पांच कॉल अब तक आ चुकी है। महामंडलेश्वर ने अपने स्तर से आरोपी कॉलर को समझाने की कोशिश की तो उसने जान से मारने की धमकी दी।




# मोदी, भजनलाल, गहलोत सहित कई नेताओं की चुनावी साख दांव पर

■ राजनीतिक दलों व निर्दलीयों सहित कुल 266 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

■ बाड़मेर में भाजपा, कांग्रेस व निर्दलीय के बीच त्रिकोणीय मुकाबला



**जयपुर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में दो चरणों में आगामी 19 एवं 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, सत्तारुढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी, चार केन्द्रीय मंत्रियों, कई पूर्व मंत्रियों, विधायक एवं पूर्व विधायकों सहित कई लोगों की चुनावी साख दांव पर लगी हैं।

इसी तरह राज्य में इस चुनाव में आधा दर्जन से अधिक सांसदों, इतने ही पूर्व सांसदों एवं प्रदेश के पूर्व मंत्रियों, करीब आधा दर्जन विधायक एवं पूर्व विधायकों, पैरालंपिक विजेता, पूर्व अधिकारी एवं उद्योगपति की भी चुनावी साख दांव पर है। चुनाव में भाजपा के 25, कांग्रेस के 23, बसपा के 25, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का एक-एक प्रत्याशी, अन्य कई राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों एवं निर्दलीयों सहित कुल 266 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। प्रथम चरण में 12 लोकसभा क्षेत्रों में 114 एवं दूसरे चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 152 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

इस बार चुनाव में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया हैं और मोदी ने चुनाव की कमान संभाल रखी और राजस्थान में भी अब तक दौसा में रोड़ शो सहित अलग अलग स्थानों पर चुनावी सभाएं कर चुके हैं और भाजपा के प्रत्याशी मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ रहे हैं।

इस कारण प्रदेश में इस चुनाव में मोदी की चुनावी साख दांव पर है। प्रदेश में भाजपा की सरकार हैं और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में ताबड़तोड़ चुनावी सभाए कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। राज्य में तीसरी बार भी भाजपा की सभी सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं और इस कारण उनकी भी चुनावी साख दांव पर लगी हुई हैं।

### बिरला का भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए प्रहलाद गुंजल से मुकाबला

बिरला कोटा से भाजपा प्रत्याशी है और वह लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव मैदान में है जहां उनका मुकाबला भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आये प्रहलाद गुंजल से हैं। इस चुनाव में गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत इस बार जालोर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे है इस कारण गहलोत भी अपनी चुनावी साख बचाने में लगे हैं। हालांकि गहलोत चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वैभव गहलोत का भाजपा के प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी से सीधा मुकाबला होने के आसार हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना बालेश्वर से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुष्मिता बेहरा (ढेंकनाल) व सुचरातिया मोहंती (पुरी) से चुनावी मैदान में**



**भुवनेश्वर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता श्रीकांत जेना ओडिशा की बालेश्वर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने हाल ही में पार्टी में लौटे जेना पर भरोसा जताया है और उन्हें बालेश्वर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। ओडिशा में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को कांग्रेस द्वारा घोषित नौ नामों में जेना का भी नाम शामिल है। इनमें दो महिलाओं के नाम भी शामिल हैं, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुष्मिता बेहरा (ढेंकनाल) और सुचरातिया मोहंती (पुरी) से चुनाव मैदान में हैं।

इसके साथ ही कांग्रेस ने अब तक ओडिशा की 21 लोकसभा सीटों में से 17 पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा और राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने सभी 21 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। चार बार सांसद रहे जेना दो बार कटक से और एक बार जनता दल के टिकट पर केंद्रपाड़ा से लोकसभा के लिए चुने गये। वह आखिरी बार 2009 में कांग्रेस के टिकट पर बालेश्वर लोकसभा सीट से चुने गए थे।

जेना पूर्व प्रधानमंत्री इंद्रकुमार गुजराल और एच डी देवेगौड़ा के मंत्रालयों में संसदीय मामलों और पर्यटन के लिए कैबिनेट मंत्री रहें। वह तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के मंत्रालय में रसायन और उर्वरक, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) थे। वह वीपी सिंह मंत्रालय में लघु उद्योग, कृषि और ग्रामीण उद्योग के केंद्रीय राज्य मंत्री भी थे। वह बारी-डेराबिसी विधानसभा क्षेत्र से तीन बार ओडिशा विधानसभा के लिए भी चुने गये और राज्य मंत्रिमंडल में कई महत्वपूर्ण विभाग संभाले। बालेश्वर में जेना का मुकाबला पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रताप सारंगी और लेखाश्री सामंतसिंघर से होगा। कांग्रेस ने भारक लोकसभा सीट से पूर्व सांसद अनंत सेठी को भी मैदान में उतारा है। सेठी 2009 के चुनाव में भद्रक से लोकसभा के लिए चुने गये और 2004 से 2009 तक ओडिशा विधानसभा के सदस्य रहे।

इसी तरह, कांग्रेस ने नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष यासिर नवाज को भुवनेश्वर लोकसभा सीट से और तीन बार के विधायक रबींद्र कुमार सेठी को जगतसिंहपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी द्वारा घोषित अन्य नामों में आंचल दास (जाजपुर), मोहन हेम्ब्रम (क्योंझर), और सिद्धार्थ स्वरूप दास (केंद्रपाड़ा) शामिल हैं।

# सपा ने मौर्य समाज पर खेला दांव



**जौनपुर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा जौनपुर लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी के रूप में प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है जबकि जिले में मछली शहर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज को प्रत्याशी बनाया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लम्बे इन्तजार के बाद सपा ने आज सात लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों की घोषणा कर दिया है। इसमें जौनपुर से सपा ने मौर्य समाज के उपर दांव लगाया है, बाबू सिंह कुशवाहा को भाजपा के प्रत्याशी एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह के मुकाबले चुनाव मैदान में उतार दिया है। देखना यह है कि क्या अब जौनपुर में मौर्य समाज साइकिल की सवारी करेगा जो अभी तक कमल खिला रहा था? जौनपुर जिले में मछलीशहर (सु) लोकसभा से सपा ने पासी समाज पर दांव लगाया है। प्रिया सरोज को चुनावी जंग में उतारा है अब मछलीशहर सुरक्षित से सपा, भाजपा, बसपा, तीनों दलों के प्रत्याशी पासवान समाज के है।

■ **बाबू सिंह कुशवाहा व कृपाशंकर सिंह से होगा मुकाबला**

सपा के प्रत्याशियों की सूची जारी होने के साथ ही चुनावी तस्वीर भी जन मानस के पटल पर परिलक्षित होने लगी है। मछली शहर में भारतीय जनता पार्टी ने अपने वर्तमान सांसद बीपी सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है, तो बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व आईएएस अधिकारी कृपा शंकर सरोज को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि समाजवादी पार्टी द्वारा आज घोषित की गई सूची में मछली शहर के पूर्व सांसद तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज को अपना प्रत्याशी बनाकर भेजा है। इस तरह इस क्षेत्र में तीनों ही दलों ने सरोज बिरादरी पर अपना भरोसा जताते हुए अपने-अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

जौनपुर लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कृपा शंकर सिंह को अपनी पहली सूची में ही प्रत्याशी बनाकर भेजा है, सिंह के मुकाबले समाजवादी पार्टी ने आज मौर्य समाज से ताल्लुक रखने वाले बांदा जिले के मूल निवासी बहुजन समाज पार्टी की सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा को प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में भेजा है जबकि बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक यहां पर अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

**कांग्रेस ने फिर से अपना गढ़ हासिल करने का लिया फैसला**

# शिमला सीट पर चुनावी जंग में कांटे की टक्कर



**शिमला,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने हिमाचल प्रदेश में मंडी संसदीय सीट के लिए विक्रमादित्य सिंह और शिमला से विनोद सुल्तानपुरी की उम्मीदवारी पक्की हो गई।

शिमला लोकसभा सीट के लिए विचार-विमर्श भी विनोद सुल्तानपुरी की उम्मीदवारी की पुष्टि के साथ समाप्त हो गया है, जिससे एक अन्य प्रमुख चुनावी युद्धक्षेत्र में स्पष्टता प्रदान की गई है। वर्ष 2022 में विधान सभा के सदस्य चुने गए विनोद सुल्तानपुरी केडी सुल्तानपुरी के बेटे हैं और कांग्रेस पार्टी ने 15 साल बाद फिर से अपना गढ़ हासिल करने के लिए उन्हें परखने का फैसला किया है।

छह बार के कांग्रेस सांसद स्वर्गीय कृष्णदत्त सुल्तानपुरी ने 1980, 1984, 1989, 1991,1996 और 1998 से शिमला संसदीय सीट बरकरार रखी थी। हिमाचल विकास कांग्रेस और कांग्रेस के उम्मीदवार डॉ. धनी राम शांडिल भी 1998 और 2005 में यहां से सांसद चुने गए हैं।

शिमला रिजर्व लोकसभा सीट पर चुनावी जंग में कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी और दो बार के पूर्व विधायक और भाजपा सांसद सुरेश कश्यप के बीच सीधा मुकाबला होने जा रहा है। दोनों युवा नेता वर्तमान में विधायक हैं। सबसे पुरानी पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारने का फैसला किया है।

यह निर्णय मंडी से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार व बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के विरोध में लिया गया और एक ऐसा कदम जो मंडी जिले में एक गतिशील प्रतियोगिता का पूर्वाभास देता है। विक्रमादित्य और रनौत के बीच हालिया वाकयुद्ध से भी एक गर्म चुनावी लड़ाई की ओर इशारा कर रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य सिंह मंडी निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुने गए उम्मीदवार के रूप में उभरे, इस फैसले का प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने भी समर्थन किया।

यह घोषणा भाजपा द्वारा कंगना के राजनीतिक पदार्पण की घोषणा के बाद आई है, जिससे चुनावी प्रतियोगिता को दिलचस्प अंजाम की ओर ले जाएगा। मंडी जिले के सरकाघाट क्षेत्र से आने वाली और मनाली में रहने वाली कंगना इस चुनावी मैदान में अपनी स्टार पावर लेकर आती हैं।

ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस का गढ़ रहे मंडी संसदीय क्षेत्र ने अतीत में वीरभद्र सिंह और प्रतिभा सिंह जैसे उल्लेखनीय नेताओं का प्रतिनिधित्व किया है। वीरभद्र सिंह 2009 में पंडित सुखराम के बाद चुने गए, जबकि प्रतिभा सिंह ने लगभग तीन दशकों तक इस सीट पर कब्जा जमाये रखा। यह विरासत हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य में मंडी के महत्व को रेखांकित करती है।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल में लोकसभा की चार सीटें हैं, जिनमें दो और उम्मीदवारों (कांगड़ा और हमीरपुर सीटों पर) की घोषणा होनी बाकी है।

इस बीच राज्य पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने इस बार युवा नेताओं को मैदान में उतारने के महत्व पर जोर दिया, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी यही भावना व्यक्त की। इस भावना के कारण इस उम्मीदवारी पर सर्वसम्मति बनी, जो युवा ऊर्जा को मैदान में लाने के लिए एक रणनीतिक कदम का प्रतीक है।

# मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक चुनावी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध

**जयपुर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग द्वारा इस संबंध में जारी विस्तृत दिशा निर्देश में कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि टीवी चैनलों में पैनल चर्चा बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है।

# मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करें : के.रवि कुमार



**रांची,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। सुनीता देवी कहती हैं, इस बार के चुनाव में किसी प्रलोभन में न आकर अपने समझ से सही उम्मीदवार को चुनना है। पैसा, शराब या किसी अन्य प्रकार के लुभावन अथवा बहकावे में आकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं करना बल्कि सोच समझकर अपने मत का इस्तेमाल करना है। सुनीता देवी गुमला, सिसई के राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई, चेगरी स्थित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप से जुड़ी हैं। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार इस मतदान केंद्र का जायजा लेने पहुंचे थे।वे जानना चाहते थे कि सुनीता लोगों को नैतिक मतदान के विषय में क्या जानकारी दे रहीं हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन के समय काफी गर्मी रहने वाली है। इसे देखते हुए मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, शेड जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलेंटियर नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ लेवल अवेरनेस ग्रुप भी बनाया गया है। वे आज सिसई के राज्यकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 20 एवं 21, राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई चेगरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 22 एवं 23, बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 एवं बिशुनपुर के राजकीय मध्य विद्यालय कटिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 108 के निरीक्षण के क्रम में बूथ अवेयरनेस ग्रुप, वॉलेंटियर्स एवं बीएलओ से मिलकर उनके निर्वाचन संबंधित जबाबदेहियों से अवगत कराते हुए उनका संवेदीकरण कर रहे थे। बोरांग ग्राम प्रधान दिलेशर उरांव ने बताया कि पहले यहां के लोग बानालात स्थित मतदान केंद्र जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते थे जिस वजह से बूढ़े बुजुर्ग लोग अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जाते थे।

इस बार अपने गांव में मतदान केंद्र बन जाने से हम सब अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे। दिलेशर उरांव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार द्वारा गुमला बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 के निरीक्षण के क्रम में कहा । ज्ञातव्य है कि पहले के निर्वाचनों में नक्सल प्रभावित एवं सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण आस पास के 8 मतदान केंद्रों के मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए बानालात जाया करते थे।

मतदान केंद्र 108 के निरीक्षण के दौरान 87 वर्षीय दिव्यांग भूखली देवी की जानकारी प्राप्त हुई जिनके मतदान के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग कराने संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के समय के बारे में मतदान केंद्र संख्या 22 की बीएलओ ओकिला देवी से पूछा तब उन्होंने बताया कि इस बार सुबह 7 बजे से शाम के 5 बजे तक मतदान रहेगा। पहले 3 बजे ही खत्म हो जाता था।

# अपने 'योद्धाओं' को विजयी बनाने में जुटे हैं दलों के 'दिग्गज'



**पटना,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब कुछ ही समय शेष है, ऐसे में जहां सभी योद्धा (उम्मीदवार) चुनावी मैदान में एक-दूसरे को पछाड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं, वहीं अपने-अपने 'योद्धाओं' को इस चुनावी महाभारत में विजयी बनाने के लिए दिग्गज जुटे हुए हैं।

**तेजस्वी यादव अपने दल में 'सारथी' की भूमिका में आ रहे नजर**

बिहार में इस चुनाव में प्रमुख दलों के मुखिया खुद तो चुनाव मैदान में नहीं उतरे हैं, लेकिन वे अपने प्रत्याशियों को विजयी बनाने में लगे हुए हैं। विपक्षी दलों के महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद अभी तक चुनावी प्रचार में नहीं निकले हैं, लेकिन उनके पुत्र तेजस्वी यादव अपने दल में 'सारथी' की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

तेजस्वी यादव कहीं से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन प्रतिदिन तीन से चार चुनावी जनसभा कर अपने योद्धाओं की जीत सुनिश्चित कराने में लगे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री राबडी देवी भी इस चुनाव में अब तक प्रचार करने नहीं निकली हैं।

ऐसा ही कुछ हाल कांग्रेस में भी है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह हाल ही में राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए हैं, ऐसे में उनके भी चुनाव लड़ने की संभावना नहीं है। लेकिन, कांग्रेस की रणनीति को सरजमीं पर उतारने की जिम्मेवारी उन्हीं पर है। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के हिस्से में भी तीन सीटें आई हैं, लेकिन अब तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई है। वैसे, सूत्र बताते है कि पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगे। ऐसे भी सहनी राजद नेता तेजस्वी के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

इधर, एनडीए में शामिल जनता दल (युनाइटेड) के अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। नीतीश एनडीए के योद्धाओं के समर्थन में जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

जद (यू) के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार भी कहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास पुरुष वाली छवि और उनके काम एनडीए के प्रत्याशियों को जीत दिलाने में निर्णायक बनेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव नहीं लड़ना कोई गलत नहीं है। इससे मुख्य रणनीतिकार को प्रचार के लिए पूरा समय मिलता है। बिहार भाजपा के बड़ा चेहरा माने जाने वाले बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी चुनाव मैदान में उम्मीदवार नहीं हैं। ये लगातार सुबह से शाम तक विभिन्न क्षेत्रों में जाकर एनडीए उम्मीदवारों के लिए वोट मांग रहे हैं। बहरहाल, रणनीतिकार इस चुनाव में अपने-अपने योद्धाओं को विजयी बनाने में लगे हैं, देखना है कि कौन सारथी 'कृष्ण' बन चुनावी महाभारत में विजयी होता है। बिहार में लोकसभा चुनाव के सभी सात चरणों में मतदान होना है। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच माना जा रहा है।

## राजद के पांच पूर्व सांसद फिर से सांसद बनने के लिये करेंगे जोर आजमाइश

पटना। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में पांच भूतपूर्व सांसद एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के टिकट पर सांसद बनने के लिए जोर आजमाइश करेंगे। राजद के टिकट पर इस बार के चुनाव में 23 प्रत्याशी चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमाएंगे। राजद ने इस बार पांच भूतपर्व सांसद पर भरोसा जताते हुए उनपर दांव लगाया है। इनमें बांका संसदीय सीट से जय प्रकाश नारायाण यादव, मधुबनी से मोहम्मद अली अशरफ फातमी, जहानाबाद से सुरेंद्र प्रसाद यादव, उजियारपुर से आलोक कुमार मेहता और सीतामढ़ी से अर्जुन राय शामिल हैं। जय प्रकाश नारायण यादव ने राजद के टिकट पर वर्ष 2004 में मुंगेर और वर्ष 2014 में मोदी लहर में भी बांका लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। यादव संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में केन्द्रीय मंत्री के पद पर भी काबिज हुए हैं। यादव ने वर्ष 1980 में खड़गपुर विधानसभा सीट पर जनता पार्टी सेक्यूलर, वर्ष 1990 और वर्ष 1995 में जनता दल तथा वर्ष 2000 में राजद के टिकट पर भी चुनाव जीता और चौथी बार विधायक भी बने। वह बिहार में मंत्री के पद पर भी आसीन हुए हैं। फातमी ने जनता दल के टिकट पर वर्ष 1991 और 1996 में तथा 1998 और वर्ष 2004 में राजद के टिकट पर दरभंगा से जीत हासिल की है। फातमी केन्द्रीय मंत्री भी रहे। सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने वर्ष 1998 में जहानाबाद संसदीय सीट से जनता दल के टिकट पर चुनाव जीता है। उन्होंने बेलागंज विधानसभा सीट पर 1990, 1995, 2000, 2005, 2010, 2015 और 2020 लगातार सात बार चुनाव जीता है। उजियारपुर से चुनाव लड़ रहे मेहता वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में समस्तीपुर से जीत हासिल की है। उन्होंने वर्ष 2015 और वर्ष 2020 में उजियारपुर विधानसभा चुनाव में राजद के टिकट पर जीत हासिल की है। वह बिहार सरकार में मंत्री भी रहे हैं। सीतामढ़ी संसदीय सीट पर चुनाव लड़ रहे अर्जुन राय वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में इसी सीट पर जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के टिकट पर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे।

जय प्रकाश नारायण यादव, मोहम्मद अली अशरफ फातमी, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, आलोक कुमार मेहता और अर्जन राय एक बार फिर सांसद बनने के लिये चुनावी रणभूमि में अपने-अपने प्रतिद्वंदी से जोर-आजमाइश करेंगे।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 0.67 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.45 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.37 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| सन फार्मा | 4.01 प्रतिशत |
| मारुति | 3.17 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.57 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.40 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.22 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 71,644 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 80800 |
| वायदा | 70,981 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी

**नई दिल्ली**, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने 2023-24 में 18.48 गीगावाट की रिकॉर्ड नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ी है। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई 15.27 गीगावाट क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। नवीन एवं नवीकरणीय मंत्रालय के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले छह साल तक सालाना कम से कम 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की जरूरत है।

**भारत को अगले छह साल में 310 गीगावाट क्षमता जोड़ने की जरूरत**

आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 तक भारत की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 143.64 गीगावाट है। इसमें 47 गीगावाट की बड़ी जलविद्युत क्षमता (प्रत्येक संयंत्र 25 गीगावाट या उससे अधिक) शामिल नहीं है। उन्होंने बताया कि बड़ी पनबिजली परियोजनाओं सहित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता फिलहाल लगभग 190 गीगावाट है। इसलिए भारत को अगले छह साल में 310 गीगावाट या प्रतिवर्ष औसतन 50 गीगावाट क्षमता जोड़ने की जरूरत है।



**मैं अन्य लक्ष्यों की तरह 500 गीगावाट के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य पर भी निर्धारित समय से पहले पहुंच जाऊंगा : आर के सिंह**

केंद्रीय बिजली एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने हाल ही में कहा था कि मैं अन्य लक्ष्यों की तरह 500 गीगावाट के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य पर भी निर्धारित समय से पहले पहुंच जाऊंगा। आप देखिए, नवीकरणीय ऊर्जा की हमारी स्थापित क्षमता लगभग 190 गीगावाट है। 103 गीगावाट निर्माणाधीन है।

## 90 प्रतिशत जीसीसी बना रहे एआई उपयोग की योजना : रिपोर्ट





**नई दिल्ली।** देश में करीब 90 प्रतिशत वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) अगले दो से तीन आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल) और कॉग्निटिव कंप्यूटिंग की क्षमता का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। एएनएसआर की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। भारत में स्थापित नए जीसीसी रणनीतिक रूप से नवाचार को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों क्षमताओं को आगे बढ़ाने पर केंद्रित हैं। ये जीसीसी जनरेटिव एआई (जेनएआई), एआई/एमएल, डेटा एनालिटिक्स और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में क्षमताओं को बढ़ाते हुए प्रतिभा और प्रौद्योगिकी विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तीन-चौथाई से अधिक नए जीसीसी एआई/एमएल, डेटा एनालिटिक्स, रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन और क्लाउड जैसी नवीन तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाते हुए 'उत्कृष्टता केंद्र' के रूप में अपनी भूमिकाओं में महत्वपूर्ण कारोबारी लक्ष्यों को सक्षम करते हैं। कॉर्पोरेट मुख्यालय के विस्तार के रूप में काम करते हुए जीसीसी नई प्रौद्योगिकियों के निर्बाध कार्यान्वयन के लिए 'सैंडबॉक्स' के रूप में काम करते हैं, जहां नवीन विचारों का परीक्षण और परिष्करण किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस माहौल में नई प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन के लिए योजनाओं की व्यवस्थित रूप से कल्पना की जा सकती है, कड़ाई से परीक्षण किया जा सकता है और उन्हें उद्यम के व्यापक रणनीतिक ढांचे में एकीकृत किया जा सकता है।

## चुनावों से प्रभावित हो सकते हैं पूंजीगत व्यय व एफडीआई : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। बैंक ऑफ बड़ौदा के एक अध्ययन से पता चलता है कि सरकार का पूंजीगत व्यय और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) जैसे आर्थिक कारक चुनावी सीजन से प्रभावित हो सकते हैं। पिछले आंकड़ों के विश्लेषण से इसका संकेत मिलता है। मगर अध्ययन में यह भी कहा गया है कि अधिकतर आर्थिक कारकों के लिए खास रुझान का पता लगाना कठिन है।



- **अधिकतर आर्थिक कारकों के लिए खास रुझान का पता लगाना कठिन**

साल 2019 के चुनावी महीनों (अप्रैल-मई) के दौरान वित्त वर्ष 2020 के बजट में 3.3 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय के मद में से केवल 14.1 फीसदी हिस्सा ही उपयोग किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है, 'ये पिछले दो वर्षों में देखी गई हिस्सेदारी से कम था। इससे ये निष्कर्ष भी निकाला जा सकता है कि आगामी चुनावों का सरकार के पूंजीगत व्यय पर असर पड़ सकता है क्योंकि चुनावों के कारण कुछ फैसले टाले जा सकते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि 2024 में यह कैसा रहेगा।'

एफडीआई के मामले में वित्त वर्ष 2020 में कुल एफडीआई 50 अरब डॉलर से अधिक था और अप्रैल-मई 2019 के चुनावों के दौरान इसकी हिस्सेदारी 18.1 फीसदी थी। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा, 'यह हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2019 के साथ-साथ वैश्विक महामारी कोविड-19 के बाद के वर्षों की तुलना में कम थी। इसका मतलब यह हो सकता है कि विदेशी निवेशक फैसला करने से पहले चुनाव की प्रगति और परिणाम का अध्ययन कर रहे होंगे। यह 2024 में भी बरकरार रह सकता है।

## खाद्य तेलों में उबाल, दालें महंगी

**नई दिल्ली**, 14 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में उबाल आ गया तथा दालें भी महंगी



हो गई जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 49 रिंगिट उतरकर 4501 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा दो सेंट की गिरावट के साथ 46.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 146 रुपए, मूंगफली तेल 73 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 220 रुपए और वनस्पति तेल 133 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12380 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20073 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12380 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 10842 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10133 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 200 रुपए, दाल चना 200 रुपए महंगी हो गई।

## उपायुक्त ने अनाज मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**सिरसा,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा जिला के उपायुक्त आर के सिंह ने जिला की सिरसा, रोड़ी, कालांवाली, डबवाली व ओढां अनाज मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सिंह ने फसल खरीद प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी व मंडियों में खरीद के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने अनाज मंडी सिरसा में मार्केट कमेटी कार्यालय में टोकन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली तथा मंडियों में आढ़तियों व किसानों से भी बातचीत की।

**मंडियों में आढ़तियों व किसानों से की बातचीत**



**खरीद प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करें कि किसानों को टोकन लेने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए : आर के सिंह**

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करें कि किसानों को टोकन लेने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए और निर्धारित नमी व तेल की मात्रा के अनुरूप ही सरसों की खरीद की जाए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए, इसके साथ-साथ मंडी में फसल बिक्री के लिए किसानों के समक्ष पेयजल आदि की दिक्कत न आए। इसी प्रकार से बिजली की आपूर्ति भी सही हो ताकि रात के समय समस्या न बने। उन्होंने कहा कि बरसात की संभावना को देखते हुए मंडियों में तिरपाल आदि की व्यवस्था की जाए तथा फसल उठान भी सुचारू रूप से करें ताकि आने वाले दिनों में गेहूं की फसल अधिक आने पर मंडियों में अव्यवस्था न हो।

इसी कड़ी में आढती एसोसिएशन आगे आकर मंडियों में अपने-अपने संस्थानों पर बैनर या सेल्फी प्वाइंट लगवाएं।

## सार संक्षेप

### 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर गोदरेज लॉक्स की नजर

**नई दिल्ली।** ताले और सुरक्षा समाधान प्रदाता कंपनी गोदरेज लॉक्स (तालों समेत) का लक्ष्य तीन साल में बाजार हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक पहुंचाने का है। कंपनी ने कहा है कि इसके लिए वह सस्ते उत्पाद की नई श्रृंखला लाएगी और मौजूदा उत्पादों की कीमतों में कटौती करेगी। गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल सिस्टम्स के कारोबार प्रमुख श्याम मोटवानी ने कहा कि कंपनी के नए उत्पाद मौजूदा तालों की तुलना में 50 प्रतिशत से ज्यादा सस्ते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा तालों को भी सात-आठ प्रतिशत तक सस्ता बनाने का प्रयास किया गया है। मोटवानी ने कहा कि कंपनी लगभग तीन साल में बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए मौजूदा तालों के दाम घटाएगी और कम कीमत वाले नए उत्पाद पेश करेगी। मोटवानी ने कहा कि हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक करने का है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 548.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 571.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.2 अरब डॉलर बढ़कर 54.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### डब्ल्यूटीआई कैब्स की एक हजार ईवी जोड़ने की योजना

**नई दिल्ली।** बी2बी परिवहन समाधान प्रदाता वाइज ट्रैवल इंडिया लिमिटेड (डब्ल्यूटीआई कैब्स) इस साल अपने बेड़े में 1,000 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) जोड़ेगी। कंपनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अशोक वशिष्ठ ने यह जानकारी दी है। कंपनी हरित परिवहन अभियान के तहत यह कदम उठाने जा रही है। कंपनी देश के दूसरी श्रेणी के शहरों मसलन चंडीगढ़, जयपुर, कोयंबटूर और इंदौर में विस्तार कर रही है। इसके अलावा कंपनी का इरादा सऊदी अरब और सुदूर-पूर्व के देशों के जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उपस्थिति दर्ज कराने का है। वशिष्ठ ने कहा कि इस साल हमारा मुख्य लक्ष्य हरित पर है। हम अपने बेड़े में ऐसे वाहनों को शामिल कर रहे हैं जो बिजलीचालित और बायो-सीएनजी हैं। हमारे पास पहले से 300 इलेक्ट्रिक कार हैं। इस साल हम अपने बेड़े में एक हजार से अधिक इलेक्ट्रिक कार और बस शामिल करने जा रहे हैं।

# तिमाही नतीजों व राजनीतिक हालात पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से बीते सप्ताह 75 हजार अंक के शिखर से फिसले शेयर बाजार की अगले सप्ताह कंपनियों के समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के नतीजे और भू-राजनीतिक हालात पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3.32 अंक फिसलकर सप्ताहांत पर 74244.90 अंक जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.7 अंक बढ़कर 22519.40 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 78.49 अंक चढ़कर सप्ताहांत पर 40909.03 अंक जबकि स्मॉलकैप 160.64 गिरकर 45872.07 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में अपेक्षा से अधिक महंगाई, सकारात्मक रोजगार और विनिर्माण आंकड़ों के कारण जून में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती की निवेशकों की उम्मीद धराशायी हो गई। इसके अलावा आपूर्ति संबंधी चिंताओं के साथ-साथ मध्य पश्चिम में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ला दिया है, जिससे समग्र बाजार धारणा प्रभावित हुई। इस बीच भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, केंद्रीय बैंक की बढ़ती खरीद और सुरक्षित मांग में वृद्धि के कारण सोने की कीमतों में तेजी देखी गई। इसके विपरीत यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के निकट अवधि में संभावित दर में कटौती के संकेत से बीते सप्ताह यूरोपीय बाजारों ने मजबूत प्रदर्शन किया। घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के कमजोर परिणाम की संभावना और मिडकैप एवं स्मॉलकैप शेयरों के प्रीमियम मूल्यांकन को देखते हुए एफआईआई सावधानी बरत रहे हैं।



- **बीते सप्ताह सेंसेक्स 3.32 अंक फिसलकर 74244.90 पर रहा**
- **निफ्टी 5.7 अंक बढ़कर 22519.40 पर बंद हुआ**

आईटी क्षेत्र में खर्च में मंदी और अमेरिकी नीतिगत दरों की अनिश्चितताओं के बीच चौथी तिमाही की कमजोर आय के कारण समेकन जारी है। बैंकिंग क्षेत्र की धीमी ऋण वृद्धि और दीर्घकालिक औसत से अधिक मूल्यांकन होने के कारण बैंकिंग खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में मुनाफावसूली स्पष्ट है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई निकट अवधि में मुद्रास्फीति में मामूली वृद्धि की ओर इशारा कर रहे हैं। निवेश सलाह देने वाला कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायद ने बताया कि निवेशक अगले सप्ताह बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक कंपनियों की चौथी तिमाही के नतीजे और भू-राजनीतिक घटनाओं पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हालांकि स्थिर आय दृष्टिकोण और मूल्यांकन को देखते हुए बढ़ी हुई अस्थिरता के बीच लार्जकैप शेयरों को एक सुरक्षित दाव के रूप में देखा जा रहा है।

बीते सप्ताह गुरुवार को ईद-उल-फितर पर अवकाश रहने से बाजार में चार दिन कारोबार हुआ। दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजे मजबूत रहने की उम्मीद में ऑटो, तेल एवं गैस, ऊर्जा, सीडी, धातु और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 494.28 अंक की छलांग लगाकर 74,742.50 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। साथ ही निफ्टी 152.60 अंक की तेजी के साथ 22,666.30 अंक के शिखर पर पहुंच गया।

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत महज चौबीस सत्रों में 75 हजारी हुआ सेंसेक्स मंगलवार दोपहर बाद टाइटन, रिलायंस, टीसीएस, एलटी, टाटा मोटर्स, एनटीपीसी और एसबीआई समेत अठारह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में शिखर से फिसल गया। सेंसेक्स 58.80 अंक फिसलकर 74,683.70 अंक और निफ्टी 23.55 अंक उतरकर 22,642.75 अंक पर बंद हुआ।

## तमिलनाडु 'ईवी राजधानी' बनने की दौड़ में आगे

**नई दिल्ली**, 14 अप्रैल (एजेंसियां)।तमिलनाडु, इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला इंक को अपने राज्य में लाने के लिए उत्सुक है। तमिलनाडु के उद्योग मंत्री, टी.आर.बी. राजा, ने कहा है कि उनका राज्य इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माण के अवसरों के लिए वैश्विक कार कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत करेगा। उन्होंने तमिलनाडु को भारत का डेट्रॉइट बताया, जो मजबूत ऑटोमोटिव उद्योग के लिए जाना जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में देश की सबसे अच्छी इलेक्ट्रिक वाहन नीतियां और ईकोसिस्टम है। तमिलनाडु का मजबूत विनिर्माण बुनियादी ढांचा और सप्लाई चेन, जो पहले से ही निसान, रेनॉल्ट, हुंडई और बीएमडब्ल्यू जैसी कंपनियों का समर्थन करती है, टेस्ला के लिए फायदेमंद हो सकता है। अन्य भारतीय राज्य भी टेस्ला का ध्यान आकर्षित करने की होड़ में हैं। टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्लांट स्थापित करने की संभावना पर विचार कर रही है। भारत ग्रीनहाउस गैसों का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है। वे 2070 तक अपनी इकॉनमी को नेट जीरो कार्बन न्युट्रेलिटी प्राप्त करने की तरफ ले जाना चाहते हैं। अपनी विशाल आबादी के साथ, भारत टेस्ला के लिए एक आकर्षक बाजार है। चीन और अमेरिका में ईवी की मांग में धीमी गति के बीच, भारत टेस्ला के लिए एक नया अवसर प्रदान करता है।





## अमेजॉन फ्रेश ने मैंगो स्टोर लॉन्च किया

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मियों के आगमन के साथ ही ताजे और रसीले आमों का आनंद लेने जैसा कोई आनंद नहीं होता है। फलों के राजा के मौसम के साथ, अमेजॉन फ्रेश ने मैंगो स्टोर लॉन्च किया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले फल आपके दरवाजे पर पहुंचाए जाएं। पोषक तत्वों से भरपूर सफेदा से लेकर स्वादिष्ट बादामी, शहद जैसे सिंधुरा और गूदेदार तोतापरी तक, ग्राहक अमेजॉन फ्रेश पर उपलब्ध 20 से अधिक किस्मों के आमों का आनंद ले सकते हैं। फलों की गुणवत्ता, स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, सभी आम कार्बाइड मुक्त होते हैं, सुरक्षित रूप से पकाए जाते हैं, और ग्राहकों तक पहुंचने से पहले उन्हें 4-चरणीय कठोर गुणवत्ता जांच प्रक्रिया से भी गुजरना पड़ता है।

इसके अलावा, ग्राहक 1 से 4 अप्रैल तक हमारे मैंगो स्टोर पर आईसीआईसीआई डेबिट और क्रेडिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर 10 प्रतिशत तक की तत्काल छूट, अन्य प्रमुख क्रेडिट/डेबिट कार्डों से रोमांचक डील्स* के साथ शानदार डील्स और ऑफर का आनंद ले सकते हैं। बैंगलुरू, दिल्ली, फरीदाबाद, गुड़गांव, गाजियाबाद, नोएडा, अहमदाबाद, मैसूर, जयपुर, मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, कोलकाता, इंदौर और चंडीगढ़ जैसे 60 से अधिक शहरों में रहने वाले ग्राहक उच्च गुणवत्ता वाले ताजे आमों का आनंद ले सकते हैं और इसे दो से तीन घंटे के डिलीवरी स्लॉट में प्राप्त कर सकते हैं, जो सुबह 6 बजे से मध्यरात्रि तक उपलब्ध है। अमेजॉन फ्रेश के निदेशक श्रीकांत श्री राम ने कहा, 'आम का स्वाद लेना कई लोगों के लिए गर्मियों का एक पसंदीदा अनुष्ठान है, और हम अमेजॉन फ्रेश पर मौसमी मैंगो स्टोर लॉन्च करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

## 2014 से 2024 तक के आंकड़े दर्शाते हैं भारत की युगांतकारी यात्रा

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पिछले कुछ दशकों में देश की विकास गति को लेकर केंद्र और विपक्ष के बीच विवाद हो सकता है, लेकिन इस तथ्य को नकारा नहीं किया जा सकता कि 2014 से 2024 तक मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण तेजी आई है। पिछले दस वर्षों में अर्थव्यवस्था न केवल दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गई है, बल्कि अगले कुछ वर्षों में शीर्ष तीन में शामिल होने की उम्मीद है। आर्थिक संकेतकों ने उल्लेखनीय उछाल दिखाया है, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि और निर्यात में मजबूत वृद्धि देखी गई है, जबकि विदेशी मुद्रा भंडार और एफडीआई में भी पिछले दस वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

विपक्षी दल हालांकि संख्या को लेकर असहमत हैं और सरकार समर्थक विमर्श बनाने के लिए सत्तारूढ़ दल द्वारा आंकड़ों की बाजीगरी का आरोप लगाते हैं। हालांकि, 2014 से 2024 तक के 'विकास आंकड़ों' के विश्लेषण से पता चलता है कि मोदी सरकार के तहत पिछले दस वर्षों में अर्थव्यवस्था ने कैसे प्रगति की।



- **सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि व निर्यात में मजबूत बढ़ोतरी देखी गई**
- **2014 की चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 4.6 फीसदी रही**
- **2024 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 8.4 फीसदी हो गई**

### 2014 और 2024 के बीच वृद्धि का ये है डेटा

2014 की चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 4.6 फीसदी रही, जो 2024 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 8.4 फीसदी हो गई। वित्तवर्ष 2014 में निर्यात 466 अरब डॉलर था जो वित्तवर्ष 2023 में बढ़कर 776 अरब डॉलर हो गया।

वित्तवर्ष 2014 में विदेशी मुद्रा भंडार और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) क्रमशः 303 अरब डॉलर और 36 अरब डॉलर था। दोनों नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए और 10 वर्षों में दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर क्रमशः 645 अरब डॉलर और 83.5 अरब डॉलर हो गए। पिछले दस वर्षों में मुद्रास्फीति और चालू खाता घाटा, अन्य महत्वपूर्ण संकेतक क्रमशः 8.7 फीसदी और 5.1 फीसदी से घटकर 4.8 फीसदी और 1.2 फीसदी हो गए हैं।

# खेल जगत

## नेपाल के दीपेंद्र ने एक ओवर में छह छक्के लगाकर रचा इतिहास

**अल अमेरात।** नेपाल के हरफनमौला खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ऐरी टी-20 में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। नेपाल के 24 वर्षीय ऑलराउंडर ने अल अमेरात में कतर के खिलाफ एसीसी पुरुष टी20 प्रीमियर कप मुकाबले में एक ओवर में छह छक्के लगाए। युवराज सिंह और कीरोन पोलार्ड के बाद एरी टी20 में यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। युवराज आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2007 में स्टुअर्ट ब्रॉड की गेंद पर ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी थे। पोलार्ड ने 2021 में कूलिज में अकिला धनंजय पर छह छक्के लगाकर उनके रिकार्ड की बराबरी कर ली थी। वनडे में, हर्शल गिब्स नीदरलैंड के खिलाफ 2007 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप मैच के दौरान एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी थे।



### आईपीएल 2024 : कोलकाता नाइट राइडर्स ने पांच मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की

# साल्ट की तूफानी पारी से कोलकाता 8 विकेट से जीता

**कोलकाता,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। फिल सॉल्ट नाबाद(89) और कप्तान श्रेयस अय्यर की नाबाद(38) रनों की आतिशी पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 28वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ विकेट से हरा दिया है। 162 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण (6) और उसके बाद अंगकृष रघुवंशी (7) के विकेट गवां कर संकट में फंस गई थी। ऐसे समय में श्रेयस अय्यर ने फिल सॉल्ट के तीसरे विकेट लिये अविजित 120 रनों की साझेदारी करते हुए टीम को आठ विकेट से जीत दिला दी। फिल सॉल्ट ने 47 गेंदों में 14 चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रन बनाये। वहीं श्रेयस अय्यर ने 38 गेंदों में छह चौकों की मदद से नाबाद 38 रन बनाते हुए धैर्यपूर्ण पारी खेली। कोलकाता ने 15.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीता। लखनऊ की ओर से केवल मोहसिन खान एकमात्र कामयाब गेंदबाज रहे उन्होंने दो बल्लेबाजों को आउट किया। कोलकाता की पांच मैचों में यह चौथी जीत है और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। इससे पहले निकोलस पूरन (45) और कप्तान के एल राहुल (39) रनों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने नाइट राइडर्स को जीत के लिए 162रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां ईडन गार्डंस में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (10) का विकेट गवां दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में दीपक हुड्डा (4) भी पवेलियन लौट गये। उन्हें स्टार्क ने रमनदीप के हाथों कैच आउट कराया। संभल कर बल्लेबाजी कर रहे राहुल भी 11वें ओवर में सुनील नारायण का शिकार बन गये। राहुल ने 27 गेंदों में तीन चौके और दो छक्को की मदद से (39) रनों की पारी खेली। आयुष बदोनी ने दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (29) बनाये। मार्कस स्टॉयनिस (10) रन बनाकर आउट हुये। निकोलस पूरन ने टीम के लिए 32 गेंदों में दो चौकों और चार छक्कों की मदद से सर्वाधिक 45 रन बनाये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने आउट किया। अरशद खान पांच रन बनाकर आउट हुये। क्रुणाल पंड्या सात रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 161 रन का स्कोर खड़ा किया था। कोलकाता की ओर से मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिये।

**साल्ट**
**नाबाद 89 रन**
**गेंद : 47**
**चौके : 14**
**छक्के : 3**



**आईपीएल 2024**

**कोलकाता ने 15.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाएं**

# आज दूसरी जीत की तलाश में उतरेगा बेंगलुरु

**बेंगलुरु,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 30वें मैच में सोमवार को रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु इस सत्र में हैदराबाद सनराइजर्स को हराकर अपनी दूसरी जीत हासिल करने के लिए मैदान में उतरेगा।

सितारों से सजी बेंगलुरु की टीम को इस सत्र की अपनी दूसरी जीत के लिए विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक के बल्लेबाजी में कमाल के साथ उसके गेंदबाजों को भी अपनी धारा दिखानी होगी। दोनों टीमों के बीच कुल 23 खेले गये मुकाबलों में से 10 में रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु ने जीते है वहीं हैदराबाद सनराइजर्स ने 12 मैचों में जीत मिली है। एक मैच टाई रहा। इस हिसाब से हैदराबाद का पलड़ा भारी लगा रहा है और उसके बल्लेबाज भी आईपीएल के इस सत्र में फार्म में है। आंकड़े बताते हुए पिछले मैच में कप्तान फाफ डुप्लेसी (61), रजत पाटीदार (50) दिनेश कार्तिक (53) रनों की पारी के दम पर बेंगलुरु ने 196 रनों बड़ा स्कोर तो खड़ा किया लेकिन उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव नहीं कर पाये और मुम्बई इंडियंस से मुकाबला सात विकेट से हार गये। इससे पहले छह अप्रैल को भी विराट कोहली की शतकीय और फाफ डुप्लेसी की शानदार पारियों के दम खड़े किये गये 183 रनों स्कोर का उसके गेंदबाज बचाव नहीं कर सके और टीम राजस्थान से छह विकेट से यह मुकाबला ही हार गई। वहीं बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ खेले गये मुकाबले में भी विराट कोहली की नाबाद 83 रनों की पारी के दम पर टीम ने 182 का स्कोर खड़ा किया। यह मुकाबला भी यह सात विकेट से हार गये। आरसीबी को एक मात्र जीत लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स के साथ खेले गये मैच में हासिल हुई। इस मैच में विराट कोहली ने 77 रनों की पारी खेलते हुए लक्ष्य का आसान बना दिया और उसके बाद दिनेश कार्तिक ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य हासिल कर अपनी टीम को पहली जीत दिलायी थी। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मुकाबले में पंजाब किंग्स को दो रनों से हराया था।



### कमिंस की शानदार गेंदबाजी

इस आईपीएल सीज़न में ऑस्ट्रेलियाई तेज़ गेंदबाजों का प्रदर्शन काफी खराब रहा है। पैट कमिंस के अलावा किसी भी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाख ने पांच विकेट भी नहीं लिए हैं। साथ ही कमिंस के अलावा हर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने नौ से ज़्यादा की इकॉनमी से गेंदबाजी की है।

### कोहली के खाते में जुड़ सकता है एक और कीर्तिमान

अगर कोहली में 118 रन और बना लेते हैं तो वह आईपीएल में किसी एक मैदान पर 3000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। आईपीएल में हैदराबाद के ख़िलाफ़ कोहली का स्ट्राइक रेट (लगभग 140) सबसे ज़्यादा है।

# 7-10 दिनों तक एक्शन से बाहर धवन

**मुल्लांपुर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 7 या 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं। पीबीकेएस के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने इसकी पुष्टि की है।

अगर धवन एक हफ्ते के लिए बेंच पर बैठते हैं तो वह आईपीएल 2024 के दो पीबीकेएस घरेलू मैच, मुंबई इंडियंस के खिलाफ (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटंस (21 अप्रैल) से चूक सकते हैं।

संजय बांगर ने कहा कि कंधे में चोट के कारण धवन टीम से बाहर हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि उसके कुछ दिनों के लिए खेल से बाहर रहने की संभावना है। एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज, शिखर जैसा कोई, जिसके पास खेलने का अनुभव है ऐसे विकेट पर टीम के लिए बेहद अहम हो जाता है। धवन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ पीबीकेएस के शनिवार रात के मैच में भी नहीं खेल पाए। सैम करन ने उनकी जगह टीम की कप्तानी संभाली।

बांगड़ ने किंग्स की तीन विकेट से हार के बाद कहा कि हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि वह उपचार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देता है, लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि वह कम से कम सात से 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकता है। धवन की अनुपस्थिति में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पंजाब की टीम की कमान सैम करन के पास थी। जब करन टॉस करने आए तो यह थोड़ा सा चौंकाने वाला फ़ैसला लगा था, क्योंकि जितेश शर्मा ने सीज़न की शुरुआत से पहले चेन्नई में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था। इस संदर्भ में सवाल पूछे जाने पर संजय ने कहा कि नहीं.. नहीं..वह (जितेश) उप-कप्तान नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल की शुरुआत में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था। इसी कारण से लोग उन्हें टीम का उपकप्तान मानने लगे थे। सैम ने पिछले वर्ष भी टीम का नेतृत्व किया था। लेकिन इस सीज़न उन्हें भारत आने में देरी हो गई थी। इसी वजह से हम उन्हें चेन्नई नहीं भेज सके और उनकी जगह पर जितेश को भेजा गया। ऐसा नहीं था कि जितेश कार्यवाहक कप्तान थे। हम बहुत स्पष्ट थे कि अगर ज़रूरत पड़ी तो सैम करन कप्तानी करेंगे।



> कंधे में चोट के कारण धवन टीम से बाहर हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि उसके कुछ दिनों के लिए खेल से बाहर रहने की संभावना है : संजय बांगर

# सर्वेश कुशारे ने कैलिफोर्निया में जीता ऊंची कूद का खिताब

**कैलिफोर्निया,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीज़न की शानदार शुरुआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। इस प्रतियोगिता में अमेरिका के एजे मैक्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया, जिन्होंने 2.03 मीटर की ऊंची कूद दर्ज की। टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निशाद कुमार ने भी इस स्पर्धा में 1.98 मीटर की छलांग के साथ कॉम कॉटन, स्काई सिसकारेली और ओवेन पेनिंगटन के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे। वहीं पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा के ग्रुप बी में किसी भी एथलीट ने दो मीटर से ऊंची कूद नहीं लगाई। ऊंची कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर को भी इसमें शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने इस इवेंट में हिस्सा नहीं लिया। पुरुषों की 1500 मीटर में, परवेज खान 3:38.76 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 12वें स्थान पर रहे, जिससे वह इस स्पर्धा के इतिहास में चौथे सबसे तेज भारतीय बन गए। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 3:40.89 था। 1500 मीटर रेस को अमेरिका के कॉलिन साहलमैन ने 3:33.96 के समय के साथ जीती। नाथन ग्रीन 3:34.79 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि क्रेग एंगेल्स ने 3:35.46 समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।

> प्रतियोगिता में अमेरिका के एजे मैक्ग्लोपिलन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे



## सार संक्षेप

### फायरफॉक्स रोड टू हिमालय रेस शिमला में संपन्न

**शिमला।** फायरफॉक्स रोड टू हिमालय, शिमला चैप्टर का समापन शिमला के साइकिल चालकों - रुबेन पंजेटा, आकाश शेरपा और दिविजा सूद के शीर्ष सम्मान प्राप्त करने के साथ हुआ। बारिश के कारण शुरुआत में देरी हुई लेकिन युवा सवारों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। पहली फायरफॉक्स रोड टू हिमालय रेस रविवार को शिमला में आयोजित की गई। यह भारत के विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाली 10 ऐसी दौड़ों की श्रृंखला में पहली थी। इन दौड़ों का उद्देश्य पूरे भारत में शीर्ष प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें 10 से 12 मई के बीच आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित फ़ायरफ़ॉक्स एमटीबी शिमला 2024 में मौका देना है। दौड़ मशोबरा में डाक बंगला रिट्रीट से शुरू हुई और क्षेत्र की पगडंडियों और पिछली सड़कों से होकर गुजरी। जीप सड़कों, सिंगलट्रैक, वन पथों के माध्यम से कुल 21 किलोमीटर की दूरी तय की गई - इसमें लगभग 500 मीटर ऊर्ध्वाधर चढ़ाई और 600 मीटर उतरना शामिल था। मार्ग इस प्रकार था। डाक बंगला रिट्रीट - मशोबरा, सीपुर, कांडा, घोरना, निहारी - डाक बंगला दौड़ तीन श्रेणियों में आयोजित की गई और नीचे दिए गए सवारों ने शीर्ष सम्मान प्राप्त किया।

### अक्षय राउंड 3 के अंत में फिसले, शेफ़लर ऑगस्टा में एकल बढ़त पर

**ऑगस्टा।** भारतीय अमेरिकी अक्षय भाटिया को 16-17 पर दो होल के मामले में तीन शॉट का नुकसान उठाना पड़ा और इसके साथ ही उन्होंने एक साल पहले साहिथ थीगाला की तरह शीर्ष -10 में जगह बनाने का मौका खो दिया। भाटिया (72-75-72) पहले से ही पीजीए टूर पर दो बार विजेता, 5-ओवर और संयुक्त-28 थे , जबकि एक अन्य भारतीय अमेरिकी साहिथ थीगाला ने लगातार तीसरा 74 का शॉट लगाकर 6-ओवर और संयुक्त-36वां स्थान प्राप्त किया।

# लंबे अंतराल के बाद सूर्यकुमार की बल्लेबाजी से हैरान हैं ब्रायन लारा

**नई दिल्ली,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। कट्टर प्रतिद्वंद्वी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस (एमआई) रविवार शाम को आईपीएल 2024 एल क्लासिको में आमने-सामने होंगे, ऐसे में वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा ने एमआई बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की प्रशंसा की जिन्होंने चोट के बाद वापसी करते हुए शानदार बल्लेबाजी की। यादव और सीएसके के स्पिनर रवींद्र जड़ेजा के बीच आसन्न मुकाबले पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा करते हुए लारा ने सबसे पहले चेन्नई के स्पिनर की उनके असाधारण कौशल के लिए सराहना की, यह देखते हुए कि वह ज्यादातर मुकाबलों में धीमी गेंदों पर भरोसा करेंगे। स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर बोलते हुए, वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि हां, यह एक लड़ाई है, लेकिन आप जानते हैं, ठीक है, ये कुछ आंकड़े हैं जिन्हें आप निकाल सकते हैं। मेरा मतलब है, वह समय था जब वह असफल हो सकते थे, लेकिन यह लड़का शानदार फॉर्म में है और मेरा मतलब है, अगर वह इसके आगे झुकना चाहता है और कहता है, ठीक है, मैं बाद में आपके खिलाफ दोबारा मैच लड़ूंगा । उन्होंने कहा कि लेकिन मेरा मानना है कि वह जिस आत्मविश्वास में है, चाहे वह बाएं हाथ की स्पिन हो या बाएं हाथ की गति, जो भी आप इसे कहते हैं, मुझे लगता है कि वह ज्यादातर लड़ाइयों के लिए धीमी गेंदों को छोड़ देगा। और जब आपको वास्तव में गेंद पर गति डालनी होती है , यह हमेशा कठिन होता है। आपको गेंद पर गति पसंद है जहां आप इसे अलग-अलग दिशाओं में तराश सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वेस्ट इंडीज ने सूर्यकुमार से एक दिलचस्प लड़ाई की उम्मीद पर जोर दिया, जिसका अर्थ है कि यह करीब से देखने लायक होगा। टखने की चोट और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के कारण लंबी छुट्टी के बाद एमआई के लिए पहले तीन मैचों से चूकने के बाद, सूर्यकुमार दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए मुंबई टीम में शामिल हुए, लेकिन शून्य पर आउट हो गए। लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अगले मुकाबले में बल्लेबाज शीर्ष फॉर्म में लौट आया और 19 गेंदों में 52 रन बनाकर एमआई के लिए संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक बनाया।



## 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों के मुख्य ग्राफिक्स, रंग प्रणाली और खेल चिह्न जारी

**बीजिंग,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। वर्ष 2025 में हार्बिन में 9वें एशियाई शीतकालीन खेलों के लिए 300 दिन की उलटी गिनती थीम कार्यक्रम का आयोजन 13 अप्रैल की रात को हार्बिन ग्रैंड थिएटर में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में एशियाई शीतकालीन खेलों के मुख्य ग्राफिक्स, रंग प्रणाली और खेल चिह्न जारी किए गए। नवें एशियाई शीतकालीन खेलों का मुख्य ग्राफिक्स रेइफ़ंग है, जो शुभ हिमपात अच्छी फसल का संकेत देता है, इस पुरानी चीनी कहावत से आया है। बर्फ न केवल हार्बिन का बिजनेस कार्ड है, बल्कि इस शहर के विकास की आधारशिला भी है। मुख्य ग्राफिक्स शहरी तत्वों जैसे हार्बिन ग्रैंड थिएटर, स्नोफ्लेक्स और बर्फ के फूलों से सुसज्जित हैं। यह बर्फ के शहर, संगीत के शहर और ओलंपिक चैंपियंस के शहर की रोमांटिक विशेषताओं और जीवंत विकास गति को दर्शाता है।

## मैनचेस्टर सिटी के ट्रॉफी की दौड़ में शामिल होने पर खुश हैं गार्डियोला

**मैनचेस्टर,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। मैनचेस्टर सिटी के बॉस पेप गार्डियोला ने सीजन के अंत तक ट्रॉफी की दौड़ में बने रहने के लिए आभार व्यक्त किया और हर चुनौती को लंबे समय तक बढ़ाने की महत्वाकांक्षा पर जोर दिया। चैंपियंस लीग में रियल मैड्रिड और शनिवार को एफए कप सेमीफाइनल में चेल्सी के साथ, सिटी के लिए बड़े मैच आते रहेंगे और गार्डियोला ने कहा कि सिटी को तीन प्रतियोगिताओं में पहले तीन मैचों के बाद ट्रॉफी की दौड़ में रहने का आनंद लेना होगा। पेप गार्डियोला ने कहा कि हमने खिलाड़ियों से बात की कि यहां दोबारा आना कितना अविश्वसनीय है। खेल से पहले हमने बात की और कहा हमें इसे स्वीकार करना होगा, यह कितने सौभाग्य की बात है। हमने खिलाड़ियों से इस बारे में बात की और उन्हें एहसास दिलाया कि यहां तक एक बार फिर पहुंचना कितना खास है। शनिवार की रात की जीत ने सिटी को आर्सेनल और लिवरपूल से ऊपर कर दिया।

# लीग विनर्स बनने के लिए मुम्बई सिटी और मोहन बागान सुपर जायंट में होगी वर्चस्व की जंग

**कोलकाता,** 14 अप्रैल (एजेंसियां)। मोहन बागान सुपर जायंट और मुम्बई सिटी एफसी के बीच सोमवार को शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) यहां साल्ट लेक स्टेडियम में वर्चस्व की जंग होगी, जो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 का लीग विनर तय करेगी।

आइलैंडर्स ने अपने पिछले सभी पांच गेम जीते और 21 मैचों में 47 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर हैं। उनके ठीक पीछे मोहन बागान सुपर जायंट हैं, जिनके 21 मैचों में 45 अंक हैं। यहां जीत से मैरिनर्स के 48 अंक हो जाएंगे और वें आइलैंडर्स को पछाड़कर लीग विनर बन जाएंगे। मैरिनर्स की हार से आइलैंडर्स पांच अंकों के अंतर से लीग विनर शील्ड उठा लेंगे। यहां तक कि एंटोनियो लोपेज हाबास के मैरिनर्स के लिए स्टैंडिंग में ड्रा खेलना भी हार के समान होगा। लीग की स्थिति फिलहाल आईएसएल 2020-21 जैसी ही है। उस समय भी, लीग शील्ड के लिए लड़ाई लीग दौर के अंतिम दिन तक चली थी, जिसमें अपने तत्कालीन कोच सर्जियो लोबेरा की देखरेख में मुम्बई सिटी एफसी ने मौर्टाडा फॉल और बार्थोलोम्यू ओग्बेचे के पहले हाफ के गोलों के दम पर हबास के मैरिनर्स को 2-0 से हराया था। क्या मुम्बई सिटी एफसी इस साल वो कारनामा दोहराएगी, या हबास अपना बदला लेंगे?



### क्या है दांव पर ?

#### मोहन बागान सुपर जायंट

मोहन बागान सुपर जायंट का प्रदर्शन आक्रमण के साथ डिफेंस में भी काफी अच्छा रहा है। मैरिनर्स ने अपने पिछले दो मैचों में क्लीन शीट रखी है। उन्होंने अपने पिछले पांच घरेलू मैचों में से प्रत्येक में गोल दागे हैं। मोहन बागान सुपर जायंट (501) मौजूदा सीजन में विपक्षी बॉक्स में 500 प्लस टच लेने वाली दो टीमों में से एक है (एफसी गोवा - 591)। दो टच लेते ही मुम्बई सिटी एफसी (498) इस आंकड़े को छूने वाली तीसरी टीम बन जाएगी। उपरोक्त तथ्य से स्पष्ट हैं कि यहां बराबरी का मुकाबला होने वाला है, जिसमें भरपूर आक्रामक अंदाज और रक्षात्मक अनुशासन दिखना तय है।

#### मुम्बई सिटी एफसी

मुम्बई सिटी एफसी मैरिनर्स के खिलाफ अपने पिछले आठ मैचों में अपराजित रही है, इन मुकाबलों में उन्होंने छह जीते हैं और दो ड्रा खेले हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि आइलैंडर्स ने मोहन बागान सुपर जायंट की आक्रामकता पर नकेल कस रखी है। उदाहरण के लिए, मुम्बई सिटी एफसी ने अपने पिछले पांच अवे मैचों में चार क्लीन शीट रखी हैं। मोहन बागान सुपर जायंट के पास लिस्टन कोलासो और मनवीर सिंह जैसे तेज-तर्रार विंगर हैं, जो दोनों छोरों से अपने क्रॉस के साथ घातक हो सकते हैं। हालांकि, आइलैंडर्स ने इस सीजन में केवल एक बार क्रॉस से गोल खाया है, जो सभी टीमों में सबसे कम है।